जबलपुर
सोमवार, 22 सितंबर 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






| पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम |
|---|---|---|
| ₹79 826* से शुरू | ₹6 237 | ₹73 589* से शुरू |

डाउन पेमेंट ₹1 999^ से शुरू

प्रतिदिन की EMI ₹69^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

5 crore+ HAPPY CUSTOMERS

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife जीतने का मौका 100% कैशबैक | सोने का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354l. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

**अधिकृत डीलरः** जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः वद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, **एसोशिएट डीलरः** पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, बारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392 , जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरीः श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुरः बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहराः अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़ः अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौरः मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वासः ओम मोटर्स, 9009066959, मझौलीः न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पालीः श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठीः प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वाराः शिवम मोटर्स, 7509839990, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

RS/Hero/09/25



Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
"इरादे बड़े हों
तो कुछ भी नामुमकिन नहीं"
नई HF-Deluxe Pro
एच एफ डीलक्स - नए इंडियन की डीलक्स बाइक
सेगमेंट में पहला* LED हेडलैंप
सेगमेंट में पहला* डिजिटल कंसोल
नए ग्राफिक्स
बेहतरीन माइलेज
SCAN TO KNOW MORE
पुराना एक्स-शोरूम शुरुआती कीमत ₹62 938#
GST लाभ ₹4 918^
नया एक्स-शोरूम शुरुआती कीमत ₹58 020#
डाउन पेमेंट @ ₹999$ से शुरू
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife
Stand a chance to win 100% Cashback | 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*
Also available on Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. 'Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply.^As per cumulative sales numbers till August 2025 #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Bhopal.
TOLL FREE
1800 266 0018
VML.5840.2025HIN

जबलपुर
सोमवार, 22 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-1
वर्ष : 20, अंक : 146
पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 32
न्यून. 23

नवरात्र की मंगलकामनाएं

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

*आज से शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि शुरू हो जाएगा। 'हरिभूमि' हर वर्ष की तरह अपने पाठकों को चार प्रमुख देवी धामों की जानकारी उपलब्ध करवा रहा है कि इन देवी धामों में इस बार कैसी हैं तैयारियां?*

**कलश स्थापना शुभ मुहूर्त**

| | |
|---|---|
| अमृत-सर्वोत्तम मुहूर्त | सुबह में 06:09 से सुबह 07:40 बजे तक |
| शुभ-उत्तम मुहूर्त | सुबह 09:11 से सुबह 10:43 बजे तक |
| कलश स्थापना अभिजीत मुहूर्त | 11:49 से दोपहर 12:38 बजे तक |

**प्रथम दिवसः मां शैलपुत्री**



वन्दे वांछित लाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम् ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनीम ॥

**1 दतिया की मां पीतांबरा पीठ**

## नवरात्रि के पहले दिन करीब 50 हजार भक्त टेकेंगे माथा



**100 कमरे साधकों के लिए खोले गए**

**दतिया।** प्रसिद्ध तांत्रिक शक्तिपीठ मां पीतांबरा मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार से आरंभ हो रहे इस पावन पर्व पर दतिया का माहौल देवी भक्ति और आस्था से सराबोर होगा। मंदिर के चारों मुख्य द्वार आकर्षक सजावट के साथ भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे।

**2 नलखेड़ा की मां बगलामुखी**

## 57 वर्षों से जल रही अखंड ज्योत पहले दिन आएंगे करीब 1 लाख भक्त



**विदेशों तक के भक्त कराते हैं हवन-अनुष्ठान**

**लखेड़ा।** आगर जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूरी पर नलखेड़ा नगर में पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी के नाम से स्थित है। पांडव कालीन यह मंदिर है, जहां पर त्रिशक्ति के रूप में मां विराजित है। मध्य में मां बगलामुखी,दाएं मां लक्ष्मी तथा बाए मां सरस्वती विराजित हैं।

**3 सलकनपुर की मां विजयासन देवी**

## एनआरआई भक्त भी जलवाते हैं ज्योत, उमड़ेगा भक्तों का सैलाब



**200 से अधिक जवान संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था**

**सीहोर।** जिले के प्रसिद्ध देवीधाम सलकनपुर में शारदीय नवरात्रि के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 22 सितंबर से शुरू होने वाले इस नौ दिवसीय मेले में लाखों श्रद्धालु मां विजयासन के दर्शन करने पहुंचेंगे, जबकि जिन श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी हो गई हैं।

**4 मैहर की मां शारदा देवी**

## आज से मेला, नौ दिन में करीब 15 लाख भक्तों के आने की उम्मीद



**निगरानी के लिए 100 कैमरे लगाए गए**

**सतना/मैहर।** मैहर में स्थित विश्व प्रसिद्ध देवी धाम मां शारदा देवी मंदिर में आज से शारदीय नवरात्रि मेला शुरू हो गया है। इस वर्ष 12 से 15 लाख श्रद्धालुओं के माता के दर्शन के लिए पहुंचने की उम्मीद है, जिसके लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी का जीएसटी रिफॉर्म पर देश के नाम संबोधन... शाम 5 बजे से करीब 20 मिनट का रहा संबोधन

# शुभ नवरात्रि...शुभ जीएसटी

## आज से हर देशवासी का मुंह मीठा होगा

# नागरिक देवो भवः

## आयकर व जीएसटी छूट से नागरिकों की जेब में करीब ढाई लाख करोड़ रुपया जाएगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम 5 बजे देश को संबोधित किया। उन्होंने नवरात्रि के पहले से लागू होने वाले नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों का विवरण साझा किया। उन्होंने इसे 'नागरिक देवो भवः' के मंत्र के साथ देश की समृद्धि और आर्थिक वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही यह भी बताया कि यह सुधार देश के हर नागरिक के लिए आसान और लाभकारी होंगे, जिससे मध्यम वर्ग, गरीब, व्यापारी और उपभोक्ता सभी को फायदा मिलेगा।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन जीएसटी सुधार को लेकर उत्साह में है। वे इसके फायदों को ग्राहकों को पहुंचाने में जुटे हैं। यह कदम नागरिकों के जीवन में सरलता और बचत लाएगा। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पिछले 11 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को मात दी है और नए मिडिल क्लास समूह ने देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाई है।

*पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधार से कारोबार और निवेश दोनों आसान होंगे। यह बदलाव भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाएगा*

***भारत की समृद्धि का मंत्र स्वदेशी ही होगा***

***भारत की समृद्धि में एमएसएमई की बड़ी भूमिका होगी***



- इस सुधार के साथ ही देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होगा
- त्योहारों के इस मौसम में इस बचत उत्सव से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आएगी

**व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा**

पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधार से कारोबार और निवेश दोनों आसान होंगे। यह बदलाव भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाएगा। इस दौरान उन्होंने याद दिलाया कि 2017 में जीएसटी लागू होने के समय देश में दर्जनों अलग-अलग टैक्स थे, जैसे कि एंट्री टैक्स, सेल्स टैक्स, एक्साइज, वैट, सर्विस टैक्स आदि। नए सुधार इन जालों को सरल बनाएंगे और व्यापारियों को राहत देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए जीएसटी सुधारों से गरीब, मध्यम वर्ग, न्यू मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार और व्यापारी सभी को लाभ मिलेगा। त्योहारों के इस मौसम

**हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है**

मोदी ने कहा कि आज जाने-अनजाने में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सी विदेशी चीजें जुड़ गई हैं। हमारी जेब में कंघी देशी है कि विदेशी है, हमें पता ही नहीं। अब हमें इससे मुक्ति पानी होगी। हमें वो चीजें खरीदनी होंगी जो भारत में बनी हो, जिसमें हमारे देश के बेटे-बेटियों का पसीना हो, हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। गर्व से कहो कि मैंस्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी सामान की बिक्री भी करता हूं।

**एमएसएमई, चाहे लघु हों या सूक्ष्म या कुटीर उद्योग इनसे ज्यादा अपेक्षाएं**

जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसएमई, हमारे लघु, कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा। उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा। यानी उनको भी डबल फायदा होगा। इसलिए आज मेरी एमएसएमई से, चाहे लघु हों या सूक्ष्म या कुटीर, आप सबसे बहुत अपेक्षाएं हैं। आपको भी पता है कि जब भारत समृद्धि के शिखर पर था, तब अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हमारे लघु-कुटीर उद्योग थे। भारत की मैन्युफैक्चरिंग और क्वालिटी बेहतर होती थी।

**आज से लागू** होंगी जीएसटी की नई दरें

## नवरात्रि के पहले दिन से घट जाएंगे 375 वस्तुओं के दाम

सरकार ने संशोधित जीएसटी दरों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने और उनके निवारण के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के इनग्राम पोर्टल पर एक समर्पित श्रेणी बनाई है। इसमें ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, ई-कॉमर्स, एफएमसीजी और अन्य उप-श्रेणियां



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से देशभर में लागू हो रही हैं, जिससे रसोई का सामान, दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहन सस्ते हो जाएंगे। सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए घी, पनीर, आइसक्रीम, टीवी, एसी जैसी चीजों पर कर घटा दिया है।

कार, टू-व्हीलर और दवाओं के साथ-साथ सौंदर्य और स्वास्थ्य सेवाएं भी अब पहले से सस्ती मिलेंगी। जीएसटी की नई दरों के लागू के बाद रसोई के जरूरी सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों और उपकरणों से लेकर ऑटोमोबाइल तक लगभग 375 वस्तुओं की कीमतें कम हो जाएंगी।

**दवाओं से लेकर घर बनाने वाले सामान तक सस्ते**

विभिन्न एफएमसीजी कंपनियों ने जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने के लिए कीमतें कम करने का एलान पहले ही कर दिया है। अधिकतर दवाओं और फॉर्मूले व ग्लूकोमीटर और डायग्नोस्टिक किट जैसे चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत कर दिए जाने से आम आदमी के लिए दवाओं की कीमतें कम हो जाएंगी। इसके अलावा, घर बनाने वालों को भी लाभ होगा क्योंकि सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने पहले ही दवा की दुकानों को निर्देश दिया है कि वे जीएसटी कटौती के लाभों को ध्यान में रखते हुए अपनी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) संशोधित करें या कम दरों पर दवाइयां बेचें।

**ये सेवाएं भी होंगी सस्ती**

सेवाओं की बात करें तो सौंदर्य और शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं जिनमें हेल्थ क्लब, सैलून, नाई, फिटनेस सेंटर, योग आदि सेवाओं पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) 18 प्रतिशत से घटाकर बिना टैक्स क्रेडिट के पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप बार, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट जैसे दैनिक उपयोग के उत्पाद भी सस्ते होने की संभावना है, क्योंकि इन पर कर वर्तमान 12/18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। टैल्कम पाउडर, फेस पाउडर, शेविंग क्रीम, आफ्टर-शेव लोशन जैसी अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में भी कमी देखने को मिलेगी।

**खबर संक्षेप**

### फायरिंग मामले में लूपिन नेहरा का हाथ



**नई दिल्ली।** बरेली में बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर फायरिंग न केवल उनके परिवार बल्कि पड़ोसियों के जीवन को भी हिला कर रख दिया। जांच में खुलासा हुआ है कि यह फायरिंग बड़े गैंगस्टर की साजिश के तहत अंजाम दिया गया। पुलिस ने पता लगाया है कि रोहित गोदारा गैंग का करीबी साथी लूपिन नेहरा इस वारदात के लिए जिम्मेदार था।

### सागर में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, 40 घायल हुए



**सागर।** रहली थाना क्षेत्र में रविवार को रहली बायपास पर ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक की टक्कर हो गई, जिससे ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में करीब 40 महिला, पुरुष और बच्चे घायल हो गए। पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर ग्राम निवारी के रहवासी ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर बरमान नर्मदा स्नान के लिए जा रहे थे। रहली बायपास पर पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से ट्रैक्टर की टक्कर हो गई।

### एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट हैक



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट कुछ देर के लिए हैकर्स ने हैक कर लिया। डिप्टी सीएम के आधिकारिक अकाउंट से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों की तस्वीरें पोस्ट की गईं। इसके बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। रविवार को भारत और पाकिस्तान एशिया कप में अपना दूसरा मैच खेलने वाले थे। साइबर अपराध पुलिस ने अकाउंट को फिर से रिकवर कर लिया गया।

**रात में** साल का आखिरी सूर्यग्रहण

### 4 घंटे 23 मिनट तक चला ग्रहण, भारत में नहीं दिखा



- भारत में सूतक नहीं, पूजा अर्चना में बाधा नहीं

**नई दिल्ली।** साल 2025 का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण रविवार रात 11 बजे से शुरू हुआ। इसका समापन देर रात 3 बजकर 23 मिनट पर हुआ। सूर्य ग्रहण की कुल अवधि लगभग 4 घंटे 23 मिनट रही। ग्रहण का सबसे प्रमुख समय या पीक टाइमिंग रात 1 बजकर 11 मिनट पर रही। ज्योतिषियों के अनुसार, यह सूर्य ग्रहण भारत से प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा। लेकिन दुनिया के अन्य हिस्सों में यह स्पष्ट रूप से नजर आया।

**अपहरणकर्ताओं में** महिलाएं भी शामिल

### गरबे की प्रैक्टिस कर रही युवती का किया अपहरण



- तीन घंटे में युवती को छुड़ाया, 7 गिरफ्तार

**मंदसौर।** खानपुरा क्षेत्र में भावसार धर्मशाला में गरबा प्रैक्टिस कर रही युवती का दो महिलाओं व पांच युवकों ने अपहरण कर लिया। युवती जाना नहीं चाहती थी तो आरोपी ने उसे घसीटते हुए ले गए। वहां मौजूद एक महिलाओं व युवतियों ने बचाने की कोशिश की तो लेकिन उसे आरोपियों ने धक्का दे दिया। एक आरोपी के हाथ में कट्टा भी था। सूचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने युवती को छुड़ा लिया है।

**मुस्लिम युवक** का अनोखा प्रदर्शन

### मुंडन कर एशिया कप में भारत-पाक मैच का विरोध



- मैच को बताया शहीदों के बलिदान का अपमान

**शहडोल।** एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर शहडोल में एक मुस्लिम युवक ने अनोखे अंदाज में विरोध कर सबका ध्यान खींच लिया। युवक का कहना है कि जब ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवान शहीद हो रहे हैं, तब भारत-पाक क्रिकेट मैच आयोजित करना शहीदों के बलिदान का अपमान है। जिला संयुक्त कार्यालय के सामने धरना स्थल पर युवक आबिद ने अपने साथियों को बुलाकर पहले क्रिकेट खेला और उसके बाद साउंड बॉक्स लगाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

**दतिया में** मामुलिया विसर्जन के दौरान हादसा

## 6 बच्चियां सिंध नदी में डूबीं पांच को निकाला, एक लापता

सेवढ़ा सनकुआं धाम पर हादसा, इस घाट पर सुरक्षा के नाम पर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

सेवढ़ा कस्बे के प्रसिद्ध सनकुआं धाम पर रविवार सुबह मामुलिया विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। सिंध नदी में स्नान के दौरान 6 बच्चियां अचानक डूब गईं।

स्थानीय लोगों की तत्परता से पांच बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि एक बच्ची अब भी लापता है। एक अन्य बच्ची की हालत गंभीर है और उसका इलाज अस्पताल में जारी है। यह



हादसा सुबह करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच का है, जब सेवढ़ा वार्ड क्रमांक 11 से खटीक समाज की कुछ बच्चियां मामुलिया विसर्जन के लिए घाट पर पहुंची थीं। जानकारी के अनुसार, डूबने वालों में सिमरन (9), पिता गौरीशंकर खटीक अब भी लापता है। करिश्मा (19), पिता संजीव खटीक को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं चंदू (16), पिता अरुण खटीक, संस्कार (9), देव (7) पिता ज्ञान खटीक और कंचन (11), पिता दयाल खटीक को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

**उज्जैन रेलवे स्टेशन** पर मचा हड़कंप

## मालगाड़ी में लोड आर्मी के ट्रक में अचानक आग लगी

करीब 20 मिनट में आग पर काबू पाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

आर्मी स्पेशल मालगाड़ी में भोपाल से जोधपुर सेना के जवान और आर्मी के करीब एक दर्जन आर्मी के लोडेड ट्रकों में सामान ले जाया जा रहा था।

यह मालगाड़ी रविवार सुबह 8.48 बजे जैसे ही प्लेटफार्म नंबर 2 पहुंची एक ट्रक में आग लग गई। आरपीएफ ने मौके पर सक्रियता दिखाते हुए आग पर तेजी से काबू पाया और बड़ा नुकसान रोका। करीब 20 मिनट की मशक्कत के



बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आरपीएफ टीआई नरेंद्र यादव ने बताया कि भोपाल से जोधपुर जा रही आर्मी स्पेशल मालगाड़ी में लोड ट्रक में संभावित टेक्निकल त्रुटि के कारण आग लगी थी। आगजनी से 2 नंबर लाइन की ओएसी टूट गई। हालांकि, जान माल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। घटना की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है, संभवत टीम जांच के लिए आएगी।

इस अभियान के पीछे का उद्देश्य व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता से सीधे जुड़ना

सरकार ने निर्देश दिया है कि नई दरें लागू होने के बाद व्यापार और उद्योग जगत इसका पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं

## आज से भाजपा का जीएसटी 'बचत महोत्सव' सांसद अपने क्षेत्र के बाजारों में करेंगे पैदल मार्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली
हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

22 सितंबर से अमल में आने वाली जीएसटी में मुख्य रूप से सिर्फ 5 और 18 फीसदी की दो दरें ही होंगी। लग्जरी और विलासितापूर्ण वाली वस्तुओं पर अलग से 40 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। इसे लेकर भाजपा 22 से 29 सितंबर जीएसटी बचत महोत्सव का आयोजन करेगी। 29 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर भाजपा सांसद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाजारों में पैदल मार्च करेंगे।



**तंबाकू जैसे उत्पाद पर 28 फीसदी ही जीएसटी**

नए बदलावों के अनुसार तंबाकू और संबंधित उत्पाद 28 फीसदी से अधिक उपकर की श्रेणी में बने रहेंगे। वर्तमान में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) 5, 12, 18 और 28 फीसदी के चार स्लैब के तहत लगाया जाता है। सरकार ने निर्देश दिया है कि नई दरेंलागू होने के बाद व्यापार और उद्योग जगत इसका पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं।

**जीएसटी लाभों के बारे में जागरूक करेंगे**

*भाजपा के इस अभियान के पीछे का उद्देश्य व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता से सीधे जुड़ना, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लाभों के बारे में जागरुकता फैलाना और इस बात पर जोर देना है कि इसने अर्थव्यवस्था में बचत और पारदर्शिता में कैसे योगदान दिया है।*

**स्वदेशी वस्तुओं की करेंगे खरीदी**

**मुख्यमंत्री आज चौक बाजार में करेंगे व्यापारियों से संवाद**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को भोपाल के ऐतिहासिक चौक बाजार में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी के प्रचार अभियान में शामिल होंगे।



जीएसटी की दरों में कटौती के बारे में व्यापारियों को देंगे जानकारी

शुभारंभ दोपहर 2. 30 बजे भवानी मंदिर, सोमवारा चौक पर होगा, जहां मुख्यमंत्री के जीएसटी प्रचार अभियान का स्वागत किया जाएगा।

# 1.78 लाख करोड़पति परिवारों के साथ महाराष्ट्र अमीरी में सबसे ऊपर

आमची मुंबई दौलत के मामले में सबसे अव्वल

राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि ने और मजबूती दी। अकेले मुंबई में ही 1,42,000 करोड़पति परिवार रहते हैं,जिससे यह भारत की करोड़पति राजधानी बन गई है। पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपए या उससे अधिक है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र ने खुद को देश के अग्रणी धन सृजन केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। यह राज्य 1,78,600 करोड़पति परिवारों के साथ देश में अमीरी में सबसे ऊपर है। राज्य ने 2021 से संपत्ति के मामले में 194 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है।

यह खुलासा मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 में हुआ है। इसके अनुसार राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि ने और मजबूती दी। अकेले मुंबई में ही 1,42,000 करोड़पति परिवार रहते हैं,जिससे यह भारत की करोड़पति राजधानी बन गई है।

**अग्रणी धन सृजन केंद्र बना**

## मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट में खुलासा

राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की जीएसडीपी ने आगे किया



### भारत में 8,71,700 करोड़पति परिवार

पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। संपत्ति के मामले में इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद पैसा कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है और शीर्ष 10 राज्यों में सामूहिक रूप से कुल करोड़पति परिवारों का 79 फीसदी से अधिक हिस्सा रहता है।

### मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार

शहरों की बात की जाए तो मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार हैं, जबकि दिल्ली (68,200) और बंगलूरू (31,600) उसके बाद आते हैं। ये तीन महानगर भारत की संपत्ति सृजन की सबसे बड़ी ताकत हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद कहते हैं,एक दशक से भी कम वक्त में 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक संपत्ति वाले भारतीय परिवारों की संख्या में 445 फीसदी की भारी वृद्धि हुई है। यह उछाल दिखाता है कि कैसे धन सृजन हमारे समाज के व्यापक आधार तक पहुंच रहा है।

### दौलत के मामले में दिल्ली मालामाल

भारत के संपत्ति के नक्शे पर 79,800 करोड़पति परिवारों के साथ दिल्ली इस सूची में दूसरे नंबर पर है। 72,600 करोड़पति परिवारों के साथ तमिलनाडु तीसरे, 68,800 करोड़पति परिवारों के साथ कर्नाटक चौथे और 68,300 करोड़पति परिवारों के साथ गुजरात पांचवे स्थान पर है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश 57,700 करोड़पति परिवारों के साथ छठे स्थान पर है, जबकि तेलंगाना 51,700 करोड़पति परिवारों के साथ उसके करीब है। पश्चिम बंगाल 50,400 परिवारों के साथ, राजस्थान 33,100 परिवार और हरियाणा 30,500 करोड़पति परिवारों के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। ये सभी राज्य मिलकर भारत के संपत्ति के नक्शे को आकार देने वाले आर्थिक समृद्धि के प्रमुख केंद्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### महाराष्ट्र की जीडीपी सबसे अधिक

भारत का सबसे अमीर राज्य महाराष्ट्र है। महाराष्ट्र की जीडीपी सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में महाराष्ट्र की जीडीपी 4,531,518 करोड़ रुपए रही है। बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में महाराष्ट्र की जीडीपी 4,055,847 करोड़ रुपए थी।

## खबर संक्षेप

### हिंदुओं को बांटने की कोशिश कर रहीं ममता



**कोलकाता।** बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। बंगाल में विपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को सीएम ममता बेनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ममता हिंदुओं के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही हैं।

### अभिनेता मोहनलाल ने मां से लिया आशीर्वाद



**चेन्नई।** मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा के बाद से ही उनके फैंस के बीच खुशी की लहर है। मोहनलाल मां का आशीर्वाद लेने के लिए कोच्चि में अपने घर पहुंचे। कोच्चि एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया को भी संबोधित किया। कुंदनूर में फ्लैट में जाने से पहले आशीर्वाद लिया।

### कानपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में चूहे



**कानपुर।** कानपुर एयरपोर्ट पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहे विमान के अंदर अचानक चूहे के दिखाई देने की सूचना मिली। बताया गया कि दिल्ली से कानपुर एयरपोर्ट पर दोपहर 2:10 बजे फ्लाइट पहुंची थी और 2:50 बजे उसे दिल्ली के लिए रवाना होना था।

### सीएम ममता ने दुर्गा पूजा संस्करण का उद्घाटन किया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने मुखपत्र 'जागो बांग्ला' के दुर्गा पूजा संस्करण का उद्घाटन करते हुए दुर्गा पूजा गीत 'जागो दुर्गा' गाया है। श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा सोमवार से मैं देवी की मूर्तियों का भी अनावरण करूंगी।

## जीएसटी स्लैब कम करने पर दिग्गजों ने जताया पीएम मोदी का आभार

# जीएसटी सुधार से हर वर्ग को होगा फायदा ग्राहकों तक पहुंचाएं टैक्स कटौती का 'लाभ'

### केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कटौती की सराहना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत से अपील की है कि 22 सितंबर से लागू होने जा रहे जीएसटी सुधारों का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को मिले। टैक्स कटौती का फायदा सीधे ग्राहकों तक पहुंचना चाहिए। अब सिर्फ दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जाएंगे। इसके अलावा सरकार ने कई उत्पादों पर टैक्स कम किया है, जिसका सीधा फायदा आम लोगों को 22 सितंबर से मिलेगा।

वहीं, सिन और लग्जरी गुड्स पर सरकार ने 40 प्रतिशत टैक्स तय किया है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि सुनिश्चित करें कि टैक्स कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को मिले। इससे उद्योग जगत को भी लाभ होगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार व्यापार सुगमता और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। इसके तहत नई लॉजिस्टिक्स नीति, नए औद्योगिक शहरों का विकास, छोटे विवादों को अपराधमुक्त करना और उद्योगों पर अनुपालन का बोझ कम करने जैसे कदम उठाए गए हैं।

अब सिर्फ दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जाएंगे



### उद्योग संघों और मंत्रालयों के साथ बैठकें की

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने भी उद्योग संघों और मंत्रालयों के साथ बैठकें कीं, ताकि जीएसटी परिषद द्वारा घोषित दरों में कटौती को सुचारू रूप से लागू किया जा सके। उद्योगों के बीच इस बात पर सहमति बन गई है कि टैक्स कटौती का फायदा ग्राहकों तक जरूर पहुंचाया जाएगा।

**ग्राहकों तक पहुंचने लगा लाभ**

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि ऑटोमोबाइल सेक्टर जैसे कुछ उद्योग पहले ही टैक्स कटौती का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाना शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज कई देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते करना चाहते हैं, जिससे व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे। इस महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार ने व्यवसायों को निर्देश दिया था कि वे कारों और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं जैसी चीजों की अस्थायी मूल्य सूची प्रदर्शित करें, ताकि ग्राहक समझ सकें कि जीएसटी सुधारों के बाद कीमतों में कितनी कमी आई है।

**वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा**

### युवाओं को मिलेगा बड़ा फायदा रोजगार और व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे



केंद्र सरकार ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से युवाओं के लिए रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर पैदा होंगे। सरकार का मानना है कि एमएसएमई और स्टार्टअप्स में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी और परिवारों व कारोबारियों पर वित्तीय बोझ कम होगा। इन सुधारों में उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है।

**पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का इस्तेमाल बढ़ेगा**

टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण को बढ़ावा देने के लिए लकड़ी के विकल्पों पर भी जीएसटी घटाया गया है। भूसी के बोर्ड, जिप्सम बोर्ड, सीमेंट बॉन्डेड पार्टिकल बोर्ड, जूट पार्टिकल बोर्ड, बगास बोर्ड और सिसल फाइबर बोर्ड पर टैक्स घटा है। इससे एमएसएमई को समर्थन मिलेगा और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का इस्तेमाल बढ़ेगा।

**जिम और फिटनेस सेंटर पर जीएसटी 5 फीसदी**

फिटनेस और स्वास्थ्य सेवाओं को भी इस सुधार का लाभ मिलेगा। इसमे जीएसटी 5 फीसदी किया है।

### पीएम ने दिवाली का तोहफा दिया



उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जीएसटी काउंसिल की तरफ से नए टैक्स स्लैब बनाने और दरों को कम करने पर पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने पीएम मोदी की तरफ से दिवाली का तोहफा बताया है। सीएम योगी का कहना है कि इससे आम आदमी को बहुत ही फायदा मिलेगा। इससे हर वर्ग लाभान्वित होगा।

### तनावपूर्ण संबंधों और वीजा पर करेंगे बात?



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा,क्या प्रधानमंत्री भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते तनावपूर्ण संबंधों पर बात करेंगे? क्या एच1बी वीजा धारकों की चिंताओं का समाधान करेंगे? क्या वह करोड़ों किसानों और श्रमिकों को कुछ आश्वासन देंगे।

### 8 साल में लूटी गई रकम वापस करो: संजय



पीएम मोदी ने गिनाए जीएसटी रिफॉर्म्स के फायदे तो आप ने निशाना साधा। संजय सिंह ने कहा कि 8 सालों में जीएसटी के नाम पर देश की जनता से लूटे गए लाखों करोड़ रुपए जनता के खातों में वापस करो। स्विट्जरलैंड की घड़ी, जर्मनी का पेन, इटली का चश्मा, अमेरिका का फोन, विदेशी कार, हेलीकॉप्टर और विमान इस्तेमाल करने वाले मोदी जी आज स्वदेशी पर ज्ञान बांट रहे थे।

**चुनाव आयोग ने राज्यों को दिए निर्देश**

## एसआईआर से जुड़े सारे काम 30 सितंबर तक पूरा करें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। माना जा रहा है कि आयोग अक्तूबर-नवंबर से मतदाता सूची की सफाई और अपडेट करने की इस बड़ी कवायद की शुरुआत कर सकता है। बताया जा रहा है कि इस महीने की शुरुआत में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने 10 से 15 दिन में एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अब स्पष्ट डेडलाइन तय करते हुए 30 सितंबर को अंतिम तारीख घोषित किया गया है। सभी राज्यों को पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुरानी मतदाता सूचियों का उपयोग

कई राज्यों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद की मतदाता सूची पहले ही वेबसाइट पर डाल दी है। दिल्ली के सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची मौजूद है, जब राजधानी में आखिरी बार एसआईआर हुई थी। उत्तराखंड में 2006 की मतदाता सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। बिहार में 2003 की सूची को गहन पुनरीक्षण के आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

### राज्यों में मैपिंग का काम पूरा

अधिकांश राज्यों ने 2002 से 2004 के बीच एसआईआर कराई थी। अब वहां वर्तमान मतदाताओं को उन पुरानी सूचियों से मिलान करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग का कहना है कि बिहार के बाद यह प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी।

### आगामी चुनावों से पहले तैयारी

बताया जा रहा है कि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में एसआईआर प्रक्रिया इन चुनावों से पहले मतदाता सूची की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। इसके पहले सभी राज्यों में एसआईआर शुरू करने की खबर सामने आ चुकी है। जबकि विपक्षी पार्टियों ने इस पर एतराज जताया है।

**पीएम आज अरुणाचल और त्रिपुरा जाएंगे**

## 5,100 करोड़ की देंगे सौगात विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी 22 सितंबर को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का दौरा करेंगे। वे अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में 5,100 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और एक सार्वजनिक सभा को भी संबोधित करेंगे। पीएण अरुणाचल प्रदेश की अपार जलविद्युत क्षमता का दोहन करने और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 3,700 करोड़ की दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी त्रिपुरा के उदयपुर स्थित माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर परिसर के विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना पर्यटन मंत्रालय की पीआरएएसएडी योजना के तहत पूरी की गई है। माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है और त्रिपुरा के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में गिना जाता है। डिजाइन ऊपर से देखने पर कछुए की आकृति जैसा होगा।

**प्रमोद कृष्णम ने राहुल को घेरा**

## सबसे बड़े चोर राहुल के दिल में, डीयू चुनाव ने सबूत दिया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने चुनाव आयोग को भी निशाने पर लिया और भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया है। इस बीच पूर्व कांग्रेसी नेता और कल्किधाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी को घेरा है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं ने राहुल गांधी को जवाब दे दिया है और असली चोर उनके दिल में बैठे हैं। प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी दुनिया को सबसे बड़ा चोर बताते हैं, सच बात यह है कि सबसे बड़े चोर तो उनके दिल में बैठा है। सबसे बड़ा चोर तो राहुल के दिल में है। राहुल गांधी जी को अगर गिनाई जाए, तो हिसाब देना उनके लिए बड़ा मुश्किल है। जहां तक उनके नए एजेंडे का सवाल है, दिल्ली यूनिवर्सिटी के चुनाव में उनको जवाब मिल गया, फिर भी वे नहीं मान रहे हैं।

### जुबीन को श्रद्धांजलि देती पत्नी गरिमा



**गुवाहाटी।** दिवंगत गायक जुबीन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग (सबसे दाएं) रविवार को गुवाहाटी स्थित अपने आवास पर उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त करती हुई।

**केंद्रीय मंत्री प्रधान ने किया ऐलान**

## 11 वीं और 12 वीं के पाठ्यक्रम में शामिल होगी स्किल आधारित शिक्षा

आईआईटी मद्रास में दक्षिणपथ समिट में कहा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को यहां आईआईटी मद्रास में दक्षिणपथ समिट 2025 में घोषणा की कि सरकार कक्षा 11 और 12 के पाठ्यक्रम में स्किल आधारित शिक्षा शामिल करने की योजना पर काम कर रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुरूप की जा रही है। प्रधान ने कहा कि शिक्षा की परंपरागत प्रणाली केवल सर्टिफिकेट और डिग्री पर केंद्रित थी, जबकि अब छात्रों को योग्य और सक्षम बनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि



पीएम नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि हमें डिग्री और सर्टिफिकेशन दोनों चाहिए, लेकिन साथ ही छात्रों को सक्षम भी बनाना होगा। इस पहल से छात्रों में व्यावहारिक कौशल, समस्या सुलझाने की क्षमता और उद्योग-आधारित दक्षताएं विकसित करने में मदद मिलेगी, जिससे उनका करियर और रोजगार की संभावनाएं बेहतर होंगी।

### आधिकारिक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल

प्रधान ने बताया कि उनकी मंत्रालय कक्षा 6 से ही स्किल आधारित शिक्षा को शामिल करने पर काम कर रहा है। पहले यह शिक्षा वैकल्पिक थी, लेकिन अब इसे आधिकारिक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने एनईपी 2020 की एक मुख्य सिफारिश को उद्धृत करते हुए कहा कि स्किल आधारित शिक्षा के माध्यम से हम छात्रों को न केवल अकादमिक ज्ञान देंगे, बल्कि उन्हें व्यावहारिक और व्यावसायिक क्षमता से भी लैस करेंगे।

**लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने 'नमो युवा रन' में की शिरकत**

## हम सभी फिट, समृद्ध, विकसित और नशामुक्त भारत बनाएं

**हजारों प्रतिभागियों ने एकजुट होकर स्वस्थ और नशामुक्त भारत का संकल्प लिया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को 'नमो युवा रन' अभियान में हिस्सा लेते हुए कहा कि इसका उद्देश्य फिट, समृद्ध और विकसित भारत बनाना है, जो नशामुक्त हो। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को रोजाना कम से कम एक घंटा स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए देना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर यह आयोजन राष्ट्रीय सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इस मैराथन का संकल्प नशामुक्त भारत है। इसमें विभिन्न आयु वर्ग और क्षेत्रों से आए हजारों प्रतिभागियों ने एकजुट होकर स्वस्थ और नशामुक्त भारत का संकल्प लिया।

### यह भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हिस्सा



यह नमो युवा रन देशभर के कई शहरों में आयोजित की जा रही है। इस अभियान की शुरुआत भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 7 सितंबर को की थी। फिटनेस आइकन और सुपरमॉडल मिलिंद सोमण को इस अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। 21 सितंबर को पूरे देश में एक साथ 100 रन आयोजित किए गए, जिनमें प्रत्येक में कम से कम 10,000 युवा प्रतिभागी शामिल हुए। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है और जो 2 अक्टूबर यानी महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा।

### फडणवीस ने नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाई

रविवार सुबह मुंबई के वर्ली स्थित कोस्टल रोड प्रोमेनेड पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मिलिंद सोमण ने नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इस मौके पर भाजपा सांसद और भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने भी भाग लिया।

### योगी ने लखनऊ में नमो युवा रन की शुरुआत की

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नमो युवा रन की शुरुआत की और सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विकसित भारत की परिकल्पना और स्वास्थ्य-केंद्रित पहलों पर प्रकाश डाला। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेवा पखवाड़ा, जो पीएम मोदी के जन्मदिन से महात्मा गांधी की जयंती तक आयोजित किया जा रहा है, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और स्वास्थ्य पर विशेष जोर देता है।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने दिलाया नशा मुक्ति

# नमो युवा रन : आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ दौड़ा जबलपुर






हरिभूमि, जबलपुर।

संस्कारधानी जबलपुर में रविवार की सुबह युवाओं का उत्साह सड़कों पर उमड़ पड़ा, जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुये सेवा पखवाड़ा के तहत 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को समर्पित एक विशाल मैराथन दौड़ "नमो युवा रन" में भाग लिया। नमो युवा रन में शामिल होने जबलपुर में 6 हजार 691 युवाओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था जो पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है।राइट टाउन स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम से शुरू हुई नमो युवा रन का शुभारंभ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी एवं नीरज सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, मैराथन के संयोजक योगेंद्र सिंह तथा जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित जिला प्रशासन के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पहले लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका का स्मरण कराया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीन प्रमुख संकल्पों - नशा मुक्त भारत, फिट इंडिया और स्वदेशी को जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई। सिंह ने कहा कि ये मैराथन दौड़ मात्र दौड़ भर नहीं है, बल्कि ये भविष्य के भारत का और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प है। जब पूरे देश में इस तरह से युवा शक्ति संकल्प के साथ सड़कों पर उतरती है, तो हम सभी जानते हैं कि उसका परिणाम क्या होता है। क्योंकि जिस तरफ भी युवा शक्ति जाती है, देश उसी तरफ जाता है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि नमो युवा रन के साथ जब हम आत्म निर्भर भारत और विकसित भारत संकल्प लेने जा रहे हैं तो इसके साथ तीन और संकल्प नशा मुक्त भारत, फिट इंडिया और स्वदेशी का संकल्प भी सभी को लेना होगा।

### नशा मुक्त भारत का दिया संदेश

आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की थीम पर आयोजित नमो युवा रन को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भी में हिस्सा लिया और लोंगो को नशा मुक्त भारत, स्वस्थ भारत बनाने का सन्देश दिया। नमो युवा रन में शामिल होने 6 हजार 691 युवाओं ने अपना ऑनलाइन पंजीयन कराया था। पंजीयन कराये बिना भी हर आयु वर्ग के सैकड़ो लोंगो ने इसमें हिस्सा लिया। सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडे एवं नीरज सिंह, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, पंकज दुबे भी इस अवसर पर मौजूद थे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार भी नमो युवा रन के शुभारंभ और समापन के अवसर पर मौजूद थे।

### अमरदीप और कोमल प्रथम

लड़कों की श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त करने पर अमरदीप को ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार तथा ट्रैक सूट और रनिंग शू प्रदान किये गये। इसी प्रकार दूसरा स्थान प्राप्त करने पर अखिलेश यादव ट्राफी के साथ 5,100 रुपये नकद एवं ट्रैक सूट भेंट किया गया। तीसरे स्थान पर रहे राजेंद्र को ट्रॉफी 2,100 रुपये नकद एवं ट्रैक सूट पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये गये। जबकि रणजीत, नीतिश कुमार, विभव, शुभम सचिन, उज्ज्वल, लविश और सुभाष को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गये।लड़कियों की श्रेणी में पहले स्थान पर रही कोमल साहू को ट्रॉफी, ट्रैक सूट और 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार, दूसरे स्थान पर रही अंशिका लोधी को ट्रॉफी ट्रैक सूट और 5100 रुपये का नकद पुरस्कार तथा नेहा यादव को तीसरा स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी, ट्रैक सूट और 2100 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। लड़कियों की श्रेणी में रश्मि पटेल, प्रीति यादव, जुबैदा, काकोल, सुमन, सुनाक्षी और अंशिका को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।



# 233 वारंट तामील, 20 शराब कारोबारी गिरफ्तार

कॉम्बिंग गश्त में देर रात तक सड़कों पर घूमी खाकी, चार आरोपी अवैध हथियारों सहित पकड़े गए

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में अपराध पर लगाम कसने और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए गए विशेष कांबिंग गश्त अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार रात 9 बजे से लेकर रविवार रात 2 बजे तक जिलेभर में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अंजना तिवारी और एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह ने किया। सभी नगर पुलिस अधीक्षकों, एसडीओपी और थाना प्रभारियों की उपस्थिति में गठित टीमों ने शहर और देहात क्षेत्रों में दबिश दी।

### 94 गैर-म्यादी, 38 जमानती वारंट तामील

गश्त के दौरान कई वर्षों से फरार आरोपियों पर शिकंजा कसा गया। पुलिस टीमों ने 94 गैर-म्यादी, 101 गिरफ्तारी और 38 जमानती वारंट तामील किए। लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे आरोपी अब न्यायालय के समक्ष पेश किए जा रहे हैं।

### अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई

शराब माफियाओं के ठिकानों पर दबिश देकर 20 आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से 54 लीटर कच्ची शराब और 437 पाव देशी/विदेशी शराब जब्त की।

### अवैध हथियार जब्त

कॉम्बिंग गश्त में अवैध हथियार लेकर घूमते चार आरोपी दबोचे गए, जिनके पास से चार चाकू बरामद किए गए।

### देर रात तक चली संदिग्धों की तलाशी

इसके साथ ही देर रात पुलिस ने सक्रिय गुंडे-बदमाशों की चेकिंग की, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की तलाशी ली।

कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों की इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक, दिए गए कड़े निर्देश

# सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी जरूरी




हरिभूमि, जबलपुर।

सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और समाज पर पड़ने वाले उसके सकारात्मक व नकारात्मक असर को ध्यान में रखते हुए जबलपुर पुलिस और कलमवीर संघर्ष संगठन ने एक अहम पहल की। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें शहर व आसपास के करीब 60 सोशल मीडिया क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स शामिल हुए। बैठक का संचालन एएसपी सिटी आयुष गुप्ता और एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा ने किया।

### जिम्मेदारियों के प्रति किया सचेत

एएसपी सिटी आयुष गुप्ता ने इन्फ्लुएंसर्स को सोशल मीडिया की ताकत और जिम्मेदारियों के प्रति सचेत किया। कहा गया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ट्विटर और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म समाज में अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम हैं, लेकिन इनका दुरुपयोग भ्रामक सूचना, तनाव और अव्यवस्था फैला सकता है।

### साइबर सेल की कड़ी निगरानी

बैठक में एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा ने यह भी बताया कि जबलपुर साइबर सेल लगातार फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे सभी प्रमुख प्लेटफार्म्स पर नजर रख रही है।

### इन्फ्लुएंसर्स ने सराहा पहल

बैठक को इन्फ्लुएंसर्स ने बेहद सकारात्मक बताया। नागेंद्र नामदेव और प्रशांत विनोदिया ने कहा कि पुलिस और इन्फ्लुएंसर्स के बीच ऐसा संवाद जरूरी था। अब हम और अधिक जिम्मेदारी के साथ कंटेंट तैयार करेंगे। कई बार नियमों की जानकारी न होने से गलती हो जाती थी, अब यह स्पष्ट है कि क्या करना है और क्या नहीं।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान कलमवीर संघर्ष संगठन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष शुभम शुक्ला, जिला अध्यक्ष सजृन शुक्ला, राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्यजीत यादव, प्रदेश प्रवक्ता हर्षित चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष किशोर गौतम और रघु तिवारी उपस्थित रहे।

### प्रमुख निर्देश दिए गए

1. भ्रामक या झूठी जानकारी का प्रसार न करें, यह संज्ञेय अपराध है और इसके लिए बी.एन.एस. व आई.टी. एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। 2. धार्मिक आयोजनों से जुड़ी सामग्री गरिमामय हो, किसी भी धार्मिक या साम्प्रदायिक भावना को आहत करने वाली पोस्ट पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। 3. फूहड़ या अश्लील कंटेंट से बचें, सिर्फ व्यूज के लिए समाज में विकृति न फैलाएं। 4. सोशल मीडिया पर अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन अवैध है, इसके लिए आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। 5. सड़कों पर स्टंटबाजी, केक काटना, नाचना या रैली निकालना जैसी गतिविधियां बिना अनुमति कानून का उल्लंघन है। 6. यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार करें और गलत दिशा में वाहन चलाने या फ्लाईओवर पर उल्टी दिशा से चढ़ने-उतरने जैसी खतरनाक आदतों से बचने की अपील करें।

# लोक निर्माण मंत्री सिंह 'वन भोज लीला' प्रवचनमाला में हुए शामिल



जबलपुर। सेठ गोविंद दास रंगमंच शहीद स्मारक गोलबाजार में आयोजित पांच दिवसीय 'वन भोज लीला' प्रवचनमाला कार्यक्रम के समापन अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान महाराजजी ने मंत्री राकेश सिंह द्वारा जबलपुर के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। महाराज जी ने आशीर्वचन में कहा, मंत्री राकेश सिंह मां नर्मदा के लिए बहुत काम कर रहे हैं। अभी ढाई करोड़ रुपए से परिक्रमावासियों के लिए धर्मशाला लगभग तैयार हो गई है। नर्मदा जी का बहुत सुंदर घाट, जैसे सरयू जी के घाट हैं, वैसा बनने जा रहा है। उन्होंने इस योजना के डीपीआर का भी उल्लेख किया और कहा, "बहुत शीघ्र ही गौरीघाट में ऐसा दिव्य घाट देखने को मिलेगा। नर्मदा जी की कृपा इन पर बनी रहे और यह हमेशा नर्मदा जी और नगर की सेवा करते रहें।" महाराज जी ने यह भी कहा कि जबलपुर में बने मध्य प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर का श्रेय भी मंत्री राकेश सिंह को ही जाता है।



मेला, जुलूस एवं त्योहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेषज्ञ व्याख्यान

# एसएएफ 6वीं बटालियन में सेमिनार आयोजित

हरिभूमि, जबलपुर।

6वीं बटालियन एसएएफ जबलपुर में शनिवार को सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण में नवाचार के अंतर्गत एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। विषय था मेला, जुलूस एवं त्योहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखना। सेमिनार में विषय विशेषज्ञ रिटायर्ड डीएसपी अखिल वर्मा ने विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने ड्यूटी के साथ-साथ परंपरागत एवं आधुनिक पुलिसिंग की बारीकियों पर प्रकाश डाला और वर्तमान परिदृश्य में कानून व्यवस्था को अधिक सामंजस्यपूर्ण एवं प्रभावी बनाने के उपाय बताए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को समझाया कि भीड़-भाड़ वाले अवसरों पर पुलिस का धैर्य, त्वरित निर्णय क्षमता और आधुनिक तकनीक का उपयोग बेहद अहम है। साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग की महत्ता पर भी जोर दिया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सहायक सेनानी एमपी सिंह, रीना पांडे, विजय कुमार अंभोरे, प्रशिक्षक दल, वाहिनी स्टाफ एवं नव आरक्षक प्रशिक्षणार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

महिला पतंजलि योग समिति द्वारा चेरीताल में लगाए गए 7 दिवसीय शिविर का हुआ समापन

# योग के माध्यम से बनाएं बेहतर शारीरिक और मानसिक संतुलनः योग शिक्षिका कविता सिंह



जबलपुर।

महिला पतंजलि योग समिति जबलपुर के तत्वाधान में सरस्वती कॉलोनी, चेरीताल वार्ड में आयोजित 7 दिवसीय निशुल्क योग शिविर का शनिवार को समापन हुआ। पूर्व तहसील प्रभारी एवम मुख्य योग शिक्षिका कविता सिंह द्वारा आयोजित इस शिविर में जहां एक ओर जीवन शैली से जुड़े रोग जैसे कि सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, गर्दन का दर्द, फ्रोजन शोल्डर, कंधे की अकड़न, घुटनों का दर्द, कमर दर्द, स्लिप डिस्क, सायटिका पेन और वेरीकोज वेइंस पर विशेष ध्यान केंद्रित रहा वहीं योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाने शिविर में जानकारी दी गई। संरक्षिका सुशीला वर्मा ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना और उससे जोड़ना है। जिला प्रभारी बहन राजुल बड़कुर ने कहा कि योग जीवन जीने की कला है, जिससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक संतुलन स्वतः आ जाता है और हम शांत व स्थिर मन से जीवन जीना सीखते हैं। आयोजक कविता सिंह ने बताया कि महिला पतंजलि योग समिति जबलपुर ने इस शिविर के माध्यम से लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया है। सभी प्रतिभागियों ने प्राप्त लाभों की जानकारी दी और योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। दीपावली मालपानी द्वारा आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार के लिए घर में उपलब्ध संसाधनों और इमरजेंसी पॉइंट पर दबाव आदि द्वारा प्राथमिक उपचार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। राजुल बड़कुर, कविता सिंह और रेखा खरे ने उपयोगी आसन, प्राणायाम और मुद्राओं की रोगानुसार जानकारी दी गई। समापन कार्यक्रम में मुख्य योग शिक्षिकाओं अंजलि गाला, प्रमिला तिवारी, अनीता पटवा, रश्मि यादव और सहयोगी शिक्षिकाओं मीनू राजपूत और नीता जैन का सम्मान किया गया। मंच संचालन वंदना गट्टानी ने किया।

# नर्मदा तटों पर पितरों को दी गई भावभीनी विदाई

# पितृ मोक्ष अमावस्या पर पिंडदान व श्राद्ध भोज से हुआ 16 दिवसीय पितृ पक्ष का समापन

हरिभूमि जबलपुर।

पितृ मोक्ष अमावस्या पर रविवार को पितरों को वर्ष भर के लिये विदाई दी गई। पिण्डदान कर पितरों का तर्पण किया गया, वहीं श्राद्ध कर्म के साथ ब्राह्मणों और मानदान को भोज कराकर विदाई दी गई। कर्मकाण्ड के मुताबिक पितृ ऋण से मुक्ति के लिये सनातन धर्म में श्राद्ध व तर्पण का विधान है। श्राद्ध पक्ष के पखवाड़े भर नर्मदा के तटों पर जाकर श्रावक अपने पूर्वजों का आह्वान करते हैं और उनकी तिथि पर कागौर डालकर ब्राह्मण भोज कराने के बाद कौवों को भोग भी लगाया जाता है। बुधवार को सुबह से ही नर्मदा तटों पर भीड़भाड़ रही। अश्विनी कृष्ण क्वांर पक्ष की अमावस्या को सर्वपितृ श्राद्ध का दिन माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिन परिजनों को अपने पूर्वजों की श्राद्ध तिथि ठीक से ज्ञात नहीं रहती या किसी कारण बस उनकी तिथि पर श्राद्ध नहीं कर पाते तो पितृमोक्ष अमावस्या के दिन श्राद्ध किया जाता है। यह बात शास्त्र सम्मत भी है।



## पितरों का मिलता है आर्शीवाद

वैदिक परम्परा के अनुसार इस संसार में पितृपक्ष के दौरान अपने पितरों को श्रद्धापूर्वक पिण्डदान कर और ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं, उनको इस जीवन में सभी सांसारिक सुख ओर भोग प्राप्त होते हैं। श्राद्ध करने वाले गृहस्थ स्वर्गलोक, विष्णुलोक में स्थान मिलता है और इस लोक में भी सुखी जीवन व्यतीत करते हैं। श्राद्ध पक्ष का पखवाड़ा समाप्त होने के साथ ही शुभ कार्यों पर लगी रोक और नई वस्तुओं पर खरीददारी पर लगा अंकुश भी समाप्त हो जायेगा, जिससे बाजारों में तेजी आ जायेगी।

## पृथ्वीलोक पर आते है पूर्वज

ऐसी मान्यता है। कि श्राद्ध पक्ष में आये पूर्वज पितृमोक्ष अमावस्या के दिन पृथ्वी लोक पर आते है। अतः उनके प्रतिनिधि के रूप में परिजन ब्राम्हण भोज, गाय एवं कौवों को भोजन कराकर पितरों की आत्मा को शांति प्रदान करते हैं। इस दिन नर्मदा तट पर स्नान ध्यान कर परिजन पिंडदान करके पितरों को बिदाई भी देते हैं। पितृपक्ष के पहले दिन नर्मदा तटों पर पूर्वजों का आव्हान भी किया जाता है। और पितृमोक्ष अमावस्या के दिन बिदाई की जाती है।

### शासनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र जैन बड़ा मंदिर, हनुमानताल में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

# दसलक्षण पर्व में 10 दिवसीय उपवासियों का सम्मान समारोह आयोजित



**जबलपुर।** शासनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र जैन बड़ा मंदिर, हनुमानताल ट्रस्ट कमेटी के सहयोग से अखिल दिगंबर भारतवर्षीय महिला परिषद - सुंदरी संभाग, मुनिसुब्रतनाथ शाखा द्वारा दसलक्षण महापर्व के पावन अवसर पर 10 दिन तक निराहार उपवास करने वाले तपस्वी श्रावकों एवं श्राविकाओं का श्रद्धा पूर्वक सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी तपस्वियों को आदिनाथ भगवान की फोटो, श्रीफल, माला व दुपट्टा भेंट स्वरूप प्रदान किए गए एवं जल और उकावली पिलाकर परणा करवाया गया। इस भावपूर्ण आयोजन में समाजजनों की अपार उपस्थिति रही। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष आदरणीय राजेंद्र मामा जी, संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन, संभागीय सचिव श्रीमती स्वाति जैन, शाखा अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन, सचिव निधि जैन, कोषाध्यक्ष आस्था जैन सहित परिषद की समर्पित सदस्यों नीलिमा जयवर्धन, सरिता, अवनी, सोनम, आकांक्षा, नीता, आरती व अमीषा ने।

यह आयोजन न केवल तपस्वियों के कठिन संयम की सराहना का प्रतीक बना, बल्कि समर्पण, श्रद्धा और सेवा की भावना से ओतप्रोत एक प्रेरणादायी उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# एसएस कॉलेज हिन्दी साप्ताहिक कार्यक्रम में हुआ काव्य पाठ

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वावधान में हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित हिंदी साप्ताहिक कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हिन्दी के कवियों की कविता/स्वरचित काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवम शर्मा (हिंदी विभाग) ने जब मनाया करें तो मान जाया करे कविता के इन चंद लाइनों से पूरा मंच का दिल जीत लिया।इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ.नीता तिवारी,डॉ.सुनु आर के मैथ्यू,डॉ.आर के वाहने,डॉ.सुदेश कुमार मेहरोलिया, डॉ.अंजलि मान्डवे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था। काव्य पाठ में अमर चक्रवर्ती एम.ए.थर्ड सेम.(प्रथम स्थान),दिव्या लोधी बी.ए. द्वितीय (द्वितीय स्थान),पूर्णिमा रैकवार बीए प्रथम वर्ष (तृतीय स्थान) ग्रहण किया।मंच संचालन डॉ.अजय कुमार सिंह (कंप्यूटर एप्लीकेशन) ने किया।



# साइबर सेल के नाम पर ठग शिक्षकों को फर्जी कॉल करके दे रहे निलंबित करने की धमकी

**सिहोरा।** शिक्षकों को इन दिनों साइबर सेल, भोपाल के नाम से आ रहे फर्जी कॉल्स ने परेशान कर रखा है। इन कॉल के जरिए अज्ञात ठग शिक्षकों को डरा-धमका कर पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहे हैं। इस घटना ने शिक्षकों के बीच मानसिक तनाव और डर का माहौल पैदा कर दिया है।



सिहोरा खितौला में पदस्थ शिक्षक योगेंद्र कुमार मिश्रा ने हाल ही में ऐसी ही एक फर्जी कॉल आने के संबंध में बताया उन्होंने कहा 21 सितम्बर रविवार को उन्हें +919201238950 नंबर से एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को साइबर सेल भोपाल का अधिकारी बताया और कहा कि गूगल क्रोम पर उनकी इंटरनेट गतिविधि की जांच की गई है। अज्ञात कॉलर ने उन पर ₹1 लाख का जुर्माना लगाने और नौकरी से निलंबित (सस्पेंड) करने की धमकी दी। उसने बताया कि इस संबंध में कार्रवाई का पत्र विकास खंड शिक्षा अधिकारी एंव बी आर.सी.सी को भेजा जा रहा है। फर्जी कॉल की पहचान होते ही शिक्षक ने तुरंत फोन काट दिया। कई अन्य शिक्षकों ने भी इसी तरह के फर्जी कॉल आने की पुष्टि की है। उनका कहना है कि ये कॉल उनके लिए मानसिक परेशानी का सबब बन रही हैं।

## धनुष यज्ञ रामलीला सदर, मंचन में गूंजे गगनभेदी शब्द

# वो शब्द हृदय में चुभते हैं, पृथ्वी वीरों से है खाली

**जबलपुर।** भगवान राम का विनय, लक्ष्मण का क्रोध, जनक की चिंता, धनुष उठाते ही संपूर्ण जनकपुरी राम-राम के जयकारों से गूंज उठी। जयमाला के साथ माता सीता का विवाह प्रारंभ हुआ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद में अनुपम छटा बिखेरते हुए परशुराम का क्रोध शांत हुआ, "खिंचात चाप मिटे संदेशहु राम रमापति कर, धन, लेहु"। आज की आरती ओम प्रकाश पाठक, सतीश पाठक, आशीष पाठक, मधुर तिवारी, नितेश बावरिया, आकाश नायडू, पापा यादव, शरद शर्मा, निशांत शर्मा द्वारा संपन्न हुई। 22 सितंबर को भगवान राम की बारात, राम कलेवा, पांव पूजी की लीला होगी। श्रीराम बारात जुलूस सदर बाजार की विभिन्न गलियों में भ्रमण कर वापस रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न होगा। लीला में उपस्थिति की अपील अभिषेक चौकसे, मधुर तिवारी, सीताराम कुरचानिया, मनोहर अग्निहोत्री, रोहित चतुर्वेदी, कन्हैया तिवारी, रितेश तिवारी, राजकुमार गुप्ता, अभय नायडू, डॉक्टर शंकर पांडे, श्रीनाथ मिश्र, प्रकाश सोनी, दिलीप रजक, राहुल रजक, ओमप्रकाश पाठक, प्रहलाद श्रीवास्तव, रमेश बिल्वालिया, रामस्वरूप श्रीवास, प्रचार मंत्री धनंजय बाजपेई ने की है।



### हनुमानताल में अव्यवस्थाओं को लेकर दुर्गा समितियों ने जाहिर की चिंता

# तालाब में नहीं पानी कैसे विसर्जित होंगी मातारानी

**जबलपुर।** शारदेय नवरात्र पर्व आज से प्रारंभ हो रहा है, दुर्गोत्सव समितियां पूरे मनोयोग के साथ साज सज्जा और पूजन पाठ की तैयारियां कर चुकी हैं. अब उन्हें एक ही चिंता सता रही है की हनुमानताल इस साल अव्यवस्थित है. प्रतिमाओं के विसर्जन में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा. सबसे मुख्य समस्या तालाब में पानी कम होना बताया जा रहा है. विगत दिनों शांति समिति की कोतवाली संभाग की बैठक में कांग्रेस के विधायक लखन घनघोरिया ने जोरदारी से इस मुद्दे को उठाया था। जिसका सभी दुर्गोत्सव समितियों ने समर्थन करते हुये तालाब को पानी से भरे जाने की मांग की थी. गणेशोत्सव के दौरान भी यही समस्या थी। लेकिन गणेश उत्सव और दशहरा एवं भव्यता में काफी अंतर है। दुर्गोत्सव में विशाल प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। जिनमें श्री वृहत महाकाली गढा फाटक, दुर्गोत्सव समिति खटीक मोहल्ला फूटाताल, तिलक दुर्गोत्सव समिति तिलक भूमि की तलैया प्रतिमाएं काफी भव्य होती हैं. कहा जा रहा है की तालाब में 3 से 4 फुट पानी है. पहले तालाब बारिश में भर जाता था और भोंगाद्वार से एक पाईप लाईन आकर तालाब में मिलती थी. जिससे तालाब में कभी पानी कमी नहीं होती थी. अब यह पाईप लाईन बंद हो चुकी है. इस साल काफी बारिश हुई, लेकिन तालाब नहीं भर पाया. जिसकी वजह थी की बारिश शुरु होने तक सफाई का काम चलता रहा और मलबा नहीं उठ पाया. तालाब की पूरी खुदाई भी हो पाई और तालाब समतल नहीं हो पाया. मलबा वापस तालाब में पहुंच गया, जिसके कारण तलाब नहीं भर पाया. गणोत्शव में जैसे तैसे क्रेन की व्यवस्था करके विर्सजन कराया गया. लेकिन दुर्गोत्सव में अलग अलग घाटों पर अलग अलग प्रतिमाओं का विसर्जन होता है. ज्यादातर प्रतिमाएं घोड़ा नक्कास और पूर्व विधायक नरेश सराफ के घर के सामने वाले घाट पर विसर्जित होती हैं. लेकिन यहां पानी इतनी कम है की अंतिम सीढी भी दिख रही है। इस स्थिति में बड़ी बड़ी प्रतिमाओं को लेकर उतरना परेशानी का सबब बनेगा।

दुर्गोत्सव समितियों ने चिंता जाहिर करते हुये जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त से यह मांग की है की तालाब को टैंकरों से पानी पहुंचाकर भरवाया जाए. ताकी विसर्जन में परेशानी न आए।

# बहुआयामी व्यक्तित्व वाले अरुण पाण्डेय 'दादा' नहीं रहे

**जबलपुर।** पत्रकार और नाट्य निर्देशक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले अरुण पाण्डेय का आज 21 सितंबर को शाम सवा पांच बजे निधन हो गया। वे कुछ वर्षों से वभिन्नि बीमारियों से संघर्षरत थे। अरुण पाण्डेय ने जबलपुर के हितवाद (ज्ञानयुग प्रभात), नवीन दुनिया, नव भास्कर, खबरसत्ता, स्वतंत्र मत, जयलोक और रायपुर व बिलासपुर में दैनिक भास्कर में कार्य किया था। दरअसल अरुण पाण्डेय बहुआयामी व्यक्तित्व वाले थे। वे पत्रकार, रंगकर्मी, चित्रकार, कथाकार, कवि व बेहतर टेक्नीशयिन थे। वे बेहद पढ़ाकू थे। उन्होंने आठवें दशक के अंत में अलखनंदन के भोपाल में रंगमंडल में जाने के बाद विवेचना की कमान संभाली और नए-नए नाटकों का मंचन करने की जिम्मेदारी संभाली। अरुण पाण्डेय ने हरिशंकर परसाई के व्यंग्य को नाटकों के माध्यम से जन जन तक पहुंचाया। ईसुरी के माध्यम से अरुण पाण्डेय ने बुंदेली को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया। वर्ष 1995 अरुण पाण्डेय के लिए महत्वपूर्ण था जब उन्होंने उदयप्रकाश की रचना और अंत में प्रार्थना पर नाट्य मंचन किया था। अरुण पाण्डेय स्वयं में एक संस्था की तरह थे। उनके सानिध्य में सैकड़ों रंगकर्मी उभरे और इन रंगकर्मियों ने अपने को कला की दुनिया में स्थापित किया। अरुण पाण्डेय मूलतः गंगा के किनारे बनारस के थे लेकिन सातवें दशक में उन्होंने नर्मदा के तट पर बसे जबलपुर से गहरा नाता जोड़ लिया था और यहीं के होकर रह गए। उनकी प्रगतिशील व जनवादी विचारधारा रही। अरुण पाण्डेय को उनके रंगकर्म अवदान के लिए वर्ष 2014-15 में मध्यप्रदेश का शिखर पुरस्कार देने का निर्णय चयन समिति ने लिया लेकिन यह सम्मान घोषित नहीं किया गया। अरुण पाण्डेय की अंतिम यात्रा जबलपुर में राइट टाउन स्थित निवास से गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए सोमवार 22 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे प्रस्थान करेगी।



## 232 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

# सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जबलपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे "सेवा पखवाड़ा" कार्यक्रम के अंतर्गत आज रामलीला मैदान सामुदायिक भवन, गढ़ा में भव्य रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अश्विनी कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन, जिला संयोजक डॉ. विवेक जैन के निर्देशन तथा महाराणा प्रताप मंडल के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में 232 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं, वहीं महाराणा प्रताप मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया गया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद दिलीप पटेल, पार्षद जीतू कटारे, पार्षद सुनील पुरी गोस्वामी, एडवोकेट विवेकानंद "विवेक" नायक, ओम कोस्टा, अज्जू गोरी, रवीश तिवारी, ऋषि गोस्वामी, विनीत शर्मा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे और अपना योगदान दिया।

### स्वास्थ्य शिविर में जिन चिकित्सकों ने सेवा दी, उनमें प्रमुख रूप से शामिल रहे

डॉ. पुष्पराज पटेल, डॉ. अमित पटेल, डॉ. सचिन बोधूलिया, डॉ. मणि नेमा, डॉ. वीरेंद्र साहू, डॉ. श्रीकांत साहू, डॉ. अरविंद पांडे, डॉ. प्रियंक दुबे, डॉ. श्याम सिद्धे, डॉ. अवधेश भट्ट, डॉ. सचिन नामदेव, डॉ. आर. के. गुप्ता, डॉ. राहुल पटेल, डॉ. हुमा सिद्धीकी।

# चलित प्रसादम सेवा द्वारा भोजन वितरण

**जबलपुर।** अग्रवाल सेवा समिति के सानिध्य चलित प्रसादम सेवा के द्वारा अग्रवाल धर्मशाला छोटे महावीर कोतवाली बाजार में सुबह 10:30 बजे से अग्रसेन जयंती के अवसर पर चलते हुए राहगीरों के लिए भोजन वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील शीर्ष अग्रवाल, स्पर्श अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, वेदांत मूर्ति अग्रवाल, कान्हा कार्तिक अग्रवाल ने की है।

# सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्यवाही

बरेला। विगत लंबे अरसे से नगर में सट्टे का खुलेआम माहौल चल रहा था जिस पर पुलिस को निरंतर शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोगों द्वारा खुलेआम सट्टे का खिलाया जा रहा है जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नवागत थाना प्रभारी अनिल पटेल ने सटोरियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए सट्टा पट्टी और नकदी जब्त की ।इससंबंध में पुलिस थाने से बताया गया कि लंबे अरसे से सट्टा खिला रहे अंकित सोनकर, राजेंद्र रैकवार, शिवकुमार चक्रवर्ती और आर्यनभट्ट के खिलाफ पुलिस ने छापा मारी कर सट्टा पट्टी और नगदी जब्त की।

### कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

# अवैध शराब बिक्री के विरोध में करणी सेना परिवार ने सौंपा ज्ञापन

**मझौली।** करणी सेना परिवार ने एक बार फिर थाना मझौली पहुंचकर क्षेत्र में बढ़ती अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। संगठन के अध्यक्ष दीपक चौहान के नेतृत्व में एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की मांग की गई। दीपक चौहान ने बताया कि पिछले दो से तीन महीनों से लगातार ग्राम-ग्राम और अन्य इलाकों में अवैध रूप से शराब बेचे जाने की शिकायतें मिल रही हैं। इसी के मद्देनज़र करणी सेना परिवार द्वारा अगस्त माह में दो बार ज्ञापन दिया जा चुका है और 5 सितंबर को थाना मझौली में एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे हैं, जिससे स्थानीय जनता में रोष व्याप्त है। यदि दशहरा तक इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है, तो संगठन द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपते समय अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन तो दिया, लेकिन अब देखना यह होगा कि प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम कब उठाए जाते हैं।



**श्रीमती रामकुंवर हिनोतिया-** रतन नगर एकता परिसर दुर्गा मंदिर के पास निवासी स्व. हरीश व गिरीश हिनोतिया की मां श्रीमती रामकुंवर हिनोतिया (89) का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज सुबह 9 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी।

**श्री राजकुमार पचौरी-** अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री राजकुमार पचौरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला वाल्मीक-** फूटाताल निवासी श्री राम सिंह वाल्मीक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला वाल्मीक (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दालचंद अहिरवार-** नई बस्ती तिलहरी निवासी श्री दालचंद अहिरवार (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शेखर कुमार विश्वकर्मा-** अशोक नगर अधारताल निवासी श्री शेखर कुमार विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीपी सिंह-** स्टार सिटी कटंगी बायपास के पास निवासी श्री वीपी सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विशाल सेन-** सिद्धबाबा वार्ड हनुमान होटल के पास निवासी श्री शेरू सेन के पुत्र श्री विशाल सेन (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर-** छापर रामपुर निवासी श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश डुमार-** द्वारका नगर झंडा चौक निवासी श्री रमेश डुमार (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश पिल्ले-** इंद्रपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री सुरेश पिल्ले (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रत्तो बाई चौधरी-** रामपुर छापर जोगनी माता मंदिर के पास निवासी श्री मोती लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रत्तो बाई चौधरी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री जवाहर लाल जडिय़ा-** दरहाई चौक के पास निवासी श्री जवाहर लाल जडिय़ा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला श्रीवास्तव-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री रामचरण लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला श्रीवास्तव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती माया साहू-** ग्राम सिंघोल मुकुंदपुर सतना निवासी श्री राम नरेश साहू की धर्मपत्नी श्रीमती माया साहू (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- रंगीन 400/-
फिक्स साइज रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# एच-1बी की मार और जीएसटी में राहत, बाजार की दिशा तय करेंगे ये फैक्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के एच-1बी वीजा के शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर करने, व्यापार वार्ता और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, निवेशक वैश्विक बाजारों के रुझान पर भी नजर रखेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह, बाजार शुक्रवार देर रात घोषित एच-1बी वीजा पर 100,000 डॉलर का वार्षिक शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले पर प्रतिक्रिया देंगे। जबकि निर्यात पर निर्भर क्षेत्र पहले से ही शुल्क से संबंधित दबाव का सामना कर रहे हैं। व्यापार वार्ता चल रही है। ऐसे में इस संवेदनशील समय में यह कदम आईटी सेवा निर्यातकों पर और दबाव डाल सकता है। ब्याज दर में कटौती के बाद अमेरिकी बाजार के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखेंगे।

## वैश्विक बाजारों के रुझान पर निवेशकों की रहेगी नजर

### आउटसोर्सिंग बाजार में मुश्किलें बढ़ी

*भारत के 285 अरब डॉलर के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के लिए अपने सबसे बड़े आउटसोर्सिंग बाजार में मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि अमेरिका ने एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपए) तक बढ़ाने का फैसला किया है। आईटी कंपनियों के शीर्ष निकाय नासकॉम ने चेतावनी दी है कि इससे 'ऑनशोर' परियोजना के लिए कारोबार की निरंतरता बाधित होगी। ऑनशोर परियोजना में संबंधित कंपनी के मुख्य परिचालन वाले क्षेत्र में रहकर सेवाएं देनी होती हैं। उल्लेखनीय है कि एच-1बी वीजा धारकों में 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवर हैं।*




### आईटी निर्यातकों की आय पर असर

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, 'यह कदम (एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर तक बढ़ाने का अमेरिकी फैसला) अमेरिकी ग्राहकों की लागत में भारी वृद्धि कर सकता है और भारतीय प्रौद्योगिकी प्रतिभा की मांग कम कर सकता है, जिससे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और विप्रो जैसे बड़े आईटी निर्यातकों की आय पर सीधा असर पड़ेगा।'

### व्यापार वार्ता के लिए उद्योग मंत्री जाएंगे अमेरिका

शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 22 सितंबर को आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जाएंगे। इसमें कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल आपसी लाभकारी व्यापार समझौते पर जल्द से जल्द सहमति बनाने के लिए अमेरिकी टीम के साथ चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए बातचीत करेगा। 16 सितंबर को भारत आए अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों की टीम की पिछली यात्रा के दौरान, व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई और इस संबंध में प्रयासों को और तेज करने का फैसला किया गया।

## खबर संक्षेप

### आभूषण प्रदर्शनी में 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री



**मुंबई।** अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने कहा कि चार दिन की भारत रत्न एवं आभूषण प्रदर्शनी (जीजेएस-2025) - दिवाली संस्करण - में लगभग 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री हुई। 'जीजेएस का यह संस्करण वास्तव में हमारे उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक अवसर रहा है।

### एफपीआई ने शेयरों से निकाले 7,945 करोड़




**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव के कारण एफपीआई ने सितंबर में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 7,945 करोड़ रुपए निकाले हैं। अगस्त में 34,990 करोड़ रुपए और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपए की भारी निकासी के बाद, अब तक कुल 1.38 लाख करोड़ रुपए की निकासी की है।

### त्योहारों में अच्छी बिक्री की उम्मीदः हीरो मोटोकॉर्प





**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प को उम्मीद है कि मौजूदा त्योहारों का मौसम बिक्री के मामले में 'सबसे अच्छा' रहेगा, जिससे वह इस साल भी घरेलू दोपहिया खंड में अपनी शीर्ष स्थिति को कायम रख पाएगी। देश की सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी ने हाल ही में 12.5 करोड़ इकाई के उत्पादन का आंकड़ा पार किया है।

### दिवाली के बाद शुरू होगा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के जेवर में एक नये विमानन केंद्र के रूप में विकसित हो रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) का परिचालन इस साल के अंत तक शुरू हो सकता है। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बताया कि हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 अक्टूबर को होगा और अगले 45 दिन के भीतर 10 मार्गों पर उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

### 25 से प्रगति मैदान में इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो




**नई दिल्ली।** अमेरिका, यूरोपीय संघ, वियतनाम, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, बेल्जियम, जापान और चीन जैसे प्रमुख बाजारों सहित 15 से अधिक देशों के प्रतिभागी 25 सितंबर गुरुवार से शुरू होने वाली समुद्री खाद्य प्रदर्शनी 'इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो' में भाग लेंगे।

## मारुति ने अपनी कारों की कीमतों में की 1.29 लाख रुपए तक कटौती

# जीएसटी कटौतीः नवरात्रि के पहले दिन से सस्ती होगी कारें, दोपहिया के घटेंगे दाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख वाहन कंपनियों...मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंदै मोटर इंडिया सोमवार से अपनी कारों की कीमतें कम करने जा रही हैं। आज से नवरात्रि का शुभ त्योहार शुरू हो रहा है। इससे ग्राहकों को काफी फायदा होगा। लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के साथ-साथ दोपहिया वाहन कंपनियां भी 22 सितंबर से लागू नए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के साथ कीमतें कम करने जा रही हैं। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपनी कारों की कीमतों में 1.29 लाख रुपए तक की कटौती की है।

कंपनी ने दोपहिया वाहन चलाने वाले ग्राहकों को चार पहिया वाहनों खरीदने में सुगमता के लिए अपनी छोटी कारों की कीमतों में 8.5 प्रतिशत से अधिक की कटौती करने का भी फैसला किया है। प्रवेश-स्तर के मॉडल एस प्रेसो की कीमत में 1,29,600 रुपए तक की कमी होगी, ऑल्टो के 10 की कीमत में 1,07,600 रुपए तक की कमी होगी। सेलेरियो की कीमत में 94,100 रुपए की कमी होगी। वैगन-आर की कीमत में 79,600 रुपए तक की कमी होगी और इग्निस की कीमत में 71,300 रुपए तक की कमी होगी।



### साउंड बार-पार्टी स्पीकर की बढ़ेगी बिक्री

टीवी उद्योग, जिसने इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल से सितंबर) में लगभग स्थिर बिक्री दर्ज की है। उद्योग इस सप्ताह नवरात्रि से शुरू होने वाले त्योहारों के दौरान बिक्री में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा है। इसके अलावा विनिर्माताओं को उम्मीद है कि कम कीमतों से बचत होने पर उपभोक्ता अतिरिक्त सुविधाओं वाले बड़े स्क्रीन साइज वाले टीवी खरीदेंगे। सोनी, एलजी और पैनासोनिक जैसे प्रमुख टीवी कंपनियां 22 सितंबर, 2025 से कम अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) वाली नई मूल्य सूची लेकर आई हैं। इसके अलावा, विनिर्माताओं को उम्मीद है कि इससे साउंड बार और पार्टी स्पीकर जैसे बंडल वाले उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी।



### स्विफ्ट की कीमत में 84,600 रुपए तक की कमी



प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत में 84,600 रुपए तक की कमी, बलेनो की कीमत में 86,100 रुपए तक की कमी, टूर एस की कीमत में 67,200 रुपए तक की कमी, डिजायर की कीमत में 87,700 रुपए तक की कमी, फ्रोंक्स की कीमत में 1,12,600 रुपए तक की कमी, ब्रेजा की कीमत में 1,12,700 रुपए तक की कमी, ग्रैंड विटारा की कीमत में 1.07 लाख रुपए तक की कमी होगी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, 'भारतीय बाजार में वाहन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता। भारत में प्रति 1,000 लोगों में सिर्फ 34 प्रतिशत के पास कार है, जो बहुत कम है। इसलिए बाजार का अगुवा होने के नाते, हम भारत में मोटर वाहन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए यह पहल कर रहे हैं।'

### टीवी होगी ढाई से 85 हजार रुपए तक सस्ती

*माल एवं सेवा कर कटौती के बाद टेलीविजन निर्माता कीमतों में 2,500 रुपए से 85 हजार रुपये तक की कमी करने जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ मिल सकेगा। टीवी विनिर्माताओं को सोमवार से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। जिससे टेलीविजन और एसी, वॉशिंग मशीन जैसे कई उत्पादों की कीमतें कम हो गई हैं। 32 इंच से अधिक स्क्रीन साइज वाले टीवी सेट पर शुल्क मौजूदा के 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। टीवी विनिर्माताओं ने स्क्रीन साइज और खूबियों के आधार पर कीमतों में 2,500 रुपए से 85 हजार रुपए के बीच कटौती की घोषणा की है, जीएसटी में 10 प्रतिशत की कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके।*

### 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी होंगे सस्ते



*सोनी इंडिया अपने 43 इंच से 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी मॉडल पर 5,000 रुपए से 71,000 रुपए के बीच एमआरपी में कटौती कर रही है। इसने 43 इंच वाले ब्राविया 2 की कीमत 59,900 रुपए से घटाकर 54,900 रुपए और 55 इंच वाले ब्राविया 7 की कीमत 2.30 लाख रुपए से घटाकर 2.50 लाख रुपये कर दी है। इसी तरह, 98 इंच स्क्रीन साइज वाला इसका टॉप-एंड ब्राविया 5 मॉडल सोमवार से नौ लाख रुपए के मौजूदा मूल्य की तुलना में 8.29 लाख रुपए में मिलेगा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 43 इंच से 100 इंच स्क्रीन साइज वाले अपने टीवी सेट की कीमतों में 2,500 रुपए से 85,800 रुपए तक की कटौती की घोषणा की है। इसने 43 इंच स्क्रीन साइज वाले मॉडल की कीमत 30,990 रुपए से घटाकर 28,490 रुपए कर दी है। कंपनी ने 55 इंच और 65 इंच स्क्रीन साइज वाले दो लोकप्रिय मॉडल की कीमत 3,400 रुपए कम कर दी है, जो अब क्रमशः 42,990 रुपये और 68,490 रुपए में मिलेंगे।*



### 2029-30 तक 88 अरब रुपए का होगा ऑनलाइन बाजार

**नई दिल्ली।** भारत का ऑनलाइन घरेलू सेवा बाजार 18-22 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर वित्त वर्ष 2029-30 तक 85-88 अरब रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस बाजार को सुविधा, विश्वसनीयता और गति की बढ़ती शहरी मांग से समर्थन मिल रहा है। परामर्श फर्म रेडसीर ने कहा कि 'क्विक कॉमर्स' को व्यापक रूप से अपनाने के बाद, 'तत्काल घरेलू सेवा' भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में अगले क्षेत्र के रूप में उभर रही है। समय की कमी से जूझ रहे शहरी उपभोक्ताओं के बीच यह तेजी से लोकप्रिय हो रही है। भारत का समग्र घरेलू सेवा बाजार वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 5,100-5,210 अरब रुपए था। अभी भी इस क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र का प्रभुत्व है। रिपोर्ट में कहा गया, 'तत्काल घरेलू सेवा एक मांग आधारित घरेलू सहायता प्रणाली की तरह काम करती है, जो असंगठित घरेलू सहायकों और सेवा मंचों के बीच की खाई को पाटती है।'

## विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करेगी एनटीपीसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू बिजली कंपनी एनटीपीसी अपनी भविष्य की परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करने की योजना बना रही है। एनटीपीसी इस समय स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में विविधता लाने की दिशा में काम कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, 1975 में ताप बिजली संयंत्र के रूप में स्थापित एनटीपीसी लिमिटेड (पूर्व में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड) ने अपनी क्षमता में वृद्धि की है और साथ ही वह ऊर्जा उत्पादन के नए तरीकों में भी विविधता लेकर आई है। एनटीपीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक की समूह के स्तर पर कोयला, गैस/तरल ईंधन, जल और सौर जैसे ईंधन स्रोतों के आधार पर 83,026 मेगावाट की स्थापित क्षमता है। अपनी जीवाश्म ईंधन पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए कंपनी भारत में विभिन्न स्थानों पर संयुक्त उद्यम और अकेले दोनों तरीकों से परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है।




- एनटीपीसी को जल्द ही परमाणु ऊर्जा कारोबार में उतरने की उम्मीद

### एमओयू के मसौदे को पहले ही मंजूरी

अधिकारी ने कहा, 'ईंधन के लिए, हम विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों के अधिग्रहण की संभावना तलाश रहे हैं। इस दिशा में विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों की संयुक्त तकनीकी-वाणिज्यिक जांच-परख के लिए हमारे बोर्ड ने यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मसौदे को पहले ही मंजूरी दे दी है।' यूरेनियम, एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला धात्विक तत्व है, जिसका उपयोग परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ईंधन के रूप में किया जाता है। एनटीपीसी के जल्द ही परमाणु ऊर्जा कारोबार में उतरने की उम्मीद है।

## भारत और ओमान सीईपीए पर करेंगे हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** भारत और ओमान जल्द ही व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। भारत में ओमान के राजदूत इसा सालेह अब्दुल्ला अलशिबानी ने कहा कि दोनों देश अपने व्यापार में विविधता लाने और अधिक वस्तुओं तथा सेवाओं के आदान-प्रदान के लिए यह समझौता कर रहे हैं। अलशिबानी ने कहा कि बातचीत पूरी हो चुकी है और अभी कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं चल रही हैं। समझौते पर हस्ताक्षर की संभावित समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'उम्मीद है हम जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करने के चरण पर पहुंच जाएंगे।' सीईपीए कहे जाने वाले इस समझौते पर औपचारिक रूप से बातचीत नवंबर 2023 में शुरू हुई थी।

### घरों की बिक्री घटने का अनुमान ...



**नई दिल्ली।** मुंबई और पुणे में कमजोर मांग के कारण देश के नौ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में एक घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर एक लाख इकाई पर आ सकती है। रियल एस्टेट आंकड़ा विश्लेषक कंपनी प्रॉपइक्विटी ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए आवास बाजार का अनुमान जारी किया है। मानसून और श्राद्ध के कारण यह तिमाही आमतौर पर कमजोर मानी जाती है। आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर, 2025 के दौरान नौ शहरों में घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 1,00,370 इकाई रह सकती है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,05,081 इकाई था। मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे और पुणे में आवासीय संपत्तियों की बिक्री में गिरावट की संभावना है।

## निचले ग्रेड के लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क से होगा नुकसान : उद्योग संगठन

- लौह अयस्क पर 30 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने की योजना बना रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योग संगठन यूसीसीआईएल ने चेताया है कि निम्न ग्रेड वाले लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क लगाने से उत्पादन, घरेलू कीमतें कम हो जाएंगी, क्षमता में दीर्घकालिक नुकसान होगा और भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा कम हो जाएगी। सरकार इस साल अक्टूबर से निचले ग्रेड वाले लौह अयस्क पर 30 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने की योजना बना रही है। उत्कल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री लिमिटेड (यूसीसीआईएल) ने एक बयान में कहा, 'निर्यात शुल्क से इस क्षेत्र में अस्थिरता पैदा होगी, उत्पादन में गिरावट, घरेलू कीमतों में भारी गिरावट, भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा क्षमता में कमी और दीर्घकालिक क्षमता का नुकसान होगा। इसका असर रोजगार, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था और औद्योगिक उत्पादन पर भी होगा।'



यूसीसीआईएल ने ओडिशा सरकार से आग्रह किया कि वह राज्य के लौह अयस्क खनन उद्योग की रक्षा करे, क्योंकि केंद्र सरकार निचले ग्रेड वाले लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क लगाने को लेकर चर्चा कर रही है। संगठन ने कहा कि ऐसा कदम निश्चित रूप से इस क्षेत्र को नुकसान पहुंचाएगा, इससे खनन वाले राज्यों के खजाने को 16,200 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान होगा और राज्यों में खनन पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी। यूसीसीआईएल ने चेतावनी दी कि प्रस्तावित निर्यात शुल्क से इस क्षेत्र में अस्थिरता पैदा होगी, उत्पादन में गिरावट, घरेलू कीमतों में भारी गिरावट, भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा क्षमता में कमी और दीर्घकालिक क्षमता का नुकसान होगा। संगठन ने कहा, 'इसका असर रोजगार, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था और औद्योगिक उत्पादन पर भी होगा।'

**कार्यालय-प्रबंधक शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र गढी, जिला - बालाघाट म.प्र.**

क्र.- JDVSJBP26/2025 **निविदा विज्ञप्ति** दिनांक- 09.09.2025

संचालनलय पशु पालन एवं डेयरी विभाग, मध्य प्रदेश की ओर से शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्रगढी, जिला – बालाघाट म.प्र. पर 150 एकड़ घास बीड़ की घास कटाई व गोदाम में भण्डारण हेतु e-procurement प्रणाली Portal http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | विवरण | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक | निविदा राशि रू. | धरोहर (ई.एम.डी.) राशि रु. | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| JDVSJBP 26/2025 | शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र गढ़ी जिला बालाघाट में वर्ष 2025-26 हेतु 150 एकड़ घास बीड़ की घास कटाई व गोदाम में भण्डारण सहित इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा निविदा आमंत्रित है। | 24/09/2025 | 2000.00 (प्रोसेसिंग फीस) | रु. 9000.00 | 15/10/2025 शाम 05.00 बजे तक |

1. निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा संबंधी समस्त जानकारी बेवसाईट पर अथवा कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं।
3. निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 4.50 लाख मात्र है।

प्रबंधक
शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्रगढी
जिला-बालाघाट, म.प्र.

G-19010/25 "स्वच्छता ही सेवा"

इस साल सोना 43.2 प्रतिशत और शेयर बाजार 5.74 प्रतिशत ही चढ़े

# चांदी ने इस साल दिया 49% रिटर्न, गोल्ड -शेयर बाजार को छोड़ा पीछे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर तथा इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक मांग से चांदी ने इस साल अब तक 49 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है और इस मामले में सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है। उनका यह भी कहना है कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और जोखिम के बीच स्वच्छ ऊर्जा/सौर/ईवी क्षेत्र में मांग मजबूत बनी हुई है। ऐसे में कुछ सावधानियों के साथ जोखिम क्षमता के आधार पर चांदी अब भी निवेश के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। उल्लेखनीय है कि एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) में चांदी बीते वर्ष 87,233 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो 19 सितंबर, 2025 तक 49.14 प्रतिशत उछलकर 1,30,099 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

- निवेश के लिहाज से अच्छी स्थिति में सिल्वर



### लाभ उठाने की विशिष्ट स्थिति में चांदी

चीन में नीतियों में ढील, फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती, शुल्क अनिश्चितता और वैश्विक आपूर्ति में कमी सहित सहायक वृहद आर्थिक रुझानों के साथ, चांदी सुरक्षित निवेश और आर्थिक सुधार दोनों ही विषयों से लाभ उठाने की विशिष्ट स्थिति में है।' सिल्वर इंस्टिट्यूट के अनुसार, 2025 चांदी की आपूर्ति में कमी का लगातार पांचवां साल होगा। इसका अर्थ है कि मांग, आपूर्ति से आगे निकल रही है, और इस मांग का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा औद्योगिक उपयोग से आ रहा है।

### चांदी की कीमतों में तेजी

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, 'इस साल चांदी की कीमतों में तेज वृद्धि हुई, जिसका कारण अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख और फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) द्वारा ब्याज दर में कटौती को लेकर बढ़ती उम्मीदें थीं।

IndiGrid INDIA GRID TRUST ("IndiGrid")

**"सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइन और सोलर में रोमांचक करियर के अवसर - हमसे जुड़ें!"**

**6 और 7 अक्टूबर को दिल्ली और भोपाल में भर्ती अभियान**

| बी यू | कार्य भूमिका | योग्यता | अनुभव | वेतन सीमा |
|---|---|---|---|---|
| सबस्टेशन | सबस्टेशन प्रभारी<br>रखरखाव इंजीनियर<br>शिफ्ट इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी.टेक<br>बीई/बी.टेक<br>डिप्लोमा<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 7-10 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 12 लाख प्रतिवर्ष तक<br>6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>5 लाख प्रतिवर्ष तक<br>4.5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| संचरण लाइन | लाइन मैनेजर<br>लाइन इंजीनियर<br>प्रमुख तकनीशियन | बीई/बी.टेक<br>बीई/बी.टेक<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 5-9 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>7-10 वर्ष | 7 से 10 लाख प्रतिवर्ष<br>6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>5.5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| सौर | विद्युत इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी.टेक<br>आईटीआई | 5-8 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 7 से 10 लाख प्रतिवर्ष<br>4.5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) | रखरखाव इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी.टेक<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 4-5 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>4.5 लाख प्रतिवर्ष तक |

साक्षात्कार निम्नानुसार निर्धारित है: दिन 1 (6 अक्टूबर) और दिन 2 (7 अक्टूबर)
दिन 1: तकनीशियन, फिटर, लीड तकनीशियन (सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइन और सौर)
दिन 2: शिफ्ट इंजीनियर, रखरखाव इंजीनियर, लाइन मैनेजर, लाइन इंजीनियर, इंजीनियर/सीनियर इंजीनियर-सोलर
साक्षात्कार का समय: सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक। साक्षात्कार स्थल: (दिल्ली)-इंडिग्रिड कार्यालय, पाँचवीं मंजिल, जेएमडी गैलेरिया, सोहना रोड-48, गुड़गांव, हरियाणा-122018
साक्षात्कार का समय: सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक। साक्षात्कार स्थल: (भोपाल) - होटल श्री वाटिका, आर-51, चेतक ब्रिज के पास, जोन-1, महाराणा, भोपाल, मध्य प्रदेश-462011
कार्यस्थल : पूरे भारत में। रिज्यूमे साझा किए जाने के लिए ईमेल आईडी: careers@indigrid.com (कृपया 3 अक्टूबर 2025 तक अपना बायोडाटा साझा करें)

## चिंतन

# भारत में नवाचार को रफ्तार देगा अमेरिका का फैसला

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत के साथ डबल गेम खेलने की कोशिश कर रहे हैं। एक तरफ वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोस्त बताते हैं, उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हैं और दूसरी तरफ एक के बाद एक भारत के खिलाफ फैसले ले रहे हैं। दो दिन पहले ही ट्रंप ने ईरान में भारत द्वारा बनाए जा रहे चाबहार पोर्ट पर 2018 में दी गई प्रतिबंधों से छूट को रद्द करने की घोषणा की है। यह फैसला 29 सितंबर 2025 से लागू होगा। भारत ने अभी तक वहां 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। भारत इस पोर्ट के साथ एक आर्थिक क्षेत्र बनाने व अफगानिस्तान तक रेल नेटवर्क तैयार करने पर भी काम कर रहा है। इस परियोजना को पाकिस्तान में चीन की तरफ से निर्मित गवादर पोर्ट की तुलना में भारत की महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी परियोजना के तौर पर देखा जाता है। इस प्रोजेक्ट के साथ उज्बेकिस्तान, तुर्केमिनस्तान व यूएई जैसे देशों को जोड़ा जा रहा है, लेकिन अमेरिका का नया कदम पोर्ट परियोजना को लेकर अनिश्चितता पैदा कर देगा। अभी ये मामला ठंडा ही नहीं पड़ा था कि ट्रंप ने शुक्रवार को एच-1बी वीजा पर 100,000 डॉलर की एनुअल फीस लगाकर उन्होंने फिर भारत को झटका दिया। इससे यह प्रोग्राम लगभग खत्म हो जाएगा। इससे भारतीयों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। अमेरिका में एच-1बी वीजा की एवरेज एनुअल सैलरी 66,000 डॉलर है। यह कदम अमेरिका के संरक्षणवादी रवैये को दर्शाता है। ट्रंप ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की बातचीत धीरे-धीरे सामान्य होने की ओर बढ़ रही थी। हाल में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच की टीम भारत दौरे पर थी। उनकी भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता सकारात्मक रही। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अब वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की अगले सप्ताह अमेरिका यात्रा पर जाने वाले हैं। वहां भारत-अमेरिकी व्यापार सरल बनाने पर चर्चा होनी है, लेकिन इससे पहले ही ट्रंप ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर भारत पर एक बार फिर दबाव बनाने की कोशिश की है। अगर आंकड़ों को देखें तो अमेरिका हर साल 85,000 एच-1बी वीजा जारी करता है, जिनमें से लगभग 75 फीसदी भारत को मिलते हैं। ट्रंप के इस फैसले का असर भारत के आईटी इंजीनियर, डॉक्टर्स पर सबसे ज्यादा पड़ेगा। ट्रंप ने कहा है कि अब कोई भी कंपनी विदेशी कर्मचारियों को ट्रेनिंग नहीं देगी। अगर देगी तो सरकार को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) देने होंगे। फिर कर्मचारी को भुगतान करना होगा। ऐसे में यह आर्थिक रूप से सही नहीं है। अगर आप किसी को ट्रेनिंग देने जा रहे हैं तो आप अपने देश के बेहतरीन विश्वविद्यालयों से निकले हालिया ग्रेजुएट्स को ट्रेनिंग देंगे। कहा गया है कि एच-1बी प्रोग्राम के दुरुपयोग से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। इससे अमेरिकी नागरिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने से हतोत्साहित होते हैं, लेकिन ट्रंप ने सीधे-सीधे भारत को निशाने पर रखकर ये फैसला लिया है। वो किसी भी तरह से भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों में लगे हैं। अनेक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ट्रंप का ये फैसला हमारे लिए फायदेमंद हो सकता है। ग्लोबल टैलेंट प्रतिबंध लगाने से लैब, पेटेंट, इनोवेशन और स्टार्टअप भारतीय शहरों की ओर चले जाएंगे, जिससे अमेरिका का नुकसान व भारत को फायदा होगा। ये कदम भारत के नवाचार को गति देगा। अब समय है कि हम अपने देश में विकास को गति दें ताकि अगली पीढ़ी को काम के लिए देश छोड़कर बाहर न जाना पड़े।



# वीजा पॉलिसी से भारतीयों को नुकसान

वीजा टैरिफ
राज कुमार सिन्हा

> वीजा स्वीकृति की संख्या में गिरावट आ रही है। 2023 की तुलना में 2024-25 में भारतीयों को दी जाने वाली स्वीकृति की संख्या में लगभग 28 से 37% की गिरावट हुई है। पहले जितनी फ़ाइलें मंज़ूर हो रही थीं, अब उनमें कमी आ रही है। रजिस्ट्रेशन में भारी गिरावट हो रही है। वित्तीय वर्ष 2026 के लिए एच-1बी वीज़ा के रजिस्ट्रेशन में भारी कमी आई है। संयुक्त राज्य नागरिकता और आव्रजन सेवा को वित्तीय वर्ष 2026 में लगभग 3 .58 लाख रजिस्ट्रेशन मिले, जबकि पिछले वर्षों में ये संख्या काफी ज्यादा थी। अमेरिका फर्स्ट" और एज-1बी पॉलिसी बदलावों का भारत पर गहरा असर पड़ेगा, क्योंकि इसके सबसे बड़े लाभार्थी भारतीय ही रहे हैं।

भारतीयों को एच-1बी वीज़ा का बड़ा हिस्सा मिलता है। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच, अमेरिका ने जितने भी एच-1बी वीज़ा जारी किए हैं, उनका लगभग 72.3% हिस्सा भारतीय नागरिकों को गया है। यानी यदि कुल 100 वीजा हों तो उनमें से लगभग 70-75 भारतीयों को मिलते हैं। वीजा स्वीकृति की संख्या में गिरावट आ रही है। 2023 की तुलना में 2024-25 में भारतीयों को दी जाने वाली स्वीकृति की संख्या में लगभग 28 से 37% की गिरावट हुई है। पहले जितनी फ़ाइलें मंजूर हो रही थीं, अब उनमें कमी आ रही है। रजिस्ट्रेशन में भारी गिरावट हो रही है। वित्तीय वर्ष 2026 के लिए एच-1बी वीज़ा के रजिस्ट्रेशन में भारी कमी आई है। संयुक्त राज्य नागरिकता और आव्रजन सेवा को वित्तीय वर्ष 2026 में लगभग 3.58 लाख रजिस्ट्रेशन मिले, जबकि पिछले वर्षों में ये संख्या काफी ज्यादा थी।

इससे यह संकेत मिलता है कि नए नियम और लागत (फीस) बढ़ने से आवेदन करने वालों की संख्या कम हो रही है। ये आंकड़े देखकर, निम्नलिखित अनुमान लगाए जा सकते हैं कि बदलाव से कितने भारतीय प्रभावित हो सकते हैं। वीजा फीस में बड़ा इज़ाफा वे कंपनियां और व्यक्ति जिनके पास वर्क प्रोवाइडर (नियोक्ता) कम संसाधन वाले हों, या जो शुरुआती स्तर पर हों तो आवेदन कम हो सकते हैं। विशेष रूप से वे जो हर साल आवेदन मास्टर्स डिग्री आदि के लिए करते हैं। चयन मिलने की संभावना कम होने से चयन में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। कानून और नियमों में सख्ती से छोटे-बड़े दोनों कंपनियों पर असर होगा, लेकिन छोटे एवं मध्य-स्तर की सेवाएं देने वाली कंपनियों पर असर ज़्यादा होगा और काम के अवसर कम हो सकते हैं। कुछ नियोक्ता शायद विदेशी कर्मचारियों की जगह स्थानीय भर्ती पर ध्यान देंगे। कुल कोटा या कंट्री कैप ( वीज़ा या आप्रवासन सीमा) में बदलाव उन भारतीयों को जो अभी आवेदन करने के लिए तैयार हैं, और जो वर्षों से इंतजार कर रहे हैं, काफी संख्या में भारतीयों को वीज़ा नहीं मिल पाएंगी। वीजा पाने की संभावना और अधिक मुश्किल हो जाएगी। हर साल लगभग 85,000 एच-1बी वीजा का कैप है। इसमें 65,000 सामान्य और 20,000 मास्टर्स श्रेणी के हैं। भारतीयों को वर्तमान में लगभग 60,000 से अधिक वीजा प्रति वर्ष मिल रहा है। यदि स्वीकृति दर या आवेदन की संख्या में 30 से 40% की गिरावट आती है, तो लगभग 20,000-25,000 भारतीय आवेदनकर्ता सालाना प्रभावित हो सकते हैं क्योंकि उन्हें वीज़ा नहीं मिल पाएगी। यदि फीस बहुत ज्यादा हो जाती है और कोटा या नियम बहुत सख़्त हो जाएं तो यह संख्या इससे भी ज्यादा हो सकती है अर्थात 30,000 से 40,000 भारतीय या उससे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न देशों में कार्य कर रहे भारतीयों द्वारा भारत में भेजे जाने वाले रेमिटेंस (प्रवासी भारतीय द्वारा भेजा गया धन) लगभग 11.93 लाख करोड़ रुपये था। इसमें अकेले अमेरिका से वित्त वर्ष 2024-25 में प्रवासी भारतीयों द्वारा रेमिटेंस 3.30 लाख करोड़ रुपये भेजा गया है। भारत के लिए यह एक बड़ा स्रोत है क्योंकि प्रवासी भारतीयों की आय का एक हिस्सा रेमिटेंस के रूप में भारत भेजा जाता है। जानकारों का मानना है कि एच-1बी पॉलिसी में कड़ाई आने पर अमेरिका से भारत आने वाले रेमिटेंस में लगभग 33,000 से 49,500 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है। अमेरिका में कई हाई-टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्रों में स्थानीय प्रतिभा की कमी रहती है। एच-1बी वीजा से उन्हें दुनिया भर (खासकर भारत, चीन) से कुशल इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और आईटी प्रोफेशनल्स मिलते हैं। वीजा पर आए लोगों ने अमेरिका के स्टार्टअप इकोसिस्टम और बड़ी टेक कंपनियों (जैसे गुगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन) में अहम भूमिका निभाई है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला दोनों ही भारतीय हैं और एच-1बी से ही शुरुआत की थी। अमेरिकी कंपनियों को सस्ते और योग्य कर्मचारी मिलते हैं, जिससे उनकी लागत घटती है और मुनाफ़ा बढ़ता है। ग्लोबल टैलेंट लाने से अमेरिकी कंपनियां नवाचार और तकनीकी प्रतिस्पर्धा में आगे रहती है। अमेरिकी नागरिकों का एक वर्ग का कहना है कि एच-1बी वीजा के ज़रिए आने वाले प्रोफेशनल्स अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन लेते हैं। खासकर आईटी और प्रोग्रामिंग सेक्टर में स्थानीय कामगारों को प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। कई बार कंपनियां वीजा वर्कर्स को अपेक्षाकृत कम वेतन पर रख लेती हैं। इससे अमेरिकी कर्मचारियों की वेतन वृद्धि धीमी हो जाती है। भारतीय आईटी कंपनियां (इन्फोसिस, टीसीएस, वीप्रो आदि) बड़े पैमाने पर एच-1बी वीज़ा का इस्तेमाल करती हैं। अमेरिकी राजनीति में यह आरोप लगता है कि वे सस्ते लेबर लाकर अमेरिकी कर्मचारियों को दरकिनार करती हैं। अमेरिका के लिए एच-1बी वीजा दोधारी तलवार है। एक तरफ यह उसकी अर्थव्यवस्था और तकनीकी बढ़त को मज़बूत करता है। दूसरी तरफ यह स्थानीय अमेरिकी लोगों की नौकरी और वेतन से जुड़ी चिंताओं को जन्म देता है। इसलिए अमेरिकी सरकार अक्सर इसमें सुधार और बदलाव करती रहती है, जैसे लॉटरी सिस्टम, फीस



वृद्धि, सैलरी मानक, नियोक्ता पर पाबंदियां आदि। सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी चुनौतियां बढ़ती हैं। वीजा कर्मचारी को नियोक्ता पर निर्भर बना देता है। कभी-कभी इसका गलत फायदा उठाकर कंपनियां वर्कर्स से ज़्यादा काम लेती हैं या उनकी नौकरी की स्वतंत्रता सीमित कर देती हैं।

"अमेरिका फर्स्ट" की नीति के कारण एच-1बी वीज़ा को लगातार निशाने पर लिया गया है, क्योंकि इसे अमेरिकी नौकरियों के लिए खतरा बताया जाता है। लेकिन हकीकत में यह अमेरिका की टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के लिए ज़रूरी भी है। इसलिए अमेरिका इसका संतुलित उपयोग करता है और पूरी तरह बंद नहीं करता, लेकिन कठोर नियम लाकर दिखाता है कि पहली प्राथमिकता अमेरिकी नागरिकों की नौकरी है। "अमेरिका फर्स्ट" और एज-1बी पॉलिसी बदलावों का भारत पर गहरा असर पड़ेगा, क्योंकि इसके सबसे बड़े लाभार्थी भारतीय ही रहे हैं। भारत सरकार ने अमेरिका से बार-बार एच-1बी पॉलिसी पर भारतीय प्रोफेशनल्स को लेकर उदार रुख अपनाने की मांग की है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बिहार विस चुनाव

सुशील देव



# नई पार्टियों की एंट्री बदलेगी गणित या बढ़ाएगी कंफ्यूजन

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इस बार की सबसे खास बात यह है कि कई नई राजनीतिक पार्टियां मैदान में उतर चुकी हैं। इससे न केवल राजनीतिक समीकरण बिगड़ सकते हैं बल्कि मतदाताओं के बीच असमंजस की स्थिति भी पैदा हो रही है। जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) चुनावी अखाड़े में प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, वहीं इस बार नई पार्टियों की मौजूदगी ने पुराने दलों के लिए सिरदर्द बढ़ा दिया है। नई पार्टियों में सबसे ज्यादा चर्चा चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी की है जो इन दिनों बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। जन सुराज को लंबे समय तक देशभर की राजनीति में चुनावी रणनीतियों के लिए डिजाइन किया है। अब वे खुद अपनी पार्टी के साथ मैदान में हैं। खास बात यह है कि उन्होंने बिहार की जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। गांव-गांव जाकर संवाद, पदयात्रा और जनता से सीधे संपर्क के जरिए उन्होंने साफ संदेश दिया है कि उनकी राजनीति जाति और धर्म के बंधनों से परे होगी। यही वजह है कि जन सुराज पार्टी को इस बार 'गंभीर खिलाड़ी' माना जा रहा है। वहीं पुरानी राजनीति को चुनौती देने वाली स्थिति भी रोमांचक है। बिहार की राजनीति पिछले पांच दशकों से लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और दिवंगत रामविलास पासवान जैसे बड़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन इस बार तस्वीर बदलती नजर आ रही है। दो प्रमुख गठबंधनों के अलावा एआईएमआईएम (असदुद्दीन ओवैसी) और आजाद समाज पार्टी (चंद्रशेखर आजाद) भी सक्रिय हैं। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी और प्लूरल्स पार्टी (पुष्पम प्रिया चौधरी) जैसी पार्टियां भी वोट कटवा की भूमिका निभा चुकी हैं। इन नई पार्टियों की मौजूदगी से यह तय है कि पारंपरिक वोट बैंक पर सेंध लग सकती है। जातिगत राजनीति बनाम स्वच्छ राजनीति भी इन दिनों में बिहार में चर्चा का विषय बना हुआ है। ध्यान रहे कि बिहार की राजनीति जातिगत समीकरणों से हमेशा प्रभावित रही है। इस बार भी कई छोटे दल ईबीसी (अति पिछड़ा वर्ग) और ओबीसी वोटरों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। महागठबंधन का पारंपरिक मुस्लिम-यादव वोट बैंक भी सुरक्षित नहीं है, क्योंकि एआईएमआईएम जैसी पार्टियां उसी वर्ग को साधने की रणनीति बना रही हैं। दूसरी ओर एनडीए में भी पिछड़े वर्गों पर पकड़ बनाए रखने के लिए कड़ी चुनौती है। हालांकि, जन सुराज जैसी पार्टियां यह दावा कर रही हैं कि वे जाति-धर्म से ऊपर उठकर स्वच्छ राजनीति की नई शुरुआत करना चाहती हैं। यदि जनता ने इन दावों पर भरोसा किया तो यह बिहार की राजनीति के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। दिल्ली की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी (आप) ने भी बिहार चुनाव को गंभीरता से लेने की तैयारी की है। भले ही राज्य में उसका कोई खास जनाधार न हो, लेकिन हर सीट पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान करके उसने संदेश दिया है कि वह सिर्फ मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि सशक्त विकल्प बनने का प्रयास कर रही है। वहीं, चिराग पासवान भी इस बार आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा जताया है। इससे न केवल एनडीए बल्कि महागठबंधन में भी असहजता है। जहां तक छोटे दलों की बात है, उनमें भी कई प्रकार से बदलाव देखे जा रहे हैं। अव्वल तो यह है कि ज्यादातर सभी सीटों से चुनाव मैदान में उतरने को आमादा हैं। बिहार में 243 विधानसभा सीटें हैं और लगभग हर सीट पर दर्जनों दावेदार नजर आते हैं। कई छोटे दल पहले से ही उम्मीदवारों का ऐलान कर चुके हैं, जबकि कुछ टिकट वितरण की प्रक्रिया में हैं। अक्सर छोटे दल चुनाव से पहले बड़ी पार्टियों के साथ अप्रत्याशित गठबंधन कर लेते हैं। कई बार उनका उद्देश्य सिर्फ एक या दो सीट जीतना नहीं बल्कि टिकट बंटवारे और गठबंधन की राजनीति से तवज्जो और पहचान हासिल करना होता है। कुछ दल तो चंदा जुटाने और अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए भी मैदान में उतरते हैं। इन सबके बीच बड़ी पार्टियों को वोट कटवा की चिंता है। नई पार्टियों की एंट्री ने जहां पुरानी पार्टियों के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, वहीं मतदाताओं के लिए विकल्पों की भरमार से कंफ्यूजन बढ़ गया है। चुनावी परिणाम चाहे जो हो, इतना तय है कि इस बार का चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा और दशा तय करने में निर्णायक साबित होगा। अगर नई पार्टियां जनता के विश्वास पर खरी उतरती हैं, तो बिहार की राजनीति में नई इबारत लिखी जाएगी। लेकिन अगर वे केवल वोट काटने तक सीमित रहीं, तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## नाम जप से मिट जाते हैं बुरे कर्म



संकलित
दर्शन

बुरे और अच्छे कर्मों का फल मिलता ही मिलता है। आपने भी कई बार लोगों को कहते सुना होगा कि इसके कर्म ही इसे ले डुबेंगे। दरअसल हर एक कर्म का फल यही इसी जिंदगी में भोगना है लेकिन क्या बुरे कर्म को कभी पूजा-पाठ या नाम जप से खत्म किया जा सकता है? इसका जवाब वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज ने दे दिया दिया है। एक भक्त के पूछे जाने पर प्रेमानंद महाराज ने तीन तरह के कर्मों के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने समझाया कि नाम जप से कौन-कौन से बुरे कर्म खत्म किए जा सकते हैं और किन कर्मों का फल हमें किसी भी हालत में भुगतना ही पड़ता है। प्रेमानंद महाराज ने कहा कि जप से बुरे कर्म तो नष्ट हो जाते हैं लेकिन वर्तमान के बुरे कर्म। जो कर्म प्रारब्ध बन गया है वो नहीं। वो भोगना पड़ेगा। इस शरीर की रचना के वक्त जो प्रारब्ध बन गया है, वो भोगना ही पड़ेगा। वो नहीं काटा जा सकता है। बड़े-बड़े संतों को भी वो भोगना पड़ता है। अब अगर हम इतना डटकर नाम जप करें तो पहले जो वर्तमान की जो गलतियां हुई हमारी इस जन्म में वो पवित्र हो जाए। फिर पूर्व जन्मों का जो संचित यानी गोदाम जमा है वो भस्म हो जाए और प्रारब्ध को भोग लें तो हम निष्पात हो जाएंगे। भोग बड़ा कार्य है। इसलिए पूरा जीवन पाप ना करते हुए, धर्म से चलते हुए एक-एक कदम सावधानी से नाम जप करते हुए तब वो निष्पात हो जाता है। निष्पात होना बहुत कठिन है क्योंकि जबसे सृष्टि हुई तबसे हमारा हिसाब-किताब चल रहा है और आज तक भजन नहीं हुआ।

## लक्ष्य पर ध्यान लगाओ



संकलित
प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद अमेरिका में भ्रमण कर रहे थे। एक जगह से गुजरते हुए उन्होंने पुल पर खड़े कुछ लड़कों को नदी में तैर रहे अंडे के छिलकों पर बंदूक से निशाना लगाते देखा। किसी भी लड़के का एक भी निशाना सही नहीं लग रहा था। तब उन्होंने एक लड़के से बंदूक ली और खुद निशाना लगाने लगे। उन्होंने पहला निशाना लगाया और वह बिलकुल सही लगा। फिर एक के बाद एक उन्होंने कुल 12 निशाने लगाये और सभी बिलकुल सटीक लगे। ये देख लड़के दंग रह गए और उनसे पूछा, भला आप ये कैसे कर लेते हैं? स्वामी जी बोले, तुम जो भी कर रहे हो अपना पूरा दिमाग उसी एक काम में लगाओ। अगर तुम निशाना लगा रहे हो, तो तम्हारा पूरा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर होना चाहिए। तब तुम कभी चूकोगे नहीं। अगर तुम अपना पाठ पढ़ रहे हो, तो सिर्फ पाठ के बारे में सोचो. मेरे देश में बच्चों को यही करना सिखाया जाता है। इधर, एक और घटना है। एक बार स्वामी विवेकानंद विदेश यात्रा पर गये थे। उनका भगवा वस्त्र और आकर्षक पगड़ी देख कर लोग अचंभित रह गये और वे यह पूछे बिना नहीं रह सके, आपका बाकी सामान कहां है? स्वामी जी बोले, मेरे पास बस यही सामान है। तो कुछ लोगों ने व्यंग्य किया, अरे! यह कैसी संस्कृति है आपकी? तन पर केवल एक भगवा चादर लपेट रखी है। कोट-पतलून जैसा कुछ भी पहनावा नहीं है? इस पर स्वामी विवेकानंद जी मुस्कुराये और बोले, हमारी संस्कृति आपकी संस्कृति से भिन्न है।

## सटाका




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से।

*– विकास साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### प्रगति की समीक्षा



लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति की समीक्षा की। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री संग्रहालय होगा। यह भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं को प्रदर्शित करेगा और पर्यटन, अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास का केंद्र बनेगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हिंसा भड़का रहा विहिप



विश्व हिंदू परिषद कौन होता है यह तय करने वाला कि कौन गरबा में जाएगा और कौन नहीं? यह सलाह सिर्फ आयोजकों को निर्देश देने तक सीमित नहीं है, बल्कि कुछ कट्टरपंथी तत्वों को हिंसा भड़काने और बल प्रयोग करने का खुला निमंत्रण है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं!

**- रामदास अठावले, केंद्रीय मंत्री**

### डल झील साफ



पिछले पांच वर्षों के दौरान, डल-निगीन झील और इसके जलग्रहण क्षेत्र के संरक्षण का काम मिशन मोड में किया गया है। डल झील साफ हुई है और बड़ी संख्या में घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

**-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर**

### भाजपा की मिलीभगत



मानव-वन्य जीव संघर्ष के लिए भाजपा सरकार की अवैध कटाई करवाने की मिलीभगत ज़िम्मेदार है। जब पशुओं के सामने 'भोजन और आश्रय' का संकट आएगा तो वो हिंसक होंगे ही।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### एक बार भारी आहार लेने से भी 'मेटाबॉलिज्म' व पाचन पर असर


नवरात्र शुरू हो रहे हैं और विशेषज्ञों की सलाह है कि इस दौरान उपवास करने वालों को रात्रि में अचानक भारी भोजन करने से बचना चाहिए। चिकित्सकों का मानना है कि ऐसा करना उनके 'मेटाबॉलिज्म' और पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर डाल सकता है। आमतौर पर, नवरात्र में उपवास करने वाले श्रद्धालु दिन में फल और रात्रि में आलू-साबूदाना की खिचड़ी, सिंघाड़े के आटे का हलवा, लौकी, कद्दू, दूध, दही या पनीर इत्यादि चीजों का सेवन करते हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, नौ दिन तक खाने का यह पैटर्न नुकसानदायक साबित हो सकता है। दिनभर भोजन न करने से शरीर की ऊर्जा की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है और शाम या रात्रि में भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। इससे अपच, एसिडिटी और पेट में भारीपन की शिकायत हो सकती है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के 'डायटिक्स एंड न्यूट्रिशन विभाग' की वरिष्ठ कंसलटेंट दिव्या मलिक ने कहा, नौ दिन के उपवास में दिनभर कुछ न खाना और रात्रि में एक बार भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। मेटाबॉलिज़्म भी धीमा पड़ सकता है क्योंकि भूखे रहने के बाद एक बार में ज्यादा खाना खाने से शरीर कैलोरी को सही तरीके से जलाने में मुश्किल महसूस करता है।



## ऑफ बीट

### मनोभ्रंश का कारण बन सकती है कम घंटों की नींद

देर रात तीन बजे आंख खुलने के बाद लगातार टकटकी लगाये छत पर लगे पंखे या घड़ी को देखते रहने से सिर्फ अगले दिन के लिए ऊर्जा कम होती है। अमेरिका में बुजुर्गों पर किए गए एक दीर्घकालिक अध्ययन में अब यह सामने आया है कि ज्यादा समय तक ये समस्या हमारे मस्तिष्क के अंदर होने वाले उन बदलावों से जुड़ी हुई है, जो मनोभ्रंश का कारण बनते हैं। अमेरिका के मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के 2,750 लोगों पर औसतन साढ़े पांच साल तक नजर रखी। अध्ययन में शामिल लोगों ने हर साल विस्तृत स्मृति जांच कराई और कई लोगों के मस्तिष्क स्कैन भी हुए, जिनसे भविष्य में संज्ञानात्मक समस्याओं के दो स्पष्ट संकेत मिले, जिनमें 'एमिलॉइड प्लेक' का निर्माण और मस्तिष्क के श्वेत पदार्थ में क्षति के छोटे-छोटे निशान शामिल हैं और इसे श्वेत पदार्थ 'हाइपरइंटेंसिटीज' भी कहते हैं। एक महीने के अंतराल पर कम से कम दो बार इस समस्या का निदान होने पर प्रतिभागियों को लंबे समय से इस समस्या से ग्रस्त माना गया। अध्ययन में पाया गया कि ये समस्या 16 प्रतिशत लोगों को प्रभावित करती थी। गहरी नींद में सोने वाले लोगों की तुलना में लंबे समय से अनिद्रा का शिकार लोगों की याददाश्त व सोचने की क्षमता में गिरावट देखी गई।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आज से मां जगदंबे की भक्ति में डूबेंगे श्रद्धालु, प्रतिमाएं स्थापित करने बनाये जा रहे आकर्षक पंडाल

# शक्ति आराधना का महापर्व शारदेय नवरात्र आज से

### नवरात्रि की तिथियां

**मां शैलपुत्री की पूजा**
पहला दिन 22 सितंबर

**मां ब्रह्मचारिणी की पूजा**
दूसरा दिन 23 सितंबर

**मां चंद्रघंटा पूजा**
तीसरा दिन 24 एवं 25 सितंबर

**मां कुष्मांडा की पूजा**
चौथा दिन 26 सितंबर

**मां स्कंदमाता की पूजा**
पांचवा दिन 27 सितंबर

**मां कात्यायनी की पूजा**
छठवां दिन 28 सितंबर

**मां कालरात्रि की पूजा**
सातवां दिन 29 सितंबर

**मां महागौरी/सिद्धिदात्री की पूजा**
आठवां दिन 30 सितंबर

**मां सिद्धिदात्री की पूजा**
नौवा दिन 1 अक्टूबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जगत जननी आदिशक्ति मां भवानी की भक्ति उपासना व आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि की शुरुआत आज सोमवार 22 सितंबर से हो रही है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। हिंदू पंचाग एवं ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष नवरात्र पर्व पर मां जगत जननी का आगमन हाथी पर होगा। तृतीया तिथि बढ़ जाने के कारण एक अक्तूबर को नवरात्र पूर्ण होंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार हाथी पर मां का आगमन शुभ माना जाता है जिससे देश और जन समुदाय में सुख-समृद्धि, वैभव एवं यश की प्राप्ति होगी। मातारानी सभी को ऐश्वर्य, विजय एवं संपन्नता प्रदान करेंगी। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6:03 से लेकर 8:22 तक और 10:40 से लेकर दोपहर 12:56 तक अति शुभ रहेगा। इस बार गज पर आगमन होने से माता धन-धान्य की वृद्धि, कृषि कार्य में बढ़ोतरी, अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि एवं विजय प्रदान करेंगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार जब भी सोमवार से नवरात्र शुरू होते है तो मातारानी हाथी पर सवार होकर आती हैं जो बहुत शुभ और फलदायी माने जाते हैं। हिंदू पुराणों में मान्यता है कि कलश को भगवान विष्णु का रूप माना जाता है इसलिए देवी की पूजा से पहले कलश का पूजन किया जाता है।

हिंदू धर्म में नवरात्रि पर्व मां शक्ति की पूजा-उपासना के लिए विशेष माना गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार सालभर में कुल चार नवरात्रि आते हैं- दो गुप्त नवरात्रि, एक चैत्र नवरात्रि और एक शारदीय नवरात्रि। सभी नवरात्रि में शारदीय और चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा का पूजन प्रारंभ किया जाता है। घटस्थापना के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व होता है।

#### मंदिरों में सुबह से उमड़ेगी भीड़

नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई है। कलश स्थापना के साथ जवारे भी बोये जाएंगे। शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र मां जालपा मढिय़ा के साथ ही अन्य देवी मंदिरों में भी पूजा अर्चना करने सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। प्रमुख मंदिरों में आजाद चौक स्थित आदिशक्ति जगत जननी दुर्गा मंदिर, बाबली टोला स्थित मरही माता मंदिर, झंडा बाजार स्थित खेरमाई मंदिर, बरगवां स्थित भूमि प्रकट मां शारदा मंदिर, घंटाघर स्थित काली मंदिर, आयुध निर्माणी स्थित काली मंदिर में अलसुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ेगी।

**शैलपुत्री**

नवरात्र का पहला दिन प्रतिपदा का होता है । इस दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजन किया जाता है। इस दिन पूजा करते समय पीले रंग के कपड़े पहनकर पूजा करने से लाभ मिलता है।

**ब्रह्मचारिणी**

नवरात्र के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की उपासना करते समय हरे रंग के कपड़े पहनने से लाभ मिलता है।

**चंद्रघंटा**

नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे रूप चंद्रघंटा का पूजन किया जाता है। इस दिन मां चंद्रघंटा को ग्रे(स्लेटी) रंग के कपड़े पहनकर पूजा करने से आपके बिगड़े हुए काम बनने लगते हैं।

**कूष्मांडा**

नवरात्र के चौथे दिन को बेहद पवित्र माना जाता है। इस दिन दुर्गा मां के चौथे रूप कूष्मांडा की आराधना की जाती है। माता कुष्मांडा को नारंगी रंग बहुत प्रिय है इसलिए उनकी उपासना करते समय नारंगी रंग के कपड़े पहनकर पूजा करनी चाहिए।

**स्कंदमाता**

नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना सफेद रंग के कपड़े पहनकर की जाती है। श्रद्धा भाव से मां की उपासना करने पर मनुष्य की सभी इच्छाएं पूरी होती है।

**कात्यायनी**

दुर्गा मां का छठा रूप माता कात्यायनी है। इस दिन लाल रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा अचर्ना करनी चाहिए।

**कालरात्रि**

नवरात्र के सातवें दिन माता कालरात्रि की पूजा नीले रंग के कपड़े पहनकर करना शुभ माना जाता है।

**महागौरी**

अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा गुलाबी रंग के कपड़े पहनकर करना शुभ होता है।

**सिद्धिदात्री**

नवरात्रि के नौवें और आखिरी दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा बैंगनी रंग के कपड़े पहनकर की जाने का नियम है। मां सिद्धिदात्री की उपासना करने से भक्त को सिद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

## नर्मदा स्नान के लिए जा रहे यात्रियों से लदा ऑटो पलटा, 12 घायल

**सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र में छिंदवाहा ग्राम के पास आज सुबह 10 बजे एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बरगांव ग्राम से नर्मदा नदी में स्नान के लिए जा रहे 12 यात्रियों से भरा ऑटो छिंदवाहा घाट के पास अनियंत्रित होकर पलट गया।दुर्घटना में सभी 12 यात्री घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों और 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों में लकेश बट्टी (32), सुशील उइके (32), प्रीति उइके (55), सुनीता ककोडिया (40), लाइची बाई (34), शिवकुमार उइके (40), शेर सिंह ककोडिया (45), देवी लाल धुर्वे (35), संदीप ककोडिया (4), रामकुमार ककोडिया (28), रामप्रकाश ककोडिया (24) और हुलिया बाई (44) शामिल हैं। किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। दुर्घटनास्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर र ही है।

## छात्राओं को दी पाक्सो एक्ट की जानकारी

**छिंदवाड़ा।** बालकों के बढ़ रहे अपराधो एवं उनके अधिकारो की जानकारी छात्र स्तर पर नहीं पहुंचने के कारण मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह जाते है। इन विषयों की जानकारी देने के लिए जिला प्रधान न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्वार के निर्देशन मे शासकीय हायरसेकंडरी शाला कोटलबर्री मे बालको के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने बताया की उक्त कार्यक्रम बालको के लिए किशोर न्याय अधिनियम, बालको के अधिकार, पर गतिविधियों का आयोजन कर छात्रों में जागरूकता लाना हे ।

## वृद्ध को सांप ने काटा, इलाज दौरान हुई मौत

**कटनी।** सर्पदंश से एक वृद्ध की मौत हो गई है। घटना बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नीमखेड़ा में हुई। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कारेलाल चौधरी पिता हल्ला चौधरी 60 नीमखेड़ा को जहरीले सर्प ने काट लिया था। परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई है।

## फांसी के फंदे में झूल महिला ने की खुदकुशी

**कटनी।** एक महिला ने फांसी लगाकार आत्महत्या कर ली है। घटना बरही थाना क्षेत्र के ग्राम उबरा की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार बढ़ई मोहल्ला बरही अशोक वर्मा के मकान में पूजा पति शिव प्रसाद विश्वकर्मा 28 निवासी उबरा थाना बरही का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है।

## वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लगातार वन माफियाओं द्वारा वन अमले पर किए जा रहे हमले

# टाइगर रिजर्व की पेट्रोलिंग टीम पर हमला सहायक सहित सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में हमेशा ही वन माफिया के निशाने पर रहता है यहां पर आए दिन वनकर्मियों पर हमला होने की घटनाएं होती रहती है इसी तरह की घटना बीती रात टाइगर रिजर्व की बलेह वन चौंकी क्षेत्र में हुई है जहां रात के समय 10 आरोपियों ने टाइगर रिजर्व की पेट्रोलिंग टीम पर हमला कर दिया वन परिक्षेत्र सहायक सहित अन्य सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट की गई है शनिवार को वन अमले ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि कुढाई व सलैया क्षेत्र के वन परिक्षेत्र सहायक अरुण बागरी ने शिकायत कर बताया है कि बीती रात स्टाफ चालक गोविंद पटेल सुरक्षा श्रमिक आशीष राय हल्ले भाई अहिरवार के साथ शासकीय वाहन से गश्ती में छेवला की और गए थे छेवला पेट्रोलिंग कैंप के पास रुके तो तभी रात करीब 11.30 बजे ग्राम गुडाकला के अंशुमान भटेले सुराज खान और अन्य करीब 10 लोग मुंह बांधकर बाइक से आए उन्होंने बीतें दिनों की बाइक जब्ती की घटना का जिक्र करते हुए गालियां दी जिसके बाद आरोपियों ने लाठियों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए जंगल में भाग गए।

#### वाहन में भी की तोड़फोड़

मारपीट के साथ शासकीय वाहन एमपी 02 जेडए 0931 में तोड़फोड़ की गई शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सहित समेत अन्य 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है पुलिस आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

#### सागौन के लिए जाना जाता है रिजर्व

बता दें, टाइगर रिजर्व में बड़ी मात्रा में इमारती लकड़ी व लघु वनोपज, वन संपदा मौजूद है वन माफियाओं की यहां नजर होती है लगातार हो रही कार्रवाई व धरपकड़ के बाद वन माफिया में खौफ छाया है और वो बौखलाकर वन स्टाफ पर हमला कर रहे हैं।

#### घटनाओं पर नहीं लग रहा अंकुश

टाइगर रिजर्व में बीते 5 सालों से दर्जन भर से ज्यादा घटनाएं हो चुकी है जिसमें वन माफियाओं द्वारा वन अमले के साथ मारपीट और बम से उड़ानें की कोशिश की गई है इसके बाद भी इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पाया है। टाइगर रिजर्व में 1 फरवरी 2023 में सिंगपुर रेंज के अंतर्गत कठोतिया गांव के समीप गश्ती कर रही टीम पर वन माफियाओं द्वारा गश्ती दल के वाहन के आगे बम फेका गया जिससे टाइगर रिजर्व में अफरातफरी का माहौल बन गयालेकिन अंधेरे और कोहरे का फायदा उठाकर बम फेंकने वाले आरोपी भागने में सफल हो गए। 10 जून 2020 में टाइगर रिजर्व में की आखीखेड़ा चौकी में वन माफियाओं द्वारा बंदूक से 4-5 राउंड फायरिंग करते हुए वनकर्मियों से मारपीट की घटना को अंजाम दिया था।

# पैसों के लेनदेन को लेकर महिला की मुंह दबाकर की गई थी हत्या

### फूफा और नाबालिग गिरफ्तार, सोहागी पुलिस ने अंधीहत्या का किया खुलासा

रीवा ।

जिले के सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौरा में 18 सितंबर को एक महिला की हुई सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस जघन्य अपराध में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है, जबकि तीसरा आरोपी अभी फरार है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि यह पूरी वारदात मृतका के सात वर्षीय मासूम बेटे के सामने अंजाम दी गई, जिसकी निशानदेही पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी। मृतका की पहचान 35 वर्षीय हमीदुन निशा पत्नी मुराद अली के रूप में हुई है, जो 18 सितंबर की रात अपने घर में मृत अवस्था में पाई गई थीं। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामला संदिग्ध पाया और जब पीड़िता के सात साल के बेटे से पूछताछ की गई, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। मासूम ने बताया कि उसके लोलमटी वाले फूफा दो अन्य लोगों के साथ रात में घर आए थे और मां से विवाद के बाद मारपीट की। इसी दौरान फूफा ने उसकी मां का गला और मुंह दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मासूम के बयान को गंभीरता से लेते हुए जब जांच की दिशा उस ओर मोड़ी, तो कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुए मुख्य आरोपी बेचन अली पिता असगर अली, उम्र 44 वर्ष, निवासी लोलमटी थाना कोरांव, प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतका और उसका पति उससे उधार लिए गए पैसे वापस नहीं कर रहे थे। पैसे की मांग को लेकर जब वह घर पहुंचा, तो विवाद इतना बढ़ गया कि उसने गुस्से में आकर महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। इस घटना में उसके साथ एक नाबालिग लड़का भी शामिल था, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा आरोपी फरार है।

## मामला हट्टा वनपरिक्षेत्र परसवाड़ा बीट के कक्ष क्रमांक 172 का

# भालू ने हमला कर किसान को किया घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में एक किसान भालू के हमले में घायल हो गया। घटना रविवार को हट्टा वनपरिक्षेत्र के जंगल से लगे खेत में हुई। कोड़पाटोला निवासी विजय कोड़ापे अपने खेत में काम कर रहे थे, तभी भालू ने उन पर हमला कर दिया।

हमले में विजय के गले, सीने, पैर और हाथों में चोटें आईं। पास में पिहरी तोड़ने गई महिलाओं ने उनकी



मदद की। महिलाओं ने विजय की बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर उन्हें घायल अवस्था में पाया और घर तक पहुंचाया। बाद में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

हट्टा परिक्षेत्र की बीटगार्ड सुगवंता नगपुरे के अनुसार, घटना परसवाड़ा बीट के कक्ष क्रमांक 172 से लगे खेत में हुई। वन विभाग ने घायल के परिवार को प्राथमिक उपचार के लिए एक हजार रुपए की सहायता राशि दी है।

# चेक अनादरण के मामले में 1 लाख 37 हजार रूपए का अर्थदंड एवं 6 माह का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

चेक अनादरण के मामले में श्रीमती मनीषा जैन (तिवारी) न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कटनी द्वारा 1 लाख 37 हजार रूपए का अर्थदंड एवं 6 माह का कारावास की सजा का 15.09.2025 को आदेश पारित किया गया। मामला इस प्रकार है कि आरोपी रमेश पटेल पिता मोतीलाल पटेल, 38 वर्ष, निवासी ग्राम खिरवाखुर्द, पोस्ट- डीघी, थाना/ तहसील-विजयराघवगढ, कटनी, म.प्र ने ट्रेक्टर की किश्त अदायगी हेतु परिवादी फर्म, तरूषि आयशर ट्रेक्टर प्रोप्रा-शंकर धामेचा, अहमदनगर, कुठला, कटनी से राशि-80,000 रूपए नगद उधार प्राप्त किया था, और कहा था कि तीन माह के अंदर उक्त उधार अदा कर चुकता करेगा। निर्धारित समय में भुगतान ना देने पर तथा परिवादी द्वारा उक्त उधार की अदायगी की मांग करने पर आरोपी ने अपने बैंक कार्पोरेशन बैंक का चैक राशि- 80,000 रूपए का परिवादी फर्म को दिया था। 'उक्त चैक अनादरण पश्चात सूचना मिलने के बावजूद आरोपी द्वारा भुगतान नहीं किया गया, जिस पर न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया गया। आरोपी द्वारा अपने बचाव में कहा गया कि परिवादी फर्म के अधिवक्ता ने खाता संख्या का 1 अंक गलत लिखा है, जिसके बचाव को न्यायालय द्वारा यह कह इंकार किया गया कि नोटिस प्राप्ति के बाद आरोपी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया तथा परिवादी अधिवक्ता द्वारा की गई लिपीकीय त्रुटि का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी आरोपी नहीं है, इसके अलावा न्यायालय ने यह भी कहा कि आरोपी द्वारा चैक राशि भुगतान हेतु का प्राप्त सम्मन पर भी चैक राशि का भुगतान नहीं दिया है तथा आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए 6 माह का कारावास की सजा से दंडित किया गया तथा आरोपी को चैक राशि पर कुल- 1,31,140 रूपए का जुर्माना का भुगतान न अदा करने पर दो माह का कारावास की सजा को भुगतने के अलावा अधिवक्ता खर्च 1 हजार परिवाद खर्च 5 हजार भी परिवादी को आरोपी से प्राप्त करने का अधिकारी घोषित किया गया है। आरोपी द्वारा उक्त परिवाद खर्च की अदायगी ना देने पर एक माह की अलग से सजा भुगताए जाने हेतु आदेश पारित किया गया है।

## 800 अधिकारियों और कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी, सबसे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगे

# मैहर में आज से नवरात्रि मेला, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

सतना/मैहर।

मध्य प्रदेश के मैहर में स्थित विश्व प्रसिद्ध देवी धाम मां शारदा देवी मंदिर में आज से शारदीय नवरात्रि मेला शुरू हो गया है। इस वर्ष 12 से 15 लाख श्रद्धालुओं के माता के दर्शन के लिए पहुंचने की उम्मीद है,जिसके लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। मेले की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए 800 कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है,जिनमें पुलिस और राजस्व अधिकारी शामिल हैं।

मेला क्षेत्र को पांच ज़ोन में विभाजित कर 91 स्थानों पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। यातायात की सुचारू व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बस स्टैंड पर बसों और ट्रैक्टरों के लिए,फॉरेस्ट बैरियर पर कारों के लिए और बांदा बैरियर पर वीआईपी वाहनों और ऑटो के लिए पार्किंग की व्यवस्था है।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनधा बैरियर से रोपवे तक 30 से 40 ई-रिक्शा उपलब्ध रहेंगे,जिससे चलने में असमर्थ लोगों को काफी मदद मिलेगी। मेले की निगरानी के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं,जिनकी फुटेज पर कंट्रोल रूम से लगातार नज़र रखी जाएगी। इसके अलावा,एक व्हिसिल टीम भी बनाई गई है जो सीटी बजाकर लोगों को सतर्क करेगी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए दो खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। एक केंद्र पहाड़ के नीचे और दूसरा मंदिर परिसर में है। रेलवे ने भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।जबलपुर के डीआरएम ने मैहर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर तीन अतिरिक्त जनरल टिकट काउंटर,दो मोबाइल टिकट मशीनें और छह अतिरिक्त सी सी टीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं,ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।



### प्रशिक्षु डीएसपी ने मैहर मेला प्रबंधन का लिया जायज़ा

मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी,भौंरी भोपाल के 44वें उप-पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण बैच के 10 प्रशिक्षु डीएसपी ने मैहर का दौरा किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट की और नवरात्रि मेले के दौरान पुलिस की भूमिका और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। एसपी मैहर ने उन्हें माँ शारदा मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बताया,जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) डॉ.चंचल नागर ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से मेले के विभिन्न क्षेत्रों और भीड़ प्रबंधन की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। यह दौरा मध्य प्रदेश दर्शन योजना का हिस्सा है,जिसके तहत प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य के विभिन्न जिलों की पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को समझने का अवसर मिलता है।

## भैंसों से भरी पिकअप पकड़ी, सुरक्षित भेजा गया गौशाला

**बक्सवाहा।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की टीम ने बीती रात भैंसों को क्रूरतापूर्वक भरकर जा रहे एक पिकअप वाहन को पकड़ लिया। कार्यकर्ताओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर पीछा किया और भैंसों को मुक्त कराकर गौशाला पहुंचाया। हालांकि सभी तस्कर भागने में सफल रहे। हिन्दु संगठनों ने स्थानीय पुलिस पर तस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विहिप-बजरंग दल की टीम को गौ-तस्करी की सूचना मिली, जिसके बाद गौ-रक्षक प्रियांशु रावत, सूरज खटीक ने पिकअप का पीछा कर उसे रोका। पिकअप में भैंसों को क्रूरता से भरा गया था। कार्यकर्ताओं ने भैंसों को मुक्त कर गौशाला भेज दिया। इसी बीच पिकअप का ड्राइवर और उसका सहयोग भाग निकला। गौसेवकों ने एक वीडियो जारी कर पुलिस पर तस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

## इस साल 10 दिन की नवरात्रि होगी

# शक्ति उपासना का महापर्व शारदेय नवरात्र आज से

जबलपुर।

शक्ति की भक्ति का महापर्व नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। भगवती की आराधना के इस वर्ष 10 दिन होगी। चतुर्थी तिथि 25 और 26 को दो दिन होने के कारण 10 दिन की नवरात्रि होगी और 11वें दिन दशहरा मनाया जाएगा। महापर्व के प्रथम दिन बैठकी पर देवी देवालयों मंडपों में घट स्थापना के साथ जवारे बोये जाएंगे। इस बार मां गज पर सवार होकर आयेगी। पूरे नौ दिन तक मां जगदंबे की आराधना भक्त अपनी शक्ति अनुसार करेंगे। इस दौरान शहर भर के देवी मंदिरों को जगमग रोशनी से सजाया गया है। आज बैठकी पर ब्रम्ह मुहुर्त से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। घर मंदिरों तथा दुर्गा पंडालों में पूजा पाठ घट स्थापना के साथ साधना, भक्ति का उजास चौतरफा फैलेगा। इसी के साथ ही व्रत उपवास का क्रम भी प्रारंभ होगा, जो पूरे नौ दिनों तक चलेगा।



### मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धा और भक्ति

नगर के शक्ति पीठों बड़ी खेरमाई मंदिर, भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई, चारखंभा, काली मंदिर सदर, शारदा मंदिर मदनमहल, छोटी खेरमाई दीक्षितपुरा, खेरमाई मंदिर मानस भवन के पीछे, दुर्गा मंदिर गलगला, हरदौल मंदिर गंजीपुरा, बंगलामुखी शक्तिपीठ सिविक सेंटर के अलावा शहर के अन्य दुर्गा मंदिरों में तैयारियां की गई है।

### प्रथम दिन, मां शैलपुत्री का पूजन

नवरात्र के प्रथम दिन भगवती शैलपुत्री के पूजन का विशेष महत्व है। आज के दिन दो वर्ष की कन्या को आमंत्रित कर उनका पूजन किया जाता है। उन्हें मिष्ठान, वस्त्र भेंट किए जाते हैं। आज के दिन असाध्य रोगों की मुक्ति के लिए भगवती का पूजन अवश्य करना चाहिए।

### बड़ी महाकाली की स्थापना आज

गढ़ाफाटक की प्रसिद्ध बड़ी माता महाकाली की विशाल प्रतिमा आज बैठकी को स्थापित की जायेगी। 14 फुट की महाकाली न बल्कि जबलपुर में बल्कि पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है और दूर-दूर से लोग दर्शन करने आते है, समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्थाएं की है।

### रांझी में मनोकामना महाकाली की स्थापना आज

रांझी में सोमवार को विधि विधान से मा मनोकामना महाकाली की स्थापना की जावेगी तथा पूरे नौ दिन विभिन्न आयोजन किए जाएंगे,जिसमें प्रतिदिन सुबह 8 एवं शाम 7 बजे माता की आरती की जाएगी। शनिवार को प्रातः 11 बजे से माता की विदाई विसर्जन शोभायात्रा रांझी दर्शन सिंह तिराहा से निकाली जाएगी जो ग्वारीघाट कुंड पहुंचेगी। दरबार के पुजारी पंडित रमेश शर्मा ने बताया कि इस बार चंदन कॉलोनी रांझी बलविंदर कौर भट्टी, की बेटी तारिंदर तरनजीत कौर का 21 साल बाद नम्बर लगा है जिनको इस बार माता की सेवा का सौभाग्य मिला है। बताया जाता है कि अभी भी भक्त मूर्ति के लिए नम्बर लगा रहे है, जबकि 2056 तक नम्बर लग चुका है, मां मनोकामना महाकाली समिति के सभी कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक धर्म लाभ लेने की अपील श्रद्धालुओं से की है।

### बंगलामुखी मंदिर में अखंड ज्योति कलश की स्थापना

शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर माता बगलामुखी मंदिर में होंगे धार्मिक आयोजन भक्तों द्वारा भगवती की अखंड ज्योति कलश स्थापित होंगी। बगलामुखी माता के दरबार में 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। नवरात्रि के 9 दिन तक प्रातः काल से रात्रि पर्यंत भगवती की आराधना चलेगी सर्वप्रथम प्रातः काल भगवती का श्रृंगार अर्चन किया जाएगा दोपहर में भगवती का पूजन आरती भोग लगाया जाएगा सायंकाल भगवती का श्रृंगार अर्चन एवं रात्रि में महा आरती विशेष पूजन ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज द्वारा किया जाएगा यज्ञशाला में भक्तों द्वारा अखंड ज्योति स्थापित की जाएंगी।



## बड़ी खेरमाई में नवरात्र मेला आज से

जबलपुर। बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवान ने बताया कि आज 22 सितंबर सोमवार से बड़ी खेरमाई मंदिर में नवरात्रि का मेला प्रारंभ हो रहा है। सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 10 दिनों तक मां भगवती का विशेष श्रंगार किया जायेगा और सप्तमी अष्टमी नवमीं को महाआरती की जायेगी। श्रद्धालुओं को मेले में विशेष सुविधाएं और सुचारु व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष सुरक्षा की दृष्टि से 32 नए सीसीटीव्ही कैमरे लगाए गए हैं वहीं 10 एयरकंडीशन भी लगाए गए। नवरात्रि के प्रथम दिन आज मां का लाल श्रृंगार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में देश विदेश के श्रद्धालुओं द्वारा 151 कलशों की स्थापना कराई जा रही है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा 6 सौ स्वयंसेवी कार्यकर्ता व्यवस्था में लगाए गए। दोज के तिथि पर भी लाल श्रृंगार होगा। तृतीया को सुआपंखी, चौथ को लाल श्रृंगार और पंचमी को गुलाबी श्रृंगार और षष्ठी को हरा श्रृंगार किया जाएगा। सप्तमी के दिन महाकाली का काला श्रृंगार और अष्टमी के दिन महालक्ष्मी का पीला श्रृंगार और नवमीं के दिन महासरस्वती का सफेद श्रृंगार किया जाएगा। सप्तमी, अष्टमी, नवमीं को रात्रि में तीनों दिन महाआरती होगी और तड़के साढ़े 4 बजे और सायं 7 बजे नियमित आरती होगी। नवरात्र समापन के बाद जवारा चल समारोह 7 अक्टूबर सायं 7 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगा, जो हनुमानताल सरोवर में विसर्जित होगा।



## भगवान गणेश, शंकर-पार्वती बने बाराती

**धूमधाम से निकली श्रीराम बारात, जगह-जगह स्वागत**

जबलपुर।

राजा राम दूल्हा बनने पर भी गुरुवर विश्वामित्र के साथ थे। पिता के साथ भरत और शत्रुघ्न थे। रही बात बारातियों की तो वे सारे देवता बन गए। भले ही ये झांकियां थीं, पर लगा ऐसा मानो सचमुझ त्रेता में श्रीराम की बारात निकल रही हो।

गोविंदगंज रामलीला की श्रीराम बारात में सबसे पहले विघ्न विनाशक भगवान गणेश, फिर भगवान सूर्य और फिर भगवान राधा-कृष्ण, शंकर पार्वती सहित अन्य झांकियां शामिल थी। रामलीला समिति श्रीगोविंदगंज की 161वीं श्रीराम बारात श्रद्धामय वातावरण में धूमधाम से निकली। समिति के व्यास और नगर पंडित सभा के शीर्षस्थ पं. वासुदेव शास्त्री पूर्व मेयर और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात साहू, समिति अध्यक्ष अनिल तिवारी ने भगवान का तिलकवंदन कर बारात का श्रीगणेश किया। बारात रामलीला भवन से गुड़हाई, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, पांडे चौक, बल्देवबाग, चेरीताल, गोपालबाग, दमोह नाका होते हुए वापस रामलीला प्रांगण में संपन्न हुई। कमानिया गेट - बड़े फुहारे पर श्री कुचैनी बिहारी लाल जी ट्रस्ट की तरफ से दूल्हा बने भगवान राम का पूजन अर्चन-आरती व बारातियों का भव्य स्वागत किया गया।

### जनवासे में अभूतपूर्व स्वागत

निवाड़गंज स्थितांचकोषी मंदिर में भगवान की बारात का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यादव, संजय गोस्वामी के प्रयासों से यहां हर वर्ष जनवासा का स्वागत होता है। यहां दूल्हा बने श्रीराम सहित चारों भाइयों और अन्य बारातियों को भोग लगाया गया। अध्यक्ष श्री तिवारी ने इसके लिए जनवासा समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बारात का रास्ते भर स्वागत हुआ। यात्रा मार्ग में भगवान की बारात देखने अपार जनसमूह उपस्थित था।

### आज विवाहोत्सव

समिति के अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि रामलीला मंच पर सोमवार को रामलीला मंच पर श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंच पर राम-जानकी की पांव पखरई और राम कलेवा की लीला होगी। इस मौके पर भगवान को 56 भोग लगाए जाएंगे। इस अवसर पर मंच में मंडप बनाया जाएगा, और भगवान के पाणिग्रहण संस्कार की सभी रश्में संपन्न होंगी। भजनों की आकर्षक प्रस्तुति भी होगी। श्री तिवारी ने श्रद्धालुओं से दर्शन लाभ की अपील की है।

## सुबाहु वध से लेकर सीता-राम मिलन तक की भव्य रामलीला का मंचन



**जबलपुर।** श्रीरामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम में श्रीरामलीला के अंतर्गत सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार तथा सीता-राम प्रथम मिलन की अत्यंत भावपूर्ण एवं मनोहारी झांकियों का मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें समिति के प्रमुख सदस्यों अशोक मनोध्याय (संचालक), राजेश मिश्रा (निर्देशक), राकेश पाठक (अध्यक्ष), लोकराम कोरी (महामंत्री), संजय तिवारी, राजेन्द्र प्यासी, रमाशंकर कटारे, शरद दुबे कुररिया, के.सी. पस्तारिया, केदारनाथ शर्मा, नीलेश चौबे, राजेश नेमा, दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। लीला में भगवान श्रीराम द्वारा ताड़का वध के पश्चात सुबाहु का वध कर ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा की गई। तत्पश्चात श्रीराम एवं लक्ष्मण ऋषि विश्वामित्र के साथ जनकपुरी की ओर प्रस्थान करते हैं। मार्ग में गौतम ऋषि के आश्रम में अहिल्या उद्धार की लीला दर्शकों को अत्यंत भावविभोर कर गई।जनकपुरी में गंगा तट पर स्नान के पश्चात प्रभु पुष्पवाटिका पहुँचे। वहीं माता सीता गौरा मैया की पूजा हेतु उपस्थित हुईं। पूजा के दौरान गौरा मैया ने उन्हें वरदान दिया मधु जाही राचो मिलहिं सो वर। इसके उपरांत पुष्पवाटिका में भगवान श्रीराम और माता सीता का प्रथम मिलन हुआ, जिसे मंच पर अत्यंत सुंदरता से प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में भूपेन्द्र उपाध्याय, ओमप्रकाश पगारे, प्रहलाद बिलथरे, देवेंद्र मनोध्याय, राजेश परोहा, हनुमंत सिंह रघुवंशी, श्रीमती इंदुलता प्यासी, छाया मिश्रा, सुधा यादव, विद्या केवट, विनायक तिवारी, पंकज अवस्थी, अशोक बघेल, दीपक कोष्टा, नीरज दुबे, कैलाश नेमा, जितेन्द्र सोनी, विजय नेमा, पंचम सोनी, व्यास माधव दुबे, एड. अरुण दीक्षित सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री खेरमाई दुर्गा मंदिर गोरखपुर में आज घट स्थापना से प्रारंभ होंगे विशेष धार्मिक अनुष्ठान

**जबलपुर।** श्री खेरमाई दुर्गा मंदिर गोरखपुर के मुख्य पंडा धनराज कोरी, पुजारी हीरालाल झारिया एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर ने बताया कि शारदीय नवरात्र पर 22 सितम्बर को माँ खेरमाई दुर्गा मंदिर गोरखपुर में घट स्थापना के साथ अनेक धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे। प्रथम दिवस सोमवार को देवी गुण गायिका संध्या राजपूत एवं ओम शक्ति जागरण ग्रुप द्वारा मध्यान्ह 12 बजे से श्री दुर्गा सप्तसती पाठ प्रारंभ होगा। इसी दिन मनोकामना खप्पर एवं जवारा कलशों की स्थापना की जाएगी। बैठकी से अष्टमी तिथि तक प्रतिदिन मंदिर समिति सदस्यों द्वारा माता की महाआरती शाम 7.30 बजे की जाएगी। नवमी तिथि पर 30 सितम्बर को मंदिर प्रांगण में कन्या भोज के उपरांत शाम 04 बजे से जवारा विसर्जन जुलूस प्रारंभ होगा, जिसका समापन महानद्दा तालाब में किया जाएगा। जवारा विसर्जन जुलूस मंदिर के मुख्य पंडा के नेतृत्व में निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में युवा बाना धारण करेंगे। समिति संरक्षक मनप्रीत सिंह आनंद काके एवं अध्यक्ष अनिल सोनकर ने बताया कि मनोकामना पूर्ण होने पर खेरमाई मंदिर में मनोकामना कलश स्थापित किए जाते हैं, जिनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष अनिल कोरी, हरिशचंद्र विश्वकर्मा, महेश कोरी, कोषाध्यक्ष भरत तंतुवाय गुड्डा, सचिव राहुल बर्मन, सुशील यादव लाला, अमित दीवान, सहसचिव राजेश सेन दादू, सुशील कोरी कल्लू, दिलीप कुरील, शील कोरी, सुदेश कश्यप, विनोद जैन, सोनू कोरी पप्पू सहित अन्य ने माता भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।



## मां शारदा के दर्शन हेतु उमड़ेगी भक्तों की भीड़

**बरेला।** शारदा मंदिर बरेला में शारदीय नवरात्रि प्रारंभ होते ही मंदिर में श्रद्धालुओं को देखते हुए संपूर्ण व्यवस्था जैसे शुद्ध पेयजल लाइट की व्यवस्था रास्ते में श्रद्धालुओं को छाया के लिए सेट की व्यवस्था का शारदा मंदिर व्यवस्थापक पंडित आशीष शुक्ला अभय शुक्ला एवं परिवार के द्वारा श्रद्धालुओं को ध्यान मैं रखते हुए की गई नवरात्रि में दर्शन करने का समय सुबह 5:00 से रात्रि 12:00 तक पट खुले रहेंगे सभी श्रद्धालु भक्तों माता रानी के दर्शनों का लाभ उठा सकते हैं नवरात्रि के दौरान मंदिर तक कोई भी गाड़ी ले जाना सख्त मना है वह अपनी गाड़ी नीचे खड़ी कर पैदल जाकर मां शारदा का पूजन कर सकते हैं।



## संघ शताब्दी वर्ष में विजयादशमी विशेषांक का विमोचन

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी विशेषांक 2025 का भव्य विमोचन समारोह जे.के. सेलिब्रेशन, सदर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद कुमार, विभाग प्रचार प्रमुख विनय सोलंकी, विश्व संवाद केंद्र के सचिव श्रीनिवास राव तथा महानगर के अनेक बंधु विशेष रूप से उपस्थित रहे। विमोचन के अवसर पर विनोद कुमार ने विशेषांक की विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पत्रिका संघ की शताब्दी यात्रा को समर्पित है। इसमें राष्ट्रीय एकता का बीजारोपण करने वाली संघ स्थापना, जन्मजात देशभक्त डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में संघ का योगदान, महाकौशल प्रांत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अरुणोदय, संगठन में नारी शक्ति की भूमिका तथा दिल्ली में आयोजित 'नए क्षितिज' जैसे महत्वपूर्ण विषयों को समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह विशेषांक केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि संघ के शताब्दी वर्ष में राष्ट्रभक्ति, संगठन और समाज जीवन की प्रेरणा का जीवंत दस्तावेज है। उल्लेखनीय है कि सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत ने भी अपने विचारों में स्पष्ट कहा है कि "भारत अखंड है और हिन्दू राष्ट्र है।" कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों और नागरिकों ने विशेषांक का अवलोकन कर इसे संघ की शताब्दी का गौरवमयी स्मरण बताया।



## माता गुजरी महिला महाविद्यालय में मतदान के लिए जागरूकता बढ़ाने व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर।

माता गुजरी महिला महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता गतिविधि के मासिक कैलेण्डर के अनुसार 19 सितम्बर 2025 को सुबह 11:30 बजे मतदाता जागरूकता संबंधित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एस. पाहवा, प्राचार्य डॉ. संगीता झॉम्ब के मार्गदर्शन एवं डॉ. माया शुक्ला, कैम्पस ऑफीसर के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में जबलपुर जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत कर नवीन छात्राओं को निर्वाचन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। साथ ही प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल द्वारा घर से ही 10 मिनट में एप डाउनलोड कर नया वोटर आईडी एवं सुधार कार्य कैसे कर सकते हैं, यह जानकारी प्रदान की। यह कार्यक्रम मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के कॅम्पस एम्बेसडर, ईएलसी के सक्रिय सदस्यों एवं डॉ. जयश्री जैन, डॉ. पुष्पा रमेश, डॉ. वैशाली अयाचित, प्रीति गुप्ता, डॉ. सुनीता सोनी, डॉ. भारती तिवारी, डॉ शुभम जैन (शा. कन्या शाला. बरेला), सीमा वर्मा, शैल तिवारी, बबीता तिवारी का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन मिस साक्षी जायसवाल द्वारा किया गया।

## पमरे की जिला रैली में हुए सांस्कृतिक आयोजन

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल की चतुर्थ जिला रैली के आयोजन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, विशिष्ट अतिथि महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष पूनम खत्री तलरेजा की उपस्थिति में किया गया। इस रैली में स्काउट सदस्य द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें सर्वप्रथम कैम्प फायर, स्वागत गीत, लोकनृत्य, भक्ति गीत किया गया। तत्पश्चात स्काउट सदस्यों द्वारा बनाई गई प्रदर्शनी एवं स्काउट के प्रोजेक्ट मॉडल का निरीक्षण अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, सुनील टेलर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, जिला आयुक्त स्काउट सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजी. रामवदन मिश्रा, वरिष्ठ मंडल अभियंता पमरे जिला आयुक्त स्काउट सचिपति नंदन, सहा. राज्य सचिव जीके नंदनवार, रंजन कुमार सिंह एवं मंडल पदाधिकारी, जिला सचिव अनिल चौबे, संयुक्त सचिव संजीव तिवारी, विमलेश तिवारी, राहुल कश्यप, विजयलक्ष्मी पाणिग्रही, रजनीश यादव उपस्थित रहे। इस रैली में जबलपुर, कटनी एवं भोपाल मंडल से सभी यूनिट के स्काउट गाइड रोवर रेंजर लीडर शामिल हुए।



## महाकोशल कॉलेज में शिव मंदिर को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाएः मांग

### कन्हैया रामकृष्ण तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, जय महाकाल संघ



**जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के प्रतिनिधि मंडल द्वारा महाकोशल साइंस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि महाकोशल कॉलेज परिसर में शिव मंदिर को असांस्कृतिक रूप से स्थापित किया गया है और वहां शौचालय इत्यादि होने से हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है और आस्था को आघात लगता है, अतः इस पत्र के माध्यम से हम मांग करते हैं कि उपरोक्त शिव मंदिर को यथोचित सांस्कृतिक परंपरा अनुसार कॉलेज के समक्ष परिसर पर धूमधाम से सुव्यस्थित रूप से स्थापित किया जाए। आशा करते हैं कि आप उपरोक्त मांग को शीघ्र ही स्वीकार कर कार्यवाही करेंगे। मांग पर प्राचार्य ने आश्वस्त किया कि पूर्व में जय महाकाल संघ द्वारा अवगत कराये जाने के समय ही इस पर विचार कर अन्यत्र स्थानांतरित करने की तैयारियां की जा रही हैं। ज्ञापन सौंपते समय राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी के अलावा प्रतिनिधि मंडल में सुमित यादव, राजीव राय, प्रमोद तिवारी, विशाल श्रीवास्तव, संतोष मिश्रा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे। आदर्श भाटिया, ज्योति दुबे, कृष्ण कुमार साहू, एडवोकेट अनिल दुबे, एडवोकेट राजीव वर्मा, संजय शर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, पंकज मेहता, जितेंद्र यादव, राजेश पांडे, अशोक यादव, मयूर नानवानी, कार्तिक पांडे, आर्यन सिंह ठाकुर, प्राची मौर्य, विशाल सिंह ठाकुर, शिरीन राजवंशी सहित सभी पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।



## हवाबाग महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** हवाबाग महाविद्यालय जबलपुर में महाविद्यालय की प्रबंधक एलसी सिलास एवं प्राचार्या के निर्देशन में भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शहवार सैयद ने मतदाता के महत्व और युवा पीढ़ी की भूमिका पर प्रेरक विचार रखे एवं मतदान के महत्व को दर्शाते हुए छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका डॉ. भारती शुक्ला, डॉ. नीलिका दुबे, डॉ. अशोक सोनी एवं डॉ. अनीता उपाध्याय ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन ईएलसी नोडल अधिकारी रुचि केशरवानी द्वारा किया गया एवं डॉ. अनीता भराडे का सहयोग रहा। भाषण प्रतियोगिता में छात्रा अंकिता विश्वकर्मा कक्षा एमए अंग्रेजी ने प्रथम स्थान एवं संस्कृति राजपूत कक्षा बी.काम द्वितीय स्थान एवं अंजना कुशराम कक्षा बी.एड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# मुरैना परियोजना की बैटरी दो बार उपयोग की जाएगी, लाभदायी साबित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुरैना में स्थापित होने वाली परियोजना दो परियोजनाओं का मिश्रण है, जिसमें पहला एक सामान्य सिंगल-चार्ज कम्पोजिट सोलर प्रोजेक्ट, जिसमें बैटरी को सोलर एनर्जी से चार्ज जाता है। दूसरा स्टोरेज एज ए सर्विस प्रोजेक्ट है, जिसमें अतिरिक्त ग्रिड पॉवर से रात के समय बैटरी दोबारा चार्ज की जाएगी।

इससे सुबह के पीक ऑवर्स की आपूर्ति की जाएगी। इस परियोजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि बैटरी, दिन में दो बार उपयोग की जाएगी। यह परियोजना सुनिश्चित करती है कि राज्य ग्रिड में उपलब्ध रात के समय अतिरिक्त बिजली का उपयोग सुबह की पीक ऑवर्स में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा। मुरैना परियोजना पीक ऑवर्स और दिन के समय में समान स्तर की आपूर्ति (प्रत्येक इकाई से 220 मेगावाट) के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करती है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नियोजित भविष्य की परियोजनाओं का मार्ग प्रशस्त करता है जो दिन और रात के समय एक फ्लेट प्रोफाईल की बिजली की आपूर्ति करते हुए एक ऐसीपरियोजना की आधारशिला रखेगी जो पूरे 24 घंटों के लिए समान स्तर की बिजली की आपूर्ति करे। यह नवकरणीय ऊर्जा को पारंपरिक ऊर्जा के समान निश्चितता प्रदान करेगा और इसे तकनीकी और व्यावसायिक रूप से समतुल्य बना देगी।

## बैटरी भंडारित परियोजना कोयला आधारित बिजली की तुलना में अधिक किफायती

### यूनिट-एक के लिए सी गाल इंडिया लिमिटेड ने 2.70 रुपए प्रति यूनिट

यूनिट-2 के लिए एस्मी सोलर होल्डिंग लिमिटेड ने 2.764 रुपए प्रति यूनिट की दर पर यह निविदा हासिल की। इस ऑक्शन में प्राप्त टैरिफ से स्पष्ट है कि डिस्पेजेबल नवकरणीय ऊर्जा (बैटरी भंडारण के साथ सौर ऊर्जा के संयोजन से सक्षम) कोयला आधारित बिजली की तुलना में अधिक किफायती हो गई है। परियोजना का विकास रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड की ओर से किया जा रहा है, जिसने रीवा और आगर जैसी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक विकसित किया है।

### वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा-

ई-रिवर्स नीलामी 19 सितंबर को 25 वर्षों के लिए निर्धारित 2.70 रुपए प्रति यूनिट के ऐतिहासिक टैरिफ के साथ संपन्न हुई। नीलामी प्रक्रिया लगभग 12 घंटे चली। यह पूरे भारत में एफडीआर ई-निविदाओं के लिए एक मील का पत्थर है, परियोजना के ई-रिवर्स ऑक्शन में 16 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। यह क्षमता की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन था। ऑक्शन में अडानी रिन्यूएबल्स, एनटीपीसी रिन्यूएबल्स, रिन्यू सोलर, एसीएमई, एंजी एनर्जी, दिलीप बिल्डकॉन, एमबी पॉवर जैसी कंपनियां शामिल थीं।

### एनर्जी ट्रांजिशन में मील का पत्थर

मुरैना भारत की एनर्जी ट्रांजिशनमें एक नया मोड़ है। उम्मीद है कि इस तरह के उत्साहजनक परिणाम देश को कोयला आधारित बिजली की तुलना में नवकरणीय ऊर्जा सहित ऊर्जा भंडारण का चयन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, जिससे देश के स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को बल मिले। यह परियोजना न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश को ऊर्जा सुरक्षा, किफायती दरों और पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में सशक्त बनाएगी।

### परियोजना को निविदा से पहले निवेश के लिए तैयार किया गया

आरयूएमएसएल की ओर से परियोजना को निविदा से पहले निवेश के लिए तैयार किया गया। मप्र में तैयार की गई जोखिम मुक्त परियोजनाओं ने समय-समय पर साबित किया है कि बैंकेएबल अनुबंध, पूरी तरह से भूमि एकत्रीकरण, सक्रिय पारेषण योजना, वित्तपोषण और अनुबंध सहित साइट तैयार करना, पर्यावरण और सामाजिक जोखिमों को पर्याप्त रूप से कम करना, साथ ही एक पारदर्शी और विकासक अनुकूल निविदा प्रक्रिया के परिणामस्वरूप बेहतर मूल्य निर्धारण से उल्लेखनीय बचत होती है।

### चरणबद्ध जानकारी

*पहला चरण- वास्तविक समय पर सौर ऊर्जा (220 मेगावॉट तक)*

*दूसरा चरण- शाम के पीक ऑवर्स में 2 घंटे (बैटरी में संचित सौर ऊर्जा से)*

*तीसरा चरण- सुबह के पीक ऑवर्स में 2 घंटे (रात्रि में ग्रिड से चार्ज बैटरी से)*

*इस नवाचार से बैटरी का उपयोग दिन में दो बार संभव होगा, जिससे लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। कुल मिलाकर सुबह और शाम के पीक ऑवर्स में 440 मेगावॉट सप्लाई सुनिश्चित होगी।*

## खबर संक्षेप

### चोरों का धावा, सात घरों को बनाया निशाना

**भाटापार।** बीती रात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने तहसीलदार, पटवारी, राजस्व विभाग के बाबू और वाहन चालक समेत कुल सात घरों का ताला तोड़कर नगदी व जेवरात पर हाथ साफ किया। गौरतलब है कि जेडी कॉलोनी में शासन के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी निवासरत हैं। वर्तमान में यहां एडिशनल एसपी, एसडीओपी, एसडीएम, तहसीलदार व अन्य अधिकारी रहते हैं। इसके बावजूद कॉलोनी में इस तरह से चोरी की घटना होना पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस के दौरान करंट से 2 गंभीर

**सक्ति।** जिले के हसौद क्षेत्र में ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस का कार्य करने खंभे में चढ़े तीन कर्मचारी महासिंह 40 वर्ष, रामकुमार यादव 25 वर्ष मनीष 26 अचानक बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसे है जिसमें एक युवक की हालत गंभीर है वही 2 युवकों की तबीयत स्थिर बनी है। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है। दरअसल बिजली ऑफिस हसौद के पास की ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस का काम किया जाना था। जिसके लिए तीन युवक महासिंह,रामकुमार यादव, मनीष निवासी बेलगहना के रहने वाले है ठेका में काम करते है और खंभे में चढ़े थे,इस दौरान 11 केवी की तार से विद्युत प्रवाहित हो रहा था उसे बंद नहीं किया गया था।

## हाईस्कूल प्रोन्नत होगा हायर सेकंडरी स्कूल में और बनेगा खेल परिसर

# दूध उत्पादन में मप्र को बनाएंगे अग्रणी विकास के कामों के लिए धन की कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास की रफ्तार किसी भी हाल में थमेगी नहीं। सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में अभी मप्र तीसरे स्थान पर है। हम दूध उत्पादन में मप्र को देश में पहले स्थान पर लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ. आंबेडकर कामधेनु योजना के तहत पशुपालकों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके तहत 25 से अधिक गाय पालने वाले गोपालकों को 10 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अशोकनगर जिले के मुंगावली विधानसभा के ग्राम रसुल्ला में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में ग्राम रसुल्ला के समाजसेवी स्व. रघुवीर सिंह यादव की स्मृति में आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री ने पशुपालकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में गाय पालन करें और दूध, दही, मक्खन सहित अन्य दुग्ध उत्पादों के उत्पादन में बढ़ोत्तरी कर सरकार की अनुदान योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों एवं परम्पराओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### खास बातें

- मुख्यमंत्री अशोकनगर के रसुल्ला में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में हुए शामिल
- प्रस्तावित सिंचाई परियोजना का होगा सर्वे



### मुख्यमंत्री ने की अनेक घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम रसुल्ला के हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रोन्नत करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने खेल मैदान एवं खेल परिसर के निर्माण की भी घोषणा की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने ग्राम रसुल्ला से लगे गांवों में लगभग 100 हेक्टेयर की सिंचाई परियोजना का सर्वेक्षण करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की हर सिंचाई योजना पर सरकार गंभीरता से काम कर रही है और प्रदेश का कोना-कोना सिंचित होगा।

### राहवीर योजना बनेगी मददगार

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि राहवीर योजना के तहत अगर किसी का एक्सीडेंट हो जाता है और यदि कोई व्यक्ति उन्हें समय से अस्पताल पहुंचाकर जान बचाते हैं तो व्यक्ति को 25 हजार रुपए की राशि योजना के तहत उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना का उद्देश्य आम लोगों को बिना किसी डर के इमरजेंसी में सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए प्रेरित करना है।

### प्रतिमा का किया अनावरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम रूसल्ला में समाजसेवी स्व. रघुवीर सिंह यादव की छटवीं पुण्यतिथि पर प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न विभागों की ओर से सेवा पखवाडा अभियान अंतर्गत लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम जनप्रतिनिधि सहित बडी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### दशहरे पर शस्त्रपूजन पूरे प्रदेश के शस्त्रागारों में किया जाएगा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दशहरे पर शस्त्रपूजन पूरे प्रदेश के शस्त्रागारों में किया जाएगा। इसीतरह दीपावली में गोवर्धन पूजा भी की जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण के लीला स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान श्रीराम के चरणों के पड़ावों को राम वन गमन पथ के रूप में सजाया-संवारा जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश भर में गीता भवन बनाए जाएंगे तथा श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाएगा।*

### पूरे प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बेहतर हुई है

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचा रहे हैं। हर घर नल से जल योजना के तहत घर-घर जल पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों को पक्का मकान, उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेण्डर तथा निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग को साथ लेकर कार्य कर रही है। लाड़ली बहनों को प्रतिमाह राशि उपलब्ध कराकर उनका मान सम्मान बढ़ा रही है। पूरे प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीबों का इलाज मुफ्त कराया जा रहा है। साथ ही और अधिक गंभीर इलाज के लिए आवश्यकता होगी तो प्रदेश सरकार एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराएगी।*

## सह संगठन महामंत्री, अध्यक्ष ने किया संबोधित

# स्वदेशी सिर्फ आर्थिक नहीं, इसमें देशभक्ति और स्वयं का स्वाभिमान है : शिवप्रकाश

*भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प' अभियान को लेकर हुई कार्यशाला*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प' अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक सी. पी. जोशी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि स्वदेशी सिर्फ आर्थिक नहीं है, बल्कि इसमें देशभक्ति की भावना है और स्वयं का स्वाभिमान भी है। यह हमारी भाषा, रीति रिवाज, पहनावे, संस्कृति आदि सभी से संबंधित है। जो अपने देश में बना है, उसके प्रति स्वाभिमान ही स्वदेशी है। हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वदेशी के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है।

### स्वदेशी के मंत्र पर आगे बढ़ रहा भारत

*राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने मेड इन इंडिया और मेक इन इंडिया पर जोर दिया। ये दोनों ही नीतियां स्वदेशी को पोषित करने वाली हैं। बीते 11 वर्षों में उन्होंने स्वदेशी चिंतन के आधार पर व्यवस्थाएं खड़ी की। इसी का परिणाम है कि 2014 तक हमारा जो रक्षा निर्यात कुछ सौ करोड़ का था, वो 2025 में बढ़कर 24000 करोड़ हो गया। अब हमारे रक्षा उत्पाद 100 देशों में खरीदे जा रहे हैं। चंद्रयान और मिशन मंगल के बाद अब हम अनेक देशों को सैटेलाइट सिस्टम दे रहे हैं। अभी हाल ही में अमेरिका ने टैरिफ के जरिए भारत पर यह दबाव बनाने के कोशिश की कि हमारा कृषि क्षेत्र, फिशरीज और डेयरी उद्योग उसके लिये खोल दिये जाएं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि हम यह नहीं होने देंगे।*

### प्रधानमंत्री का संकल्प आत्मनिर्भर भारत और 'स्वदेशी': खंडेलवाल

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भारत और चीन साथ में आजाद हुए, लेकिन हम निर्यात में पिछड़ गए। इसकी वजह यह थी कि पूर्ववर्ती सरकारों ने निर्यात बढ़ाने के बारे में नहीं सोचा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हर क्षेत्र में निर्यात बढ़ाने और भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए प्रयास कर रही है। आत्मनिर्भर का मतलब है हम देश में बनी चीजें खरीदें और हमारा आयात कम तथा निर्यात ज्यादा हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि वही उत्पाद खरीदें, जिसमें भारत के श्रमिक का पसीना हो, जो भारत में बना हो।*

### सिंघार ने कई मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा

**भोपाल।** राजगढ़ के मंगल भवन में आयोजित किसान न्याय यात्रा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने किसानों, युवाओं और महिलाओं के मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना जन्मदिन मनाने धार आए थे। उन्होंने महिलाओं को सशक्त करने की बात तो की, लेकिन प्रदेश में लगातार बढ़ते महिला अपराधों और 3000 रुपये देने के वादे पर एक शब्द तक नहीं बोले।

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## हसदेव नदी के किनारे झाड़ी में फंसा मिला शव

# अचानक जलस्तर बढ़ने से हाथी का बच्चा नदी में बहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कटघोरा वन मंडल में घूम रहे हाथियों में से एक बच्चे का शव कोरबी के पास हसदेव नदी किनारे झाड़ी में फंसा हुआ मिला है। नदी को पार करते समय हाथी के बच्चे के बहने की संभावना जताई जा रही है। बच्चे की उम्र करीब एक सप्ताह है और शव को दो दिन पुराना माना जा रहा है। हसदेव नदी में जलस्तर काफी ज्यादा बढ़ गया है जिसके चलते हाथी का बच्चा बह जाने की आशंका जताई जा रही है। हाथियों का झुंड आसपास ही विचरण कर रहा है। जो कभी भी वापस आ सकता है। रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हसदेव नदी के बहाव के साथ बहकर शव के आने की संभावना है। उसकी मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। जांच में नदी पार करते समय पानी में बहने से होना माना जा रहा है। एक सप्ताह पहले ही सखोदा में हथिनी ने बच्चों को जन्म दिया था। इसके बाद 27 हाथियों का झुंड आगे बढ़ गया था। पसान रेंज के पनगंवा में 54 हाथी घूम रहे हैं। झुंड में बच्चे भी हैं। हाथी हसदेव नदी को पारकर दूसरे क्षेत्र जाते हैं, लेकिन हाथी के बच्चे का शव केंदई रेंज के ओड़ार बहरा के पास बरामद किया है। बताया जा रहा है कि नदी में बहकर शव यहां आया है। हाथी यहां लंबे समय तक रुकते हैं। इस वजह से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि काफी समय से हाथी का झुंड इस क्षेत्र में विचरण कर रहा है। ग्रामीणों के फसलों को भी बर्बाद कर रहा है, इसके अलावा लोगों में दहशत भी है। कई बार इस क्षेत्र में हाथियों द्वारा मकान को भी नुकसान पहुंचाया गया है।

# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

**कबड्डी के मैच के दौरान मौसम बदला, घायलों की हालत गंभीर**


जिले के केशकाल विधानसभा क्षेत्र के विश्रामपुरी थाना अंतर्गत ग्राम रावसवाही में शनिवार रात कबड्डी मैच के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां हाई वोल्टेज करंट की चपेट में 6 लोग आ गए। जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई है और तीन झुलस गए। दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रहा है। झुलसे लोगों का विश्रामपुरी अस्पताल में उपचार जारी है। विश्रामपुरी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक मृतक के भाई ने पूरी घटना के लिए आयोजन समिति को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, जिला पंचायत सदस्य राम चरण शोरी ने सरकार से तीनों मृतकों व दोनों घायलों को मुआवजा देने की मांग की है। बताया जा रहा है कि यह घटना शनिवार रात तकरीबन 9:30 बजे की है, जहां रात्रिकालीन कबड्डी मैच के दौरान वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हुए थे। तभी एकाएक मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी तूफान चलने लगा। चूंकि कार्यक्रम का टेंट 11 केवी बिजली सप्लाई के ठीक सामने लगा था। ऐसे में जब आंधी तूफान चली तो टेंट जाकर 11 केवी बिजली तार से जा टकराया।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स ने ताइवान में सेमीकंडक्टर पार्टनर के लिए टॉप2 प्राइवेट लिमिटेड (सिंगापुर) से समझौता किया

**हैदराबाद।** एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने सिंगापुर की टॉप2 प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू साइन किया है, जिसका उद्देश्य ताइवान में एक सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन पार्टनर को खोजकर अंतिम रूप देना है। यह साझेदारी मासिक 25,000–30,000 वेफर्स उत्पादन की योजना से जुड़ी है।इससे पहले कंपनी ने नियो सेमी एसजी प्राइवेट लिमिटेड (NSPL) में हिस्सेदारी लेने की योजना बनाई थी, जो AI, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग और IoT के लिए सेमीकंडक्टर समाधान विकसित कर रही है।यह कदम सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी और डिजिटल सर्विसेस जैसे भविष्य के क्षेत्रों में एमआईसी की मौजूदगी मजबूत करने की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है।MIC इलेक्ट्रॉनिक्स, जो LED डिस्प्ले और टेलीकॉम सॉफ्टवेयर में अग्रणी है, अब वैश्विक बाजार में अपने पैर मजबूत कर रही है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5996



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5995 का हल



## सूडोकू नवताल - 6006

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6005 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

# युद्ध क्षेत्र की नई चुनौतियों से निपटने के लिए ड्रोन युद्ध का प्रशिक्षण लेकर बीएसएफ के जवान बनेंगे 'योद्धा'

## ड्रोन योद्धा पाठ्यक्रमों में लगभग 45 कर्मियों के पहले बैच को प्रशिक्षित किया

*बीएसएफ ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्रोन युद्ध को अनिवार्य विषय के रूप में जोड़ा है। इसके तहत जवानों और सैन्य अधिकारियों को ड्रोन युद्ध से निपटने के तरीके सिखाए जाएंगे। साथ ही स्वदेशी उपकरण विकसित करने के लिए बीएसएफ ने नवाचार केंद्र की भी स्थापना की है।*

एजेंसी ▶▶ टेकनपुर

युद्ध क्षेत्र की नई चुनौतियों से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों को कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस बीच बीएसएफ ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्रोन युद्ध को अनिवार्य विषय के रूप में जोड़ा है। इसके तहत जवानों और सैन्य अधिकारियों को ड्रोन युद्ध से निपटने के तरीके सिखाए जाएंगे। साथ ही स्वदेशी उपकरण विकसित करने के लिए बीएसएफ ने नवाचार केंद्र की भी स्थापना की है। ग्वालियर के निकट टेकनपुर में 2.70 लाख कर्मियों वाले बीएसएफ अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी ने रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरजेआईटी) के साथ मिलकर ड्रोन प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला भी बनाई है। रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत अर्धसैनिक बल द्वारा संचालित एकमात्र उच्च शिक्षा संस्थान है।

सालाना लगभग 500 कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे, धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ेगी

ड्रोन कमांडो पाठ्यक्रम जवानों और कनिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए है



### आईआईटी और अनुसंधान संगठनों से समझौता


निदेशक शमशेर अधिकारी सिंह ने कहा कि बीएसएफ अपने विभिन्न शस्त्र एवं इंजीनियरिंग कार्यशालाओं, केंद्रों, आरजेआईटी और संबद्ध संस्थानों को एक मंच पर लाया है। सीमा बल में ड्रोन तकनीक के सामरिक उपयोग का रोडमैप तैयार करने के लिए विभिन्न आईआईटी और सरकारी अनुसंधान संगठनों के साथ समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा बीएसएफ अकादमी ने आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए अपने विशेषज्ञ अधिकारियों, उद्योगों, स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों की भागीदारी से एक पुलिस प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र भी बनाया है। यह केंद्र 48 चिन्हित समस्याओं पर काम करेगा। इसमें ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, निगरानी और स्मार्ट मोबिलिटी पर काम होगा।

### ड्रोन स्कूल में दिया गया कर्मियों को प्रशिक्षण

बीएसएफ के ड्रोन स्कूल ने अभी-अभी ड्रोन कमांडो और ड्रोन योद्धा पाठ्यक्रमों में लगभग 45 कर्मियों के पहले बैच को प्रशिक्षित किया है और वे सीमा पर वापस आ गए हैं। दूसरा बैच प्रशिक्षण ले रहा है। केंद्र के एक प्रशिक्षक ने बताया कि इसका उद्देश्य सालाना लगभग 500 कर्मियों को प्रशिक्षित करना है। धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्रोन कमांडो पाठ्यक्रम जवानों और कनिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए है। जबकि ड्रोन योद्धा कैप्सूल अधिकारियों के लिए है, जो शांति और युद्ध के दौरान ऐसे अभियानों की योजना बनाएंगे और उनकी निगरानी करेंगे। बीएसएफ जवानों को ड्रोन उड़ाने, ड्रोन रोधी अभियानों और प्रौद्योगिकी की सामरिक तैनाती के सिद्धांत और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नए स्कूल के लिए गैजेट, उपकरण और सिमुलेटर खरीदने के लिए लगभग 20 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप से मिलेंगे जेलेंस्की



**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का माहौल हमेशा से ही दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक हलचल का केंद्र रहा है। अगले हफ्ते जब दुनियाभर के नेता यहां जुटेंगे, तो सबकी नजरें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात पर टिकी होंगी। इस बैठक को सिर्फ दो नेताओं की औपचारिक बातचीत नहीं, बल्कि रूस और पश्चिमी देशों के बीच गहराते टकराव के भविष्य का संकेत माना जा रहा है। जेलेंस्की ने इस मुलाकात की घोषणा ऐसे वक्त पर की, जब रूस ने यूक्रेन पर अपने हमले तेज कर दिए हैं।

### पेरू में प्रदर्शनकारियों का पथराव, पुलिस ने दागे गोले



**लीमा।** बांग्लादेश और नेपाल के बाद पेरू हिंसा की आग में जल रहा है। पेरू की राजधानी लीमा में जेन जेड सड़कों पर उतरे हुए हैं और सरकार विरोधी प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी के दौरान प्रदर्शनकारियों का पुलिस से टकराव हुआ। प्रदर्शनकारियों को संसद की ओर कूच करने से रोक तो प्रदर्शनकारी पुलिस कर्मियों से भिड़ गए। दोनों पक्षों में झड़प और धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वालों पर पत्थर और लाठियां फेंकी, वहीं पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को कंट्रोल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

भारत-पाक संघर्ष का फिर किया जिक्र

## यूक्रेन युद्ध तो नहीं रुका लेकिन ट्रंप ने खुद के लिए मांगा नोबेल



ट्रंप ने दावा किया कि मैंने कुछ ही महीनों में दुनिया की 7 जंग रोकी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने लिए नोबेल शांति पुरस्कार की मांग की है। ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने इस साल जनवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला था। पदभार संभालने के बाद सिर्फ आठ महीनों में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सात संघर्ष रोके हैं। ये संघर्ष दुनिया में एक बड़ी तबाही का सबब बन रहे थे। ऐसे में उनको शांति के नोबेल प्राइज से नवाजा जाना चाहिए।

ट्रंप ने कहा कि रूस-यूक्रेन में लड़ाई ना रुकवा पाने के बावजूद वह इस सम्मान के हकदार हैं। अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टीट्यूट के एक कार्यक्रम में शनिवार शाम को ट्रंप ने दावा किया, मैंने हालिया महीनों में सात जंग रोकी हैं। इनमें भारत और पाकिस्तान की लड़ाई भी शामिल है, जो दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं। 10 मई को भारत-पाकिस्तान के सीजफायर के बाद ट्रंप करीब 40 बार इसका श्रेय ले चुके हैं।

भारत-पाक के बीच सीजफायर कराने का 40 बार दावा कर चुके ट्रंप

### हर एक सीजफायर के लिए नोबेल

*डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, टैरिफ और ट्रेड के जरिए हम सात अलग-अलग युद्धों को रोकने में कामयाब रहे हैं। हमने भारत-पाकिस्तान और थाईलैंड-कंबोडिया के बीच हो रही लड़ाई को रोककर दिखाया। अर्मीनिया और अजरबैजान कई दशकों से लड़ रहे थे। उनके बीच हमारी कोशिश से सुलह हुई। इनके अलावा कोसोवो-सर्बिया, इजरायल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया और रवांडा-कांगो के युद्ध हमने रुकवाए हैं।*

### ट्रंप नोबेल के लिए बेताब

डोनाल्ड ट्रंप अपने लिए नोबेल की मांग कर रहे हैं। ट्रंप ने कई मौकों पर ये कहा है कि उनको नोबेल का शांति पुरस्कार नहीं मिलना ज्यादती है क्योंकि वह इसके सबसे ज्यादा लायक हैं। वह प्राइज ना मिलने पर अपनी नाराजगी भी जता चुके हैं। जून में अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा था कि यह समझ से परे है कि उन्हें शांति का नोबेल प्राइज क्यों नहीं मिल रहा है। ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद कई मौकों पर अपने इंटरव्यू और रैलियों में नोबेल शांति पुरस्कार की बात की है।

एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क

# ट्रंप के नकारात्मक दृष्टिकोण का परिणाम 40 हजार ज्यादा अमेरिकन ने गंवाई नौकरी

**अमेरिका का कहना** सुरक्षा की दृष्टि से ये कदम उठाया

**पुराने वीजा धारकों** पर शुल्क लागू न होना राहत की बात



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क नए आवेदकों के लिए है और उन्हें इस शुल्क का एकमुश्त भुगतान करना होगा। वाइट हाउस ने अपने इस फैसले की वजह बताते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनियों ने ही बड़े पैमाने पर अमेरिका के लोगों की छंटनी कर दी और उनकी जगह विदेशी कर्मचारियों को दे दी। वाइट हाउस ने कहा कि एक कंपनी को 5189 एच-1बी वीजा मिल गए तो उसने 16000 अमेरिकियों की छंटनी कर दी।

एक अन्य कंपनी को 1698 एच-1बी वीजा मिले तो 2400 लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया। वाइट हाउस ने कहा कि एक अन्य कंपनी 2022 से 27000 अमेरिकियों की नौकरी छीन चुकी है। चौथी कंपनी ने 1000 लोगों को नौकरी से निकाला और उनकी जगह विदेशियों को भर्ती कर लिया। वाइट हाउस का कहना है कि अमेरिकियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। कंपनियां एच-1बी वीजा प्रोग्राम का दुरुपयोग कर रही थीं ऐसे में इस पर लगाम लगाना जरूरी है जिससे देश की सुरक्षा को खतरा ना पैदा हो। वहीं पुराने वीजा धारकों पर शुल्क लागू ना होना अमेरिका में काम कर रहे हज़ारों पेशेवरों के लिए बड़ी राहत की बात है जो इस नए नियम से प्रभावित होने को लेकर चिंतित हैं।

### वीजा शुल्क पर मस्क का बदला रुख, बोले तो जंग छेड़ दूंगा



*टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क का एच1बी वीजा को लेकर पुराना बयान और फिर बदला हुआ रुख सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मस्क खुद साउथ अफ्रीका से हैं और वीजा सिस्टम की वजह से अमेरिका में रह पाए, वे पहले एच1बी वीजा के बड़े समर्थकों में गिने जाते थे। उन्होंने कहा था कि उनकी कंपनियां टेस्ला और स्पेसएक्स में काम करने वाले कई क्रिटिकल लोग इसी वीजा से आए हैं। उन्होंने 28 दिसंबर को एक्स पर लिखा था, मैं अमेरिका में हूं और मेरी कंपनियों को बनाने वाले कई अहम लोग यहां हैं, सिर्फ एच1बी की वजह से हैं। अगर इसे रोका गया तो मैं इस मसले पर जंग छेड़ दूंगा। हालांकि, कुछ ही घंटों में उन्होंने कहा कि एच1बी सिस्टम टूटा हुआ है और इसमें बड़े बदलाव की जरूरत है। मस्क ने सुझाव दिया था कि वीजा रखने वालों की न्यूनतम सैलरी बढ़ाई जाए और कंपनियों के लिए इसे बनाए रखना और महंगा किया जाए, ताकि घरेलू कर्मचारियों को प्राथमिकता मिले।*

### पूर्व राजनयिक केपी फेबियन बोले इससे प्रतिभा प्रवाह बाधित होगा



अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को एक लाख डॉलर प्रतिवर्ष तक बढ़ाने के फैसले पर भारत में गहरी चिंता जताई जा रही है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फेबियन ने इसे काफी नकारात्मक करार दिया है। उनका कहना है कि फिलहाल यह शर्त सिर्फ नए आवेदनों पर लागू होगी, मौजूदा वीजा धारकों को इससे राहत दी गई है। फेबियन ने कहा कि नई शर्तों के तहत केवल वे लोग प्रभावित होंगे जो अक्टूबर 2026 से नया एच-1बी वीजा लेंगे। मौजूदा धारकों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोड़ा कि अमेरिकी तर्क यह है कि विदेशी कर्मचारियों को रखना, अमेरिकी नागरिकों की तुलना में सस्ता पड़ता है, लेकिन कुल मिलाकर यह दृष्टिकोण गलत है और इससे प्रतिभा प्रवाह बाधित होगा।

### अमेरिका में नया शुल्क नए आवेदनों पर लागू

इनमें बड़ी संख्या में भारतीय हैं। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का नया एच-1बी वीजा शुल्क केवल नये आवेदकों पर लागू होगा। ट्रंप प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि 21 सितंबर की प्रभावी घोषणातिथि से पहले जमा किया गया एच1 बी वीजा आवेदन इससे प्रभावित नहीं होगा। इसके अलावा वर्तमान में अमेरिका से बाहर रहने वाले वीजा धारकों को भी देश में दोबारा प्रवेश के लिए शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

*भद्रवाह के सेओज धार में छिपे दहशतगर्द*

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, हो रही फायरिंग



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह क्षेत्र स्थित सेओज धार में 19 सितंबर को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद से इलाके में सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। शुक्रवार को उधमपुर के ऊंचाई वाले एक सुदूर वन क्षेत्र में सेना और पुलिस ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। गोली लगने से एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। सैनिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां इलाज के दौरान शनिवार तड़के सैनिक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सैनिक शुक्रवार देर शाम उस समय घायल हो गया था।

रक्षा समझौते के बाद सामने आई रिपोर्ट

## सऊदी अरब की भीख से चल रहा पाकिस्तान का 'गुजारा'

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान का गुजारा सऊदी अरब से मिली भीख पर चल रहा है। पाकिस्तान को सऊदी अरब ने सिर्फ 4 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर सस्ता ऋण मुहैया कराता आ रहा है। इससे भिखारी पाकिस्तान की रोजी-रोटी चल पा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान को मिलने वाले सस्ते विदेशी ऋणों में सऊदी अरब उसका प्रमुख स्रोत बना हुआ है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, रियाद ने हाल के वर्षों में इस्लामाबाद को दिये दो अलग-अलग नकद ऋणों पर केवल 4 प्रतिशत ब्याज दर वसूली।



### पाकिस्तान का हमदर्द बन रहा है सउदी अरब

सऊदी अरब ने यह ऋण एक साल के लिए दिया था, लेकिन वह अब तक चुका नहीं पाया है। खबरों के अनुसार एक वर्ष के लिए दिए गए इस ऋण को पाकिस्तान द्वारा चुकाया जाना अभी बाकी है। सऊदी, बिना कोई अतिरिक्त ब्याज लगाए इन ऋणों को वार्षिक रूप से आगे बढ़ा रहा है। सऊदी अरब अब पाकिस्तान का चीन से भी बड़ा मददगार बन चुका है। खबर के मुताबिक, सऊदी अरब द्वारा पाकिस्तान को दिये गए ये ऋण चीन से मिलने वाले ऋण की तुलना में लगभग एक-तिहाई सस्ते हैं। साथ ही, विदेशी वाणिज्यिक उधार से आधी लागत पर हैं। खबर में सूत्रों के हवाले से बताया गया।

*हॉरर फिल्म ने जमाया कब्जा*

## बॉलीवुड की फिल्म ने 16 दिन में ही कमा लिए 3,140 करोड़



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की तमाम फिल्मों ने पिछले एक दो सालों में बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ का कलेक्शन किया है, मगर क्या आप जानते हैं कि इस वक्त हॉलीवुड की एक फिल्म कई फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ रही है। जितना फिल्मों का लाइफटाइम कलेक्शन नहीं होता, उससे कई ज्यादा ये फिल्म महज 16 दिनों में कमा चुकी है। हॉरर फिल्म द कंज्यूरिंग लास्ट रिटस की, जो पिछले कई दिनों से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। ये फिल्म 5 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज हुई थी और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर इसने 355 मिलियन डॉलर का बिजनेस कर लिया है, जो 3140 करोड़ है।

### तालिबान यूएस को नहीं देगा बगराम वायुसेना अड्डा!



**जलालाबाद।** तालिबान सरकार ने बगराम वायुसेना अड्डे पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को रविवार को खारिज कर दिया। चार साल पहले आनन-फानन में अमेरिका के अफगानिस्तान से निकलने के बाद सैन्य अड्डे पर तालिबान ने कब्जा कर लिया था। यद्यपि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि सैन्य अड्डा अमेरिका को सौंपने को लेकर अमेरिकी अधिकारियों की अफगानिस्तान के अधिकारियों से क्या बातचीत हुई है।

किसी की शादी कैंसिल, किसी की मां के निकले आंसू

## वीजा को लेकर ट्रंप के फैसले ने तोड़ा भारतीयों का दिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश में फंसे कई भारतीय एच-1बी होल्डर्स के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वीजा फीस 100,000 डॉलर करने का फैसला किसी बुरे सपने जैसा था। वीजा फीस की चौंकाने वाली घोषणा, जिसके बाद बड़ी टेक कंपनियों ने विदेश में अपने कर्मचारियों को एक दिन के भीतर वापस लौटने का निर्देश दिए।

ऐसे में उन्हें पारिवारिक कार्यक्रमों और लंबे समय से प्लान की गई यात्राओं को बीच में ही छोड़कर करीब के एयरपोर्ट पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाद में व्हाइट हाउस ने साफ किया कि कंपनियों को अमेरिका में फिर से दाखिल होने पर अपने एच-1बी वर्कर्स के लिए ज्यादा फीस देने की जरूरत नहीं होगी, जिससे कई लोगों को राहत मिली। लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था. कई अन्य एच-1बी वीजा होल्डर्स ने ट्रंप के शुक्रवार देर रात के ऐलान के बाद के घंटों को घबराहट और चिंता की भावना से भरा बताया।



ट्रंप के फैसले से अफरा-तफरी

### कंपनियों ने फौरन वापस बुलाया

#### आदेश में स्पष्टता की भारी कमी

एक व्यक्ति ने बताया, यह एक यात्रा प्रतिबंध है! अगर किसी व्यक्ति के पासपोर्ट पर वैध एच-1बी वीजा लगा हो, तब भी अगर वह यात्रा कर रहा हो या छुट्टियों पर हो, तो आप अमेरिका में तब तक एंट्री नहीं मिल सकती जब तक उसके पास 100,000 डॉलर के भुगतान का सबूत न हो। कोई नहीं जानता कि प्रोसेस क्या है, बारीकियां क्या हैं। पूरी तरह से अफरा-तफरी मची हुई है। एक अन्य ने कहा, जो लोग एयरपोर्ट पर बोर्डिंग लाइनों में खड़े हैं, जो लोग कल अपनी शादी के लिए निकल रहे हैं, ऐसी ही चीजें। वे इसलिए यात्रा कैंसिल कर रहे हैं क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अब क्या किया जाए।

#### ट्रंप प्रशासन पर फूटा गुस्सा

*एक व्यक्ति ने बताया, लोगों को यह नहीं पता कि वे वापस आ पाएंगे या नहीं, कंपनी के लिए 100,000 डॉलर पाने की प्रक्रिया क्या होगी. किसी को कुछ नहीं पता। और इस बारे में कोई स्पष्टता जल्द ही नहीं मिलने वाली। नए आवेदकों के लिए 100,000 डॉलर की फीस के साथ भारतीयों के लिए अमेरिकी सपना लगभग खत्म हो सकता है, जो एच-1बी वीजा धारकों में सबसे बड़ी तादाद में हैं। एक व्यक्ति ने कहा, यह एक अजीब समय है।*

अब बनाया सरकारी मेहमान एफ-35 की डील?

## रूस से खरीदा डिफेंस सिस्टम तो एर्दोगन से नाराज हुए थे ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि 25 सितंबर को वे तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन की व्हाइट हाउस में मेजबानी करेंगे। यह यात्रा खास मानी जा रही है क्योंकि 2019 के बाद यह एर्दोगन की पहली आधिकारिक द्विपक्षीय यात्रा होगी। हाल ही में दोनों नेताओं की मुलाकात संयुक्त राष्ट्र महासभा में न्यूयॉर्क में हुई थी और यह वॉशिंगटन वार्ता उसी का अगला कदम मानी जा रही है। अमेरिका और तुर्किए के बीच सबसे बड़ा विवाद एफ-35 फाइटर जेट प्रोग्राम को लेकर रहा है। 2019 में तुर्किए ने रूस से एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदा था, जिसके बाद अमेरिका ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर तुर्किए को एफ-35 प्रोग्राम से बाहर कर दिया। इसके बावजूद तुर्किए लगातार इस प्रोग्राम में वापसी की इच्छा जताता रहा है।



### एफ-35 लड़ाकू विमान पर ध्यान देने की ज्यादा जरूरत

विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार भी एफ-35 पर कोई बड़ी प्रगति नहीं होगी। रक्षा विशेषज्ञ प्रोफेसर जेम्स ए. रसेल का कहना है कि तुर्किए के लिए एफ-16 पर ध्यान देना ज्यादा व्यावहारिक विकल्प है क्योंकि एफ-35 अमेरिकी सैन्य इतिहास का सबसे महंगा और विवादित प्रोजेक्ट है। इस मुलाकात का एक अहम एजेंडा व्यापार भी होगा। एक समय था जब तुर्किए को अमेरिका का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सहयोगी माना जाता था, लेकिन अब माहौल बदल गया है। अमेरिका का प्रभाव मिडिल ईस्ट में कम हो रहा है, वहीं तुर्किए अब केवल पश्चिमी देशों पर निर्भर नहीं है बल्कि रूस और अन्य देशों के साथ भी मजबूत संबंध बना रहा है। एर्दोगन की रणनीति अमेरिका और रूस दोनों के साथ संतुलन साधने की है।

# फिर घुटनों पर आया पाकिस्तान... भारत की 6 विकेट से जीत, गिल-अभिषेक की तूफानी पारी



## एशिया कप में भारत की पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीतः 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में चेज किया; अभिषेक ने फिफ्टी लगाई

**दुबई।** एशिया कप 2025 के ऐतिहासिक मुकाबले में भारत के खिलाफ जब पाकिस्तान ने 5 विकेट के नुकसान पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया तो उसे लगा होगा कि उसकी टीम टक्कर दे सकती है, लेकिन यह तो सबसे बड़ी खुशफहमी ही साबित हुई। टीम इंडिया के दो बचपन के दोस्त शुभमन गिल (47) और अभिषेक शर्मा (74) ने जो यारी दिखाई तो दुबई स्टेडियम से हजारों मील दूर बैठे टीवी पर मैच देख रहे दर्शक भी उस हीट वेव को महसूस कर रहे थे। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 18.5 ओवरों में 6 विकेट से हराते हुए बता दिया कि उसकी क्रिकेट भारत से कई सालों पीछे है। भारत के लिए विनिंग शॉट तिलक वर्मा (19 गेंद, 2 चौके और 2 छक्के, नाबाद 30 रन) ने खेला। उन्होंने 19वें ओवर की 5वीं गेंद पर शाहीन अफरीदी को चौका जड़ा। एशिया कप 2025 के सुपर-4 की जंग में भी टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 6 विकेट से पटखनी दी. ग्रुप मुकाबले में भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल की थी। पाकिस्तान पाकिस्तान की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए भारत के सामने 172 रनों का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में उतरी भारतीय टीम ने 19वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत ने 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। तिलक वर्मा ने 19वें ओवर में शाहीन अफरीदी की बॉल पर छक्का, फिर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। वे 19 बॉल पर 30 रन बनाकर नाबाद लौटे। अभिषेक शर्मा ने 39 बॉल पर 74 रन बनाए। उनकी पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। अभिषेक ने शुभमन गिल (47 रन) के साथ 59 बॉल पर 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इस साझेदारी ने भारत के रन चेज को आसान कर दिया।



## खबर संक्षेप

### इंटर मियामी ने डीसी यूनाइटेड को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पहले हाफ में एक गोल करने में मदद की तथा दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में डीसी यूनाइटेड पर 3-2 से जीत दर्ज की। मेसी ने 66वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। इसके बाद उन्होंने 85वें मिनट में एक और गोल किया। इस तरह से इस सत्र में उनके कुल 22 गोल हो गए हैं, जो गोल्डन बूट अवॉर्ड की दौड़ में नैशविले एससी के सैम सुरिज से एक ज़्यादा है। इससे पहले मिडफ़ील्डर तादेओ अलेंदे ने 35वें मिनट में मेसी की मदद से इस सत्र का अपना आठवां गोल किया। डीसी यूनाइटेड ने 53वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली जब क्रिश्चियन बेंटेके ने ब्रैंडन सर्वानिया से मिले पास पर गोल किया। उसकी तरफ से जैकब मुर्रेल ने इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया।



### पाटिल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**जयपुर।** मुंबई के अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र पाटिल को यहां दिव्यांग क्रिकेट वार्षिक पुरस्कार समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि कर्नाटक के राजेश कन्नूर को प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान मिला। दिव्यांग क्रिकेटरों की उपलब्धियों को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिए स्थापित इन पुरस्कारों में देश भर के कई खिलाड़ियों को राजस्थान दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) के सहयोग से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के आयोजित समारोह में सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में विदर्भ के गुरुदास राउत को विशेष योगदान पुरस्कार, मुंबई के विक्रांत केनी को प्लेयर्स च्वाइस (लोकप्रिय खिलाड़ी) तथा कर्नाटक के शिवशंकर को आइकॉनिक प्लेयर पुरस्कार मिला। राजस्थान के सुरेंद्र खोरवाल को सर्वश्रेष्ठ शानदार खिलाड़ी, गुजरात के आदिल ननसोला को वर्ष का उभरता सितारा और उत्तर प्रदेश के अनवर अली को सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। हैदराबाद के चंद्रभान गिरि को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया। इस अवसर पर जम्मू कश्मीर को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय टीम घोषित किया गया। समारोह के दौरान यह घोषणा की गई कि जयपुर भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली दिव्यांग क्रिकेट श्रृंखला की मेजबानी करेगा।



### ला सेला ओपन : 47वें स्थान पर प्रणवी, हिताशी



**एलिकांटे (स्पेन)।** प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी 2025 ला सेला ओपन में संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर हैं। प्रवणी ने पार 72 जबकि हिताशी ने एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। प्रणवी ने 13वें से 18वें होल के बीच दो बर्डी और दो बोगी की। हिताशी ने चार बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। अन्य भारतीयों में दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत, रिद्धिमान दिलावरी और वाणी कपूर कट हासिल करने में नाकाम रहे।

## सूर्यवंशी ने केवल 22 गेंद पर 7 चौकों और 1 छक्के की मदद से खेली 38 रन की ताबड़तोड़ पारी

# अंडर-19 : सूर्यवंशी के आक्रामक तेवर से ऑस्ट्रेलिया धराशायी, भारत सात विकेट से जीता

**ब्रिसबेन।** युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी के आक्रामक तेवरों के बाद विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू और वेदांत त्रिवेदी के नाबाद अर्धशतकों से भारत अंडर-19 क्रिकेट टीम ने पहले युवा एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को सात विकेट से हरा दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सामने 9 विकेट पर 225 रन ही बना सकी। इसके बाद मेहमान टीम ने इयान हीली ओवल में 117 गेंदे शेष रहते तीन विकेट गंवाकर आसानी से 227 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें कुंडू और त्रिवेदी क्रमशः 87 और 61 रन बनाकर नाबाद रहे।

### वैभव का दबदबा

सभी की नजरें 14 वर्षीय सूर्यवंशी पर टिकी थीं, जिन्होंने केवल 22 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। सूर्यवंशी का दबदबा इतना था कि कप्तान आयुष म्हात्रे ने उनके साथ पहले विकेट की 50 रन की साझेदारी में केवल छह रन बनाए। सूर्यवंशी को तेज गेंदबाज हेडन शिलर (59 रन पर एक विकेट) ने आउट करके ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। दो गेंद बाद चार्ल्स लैचमुंड (46 रन पर दो विकेट) ने म्हात्रे (06)को आउट कर दिया।



### त्रिवेदी और कुंडू ने की 152 रन की अटूट साझेदारी

विहान मल्होत्रा भी नौ रन बनाने के बाद लैचमुंड का शिकार बने, जिससे 10वें ओवर में भारत का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया और ऑस्ट्रेलिया की घरेलू मैदान पर जीत की उम्मीद जगी। हालांकि त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और टीम को केवल 30.3 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कुंडू ने 74 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और आठ चौके लगाए जबकि त्रिवेदी ने 69 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके लगाए। लचमुंड ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

### भारतीय मूल के जेम्स ने 68 गेंदों में बनाए 77 रन

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 230 रन के भीतर रोक दिया, जो पहले बल्लेबाजी करते हुए घरेलू टीम की उम्मीद से काफी कम था। हालांकि अगर जॉन जेम्स आक्रामक पारी नहीं खेलते तो मेजबान टीम इतने रन भी नहीं बना पाती। जेम्स ने 68 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 रन पर चार विकेट और फिर 107 रन पर छह विकेट गंवा चुकी थी। हेनिल पटेल 38 रन पर तीन विकेट चटकाकर भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। कनिष्क चौहान (39 रन पर दो विकेट) और किशन कुमार (59 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि आरएस अंबरीश (50 रन पर एक विकेट) को एक विकेट मिला। टॉम होगन ने 81 गेंद में 41 रन की धीमी पारी खेली जबकि स्टीवन होगन ने 82 गेंद का सामना करने के बाद 39 रन ही बना सके, जिससे भारतीय गेंदबाजों की पकड़ का पता चलता है।

## पैरा बैडमिंटन

# भगत की शानदार वापसी कड़े मुकाबले में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमोद भगत, सुकांत कदम और कृष्णा नागर ने चीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद ने 18 महीने बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुषों के एकल एसएलडब्ल्यू3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान से कड़ी चुनौती का सामना करते हुए प्रमोद पहला गेम 15-21 से हार गए लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-19, 21-16 से जीतकर रोमांचक मुकाबले में पहला स्थान हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक में तीन बार डोपिंग जांच में विफल होने के कारण बाहर होने के बाद यह प्रमोद के लिए एक भावुक जीत थी, जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय सर्किट में वापसी करने में मदद की। पुरुषों के युगल में उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाई और इस जोड़ी ने हमवतन जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को रोमांचक फाइनल में 18-21, 22-20, 18-21 से हारकर रजत पदक जीता।

### सुकांत कदम ने जीता रजत पदक

दुनिया के नंबर एक पैरा खिलाड़ी सुकांत कदम ने पुरुषों के एकल एसएल4 वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया और कड़ी चुनौती का सामना करते हुए रजत पदक जीता। वह फाइनल में फ्रांस के लुकास माजूर से 9-21, 8-21 से हार गए। तोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा ने भी पुरुषों के एकल एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने थाईलैंड के नाथपांग मीचाई को कड़ी टक्कर दी लेकिन तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 22-20, 7-21, 17-21 से हारकर दूसरा स्थान हासिल किया।

## कोरिया ओपन

# स्वियातेक ने कैटरीना को हराकर जीता खिताब



**सोल।** शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त कैटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर कोरिया ओपन का खिताब जीत लिया।
स्वियातेक ने तीन घंटे तक चले इस रोमांचक मुकाबले में पांच बार सर्विस गंवाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक के लिए यह इस साल का तीसरा और कुल मिलाकर 25वां खिताब है। पोलैंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता था और जुलाई में अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए फाइनल में उनका रिकॉर्ड अब 25-5 हो गया है।

# बिली जीन किंग कप : फाइनल में अमेरिका, ब्रिटेन को हराया

**शेनझेन।** जेसिका पेगुला और एम्मा नवारो ने एक-एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने एकल मैच जीते, जिससे अमेरिका ने ब्रिटेन को 2-0 से हराकर बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अमेरिका का मुकाबला गत चैंपियन इटली से होगा। विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला ने केटी बौल्टर को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिका की फाइनल में जगह पक्की थी। इससे पहले नवारो ने सोने कार्तल को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। अमेरिका 18 बार यह टूर्नामेंट की जीत चुका है लेकिन 2017 के बाद से वह इसे जीतने में नाकाम रहा है। अमेरिका इससे पहले आखिरी बार 2018 में फाइनल में पहुंचा था।



# परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना चैंपियन टीम की पहचान : मूनी

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी का मानना है कि परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाना और धैर्य बनाए रखना किसी भी चैंपियन टीम की पहचान है और आगामी महिला विश्व कप में इन गुणों की एक बार फिर परीक्षा होगी। सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपनी इन दोनों ही खूबियों का बखूबी प्रदर्शन किया। उसने शनिवार को यहां तीसरे वनडे में 43 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।



मूनी ने कहा, 'मुझे लगता है कि विश्व कप जीतने के लिए आपको परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाने वाली और सबसे अधिक धैर्य रखने वाली टीम बनना होगा।' भारत ने विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पलटवार किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में जीत हासिल की। भारत की तरफ से स्मृति मंधाना ने 63 गेंदों पर 125 रन, हरमनप्रीत कौर ने 52 और दीप्ति शर्मा ने अंत में 72 रन बनाए।

# बीसीसीआई अध्यक्ष पद की दौड़ में मन्हास दाखिल किया अपना नामांकन

**मुंबई।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए बोर्ड मुख्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक के अपने लंबे घरेलू करियर में 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 91 टी20 मैच खेले। वह रोजर बिन्नी की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने की दौड़ में सबसे आगे हैं। बिन्नी का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया था। नई दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक के बाद 45 वर्षीय मन्हास का नाम सामने आया। इस बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड में कुछ अन्य प्रमुख पदों को अगले रविवार को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के दौरान भरा जाएगा।



बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया को बताया, 'अगले कार्यकाल के लिए एक नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है। मिथुन मन्हास पूर्व खिलाड़ी हैं और उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया है। अरुण धूमल आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष हैं और वह इस पद पर बने रहेंगे।

### सीएबी अध्यक्ष के रूप में गांगुली की वापसी तय



**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की सोमवार को यहां होने वाली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर वापसी तय है, लेकिन उनका दूसरा कार्यकाल अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हाल के महीनों में संघ वित्तीय अनियमितताओं और विश्वसनीयता संबंधी चिंताओं से जूझ रहा है। गांगुली के नेतृत्व वाले पूरे पैनल, बबलू कोलाय (सचिव), मदन मोहन घोष (संयुक्त सचिव), संजय दास (कोषाध्यक्ष) और अनुदत्ता (उपाध्यक्ष) का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष 53 वर्षीय गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का स्थान लेंगे, जिन्हें लोढ़ा समिति के निर्देशों के अनुसार कार्यकारी पदों पर छह साल की समय सीमा पूरी होने के बाद पद छोड़ना पड़ा था।

## फाइनल में कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हारे

# चीन मास्टर्सः खिताब से चूकी सात्विक-चिराग की जोड़ी

**शेनझेन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को एक बार फिर दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा जब वे रविवार को चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में किम वोन हो और सियो सेयुंग जेइ की कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार गए। एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी को फाइनल में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने की उम्मीद थी लेकिन पहले गेम में 14-7 की मजबूत बढ़त बनाने बावजूद उन्हें मुकाबले में 45 मिनट में सीधे गेम में 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### कोरियाई टीम की अच्छी शुरुआत

कोरियाई टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 3-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार दमदार स्मैश के साथ वापसी की और स्कोर 6-6 कर दिया। चिराग के नेट पर सटीक शॉट ने भारतीय जोड़ी को ब्रेक तक 11-7 की बढ़त दिला दी और जल्द ही उन्होंने इसे 14-8 कर दिया। हालांकि कुछ गलतियां हुईं। एक वीडियो चैलेंज के असफल होने से सात्विक और चिराग की लय टूटी और कोरियाई जोड़ी ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर स्कोर 15-15 से बराबर कर दिया।

### लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी भारतीय जोड़ी

सात्विक और चिराग की जोड़ी लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी। विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद पूरे हफ्ते भारतीय जोड़ी ने एक भी गेम नहीं गंवाया। लेकिन उन्हें मजबूत स्थिति में होने के बावजूद पहला गेम गवाने का मलाल जरूर रहेगा। किम और सियो अन्य जोड़ीदारों के साथ प्रयोग करने के बाद मौजूद सत्र में फिर से साथ आए हैं। यह जोड़ी 2025 के अपने नौवें फाइनल में खेल रही थी और पहले ही छह खिताब जीत चुकी थी, जिसमें पेरिस में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण और ऑल इंग्लैंड तथा इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी शामिल है। इस मुकाबले को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण और सर्वश्रेष्ठ डिफेंस के बीच की लड़ाई माना जा रहा था और किम तथा सियो ने बेहतर धैर्य और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।




## 25 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत, हर महीने इतने रुपये की होगी बचत

# मध्यप्रदेश में सस्ती होगी बिजली

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहतभरी खबर है। दरअसल, प्रदेश में बिजली सस्ती होगी। जिससे 25 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। बिजली का रेट कम होने से उपभोक्ताओं को हर महीने 66 रुपये की बचत होगी।

एमपी में नवरात्रि के पहले दिन यानी 22 सितंबर से बिजली सस्ती होगी। 22 पैसे प्रति यूनिट बिजली सस्ती होगी। जिनकी औसत मासिक खपत 300 यूनिट है, उनके बिजली बिल में 66 रुपए की बचत होगी। केंद्र सरकार के जीएसटी-2 फैसले से बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिली है। गौरतलब है कि कोयले पर पांच प्रतिशत जीएसटी और 400 रुपये प्रति टन कंपनसेशन लगता था। केंद्र सरकार ने कोयले पर जीएसटी 5 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत कर दिया है, लेकिन शेष को हटा दिया है। शेष हटाने से टैरिफ स्लैब को नहीं बदला जाएगा, लेकिन फ्यूल चार्ज में कमी होगी। जिससे बिजली सस्ती होगी।



## ट्रांस्को का प्रदेश का पहला प्लास्टिक फ्री डिविजन बना शहडोल

जबलपुर। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एमपी ट्रांसको) ने सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया मानक स्थापित किया है। शहडोल डिवीजन प्रदेश का पहला ऐसा डिवीजन बन गया है, जहां न केवल सभी सुरक्षा नियमों का कठोरता से पालन किया जा रहा है, बल्कि इसे 'प्लास्टिक फ्री' भी घोषित कर दिया गया है। यह सफलता कार्यपालन अभियंता चंद्रभान कुशवाहा के सतत प्रयासों और कठोर निगरानी के कारण संभव हो सकी है। उनके निर्देशन में शहडोल डिवीजन ने सुरक्षा और स्वच्छता को प्राथमिकता देकर प्रदेशभर के लिए एक मिसाल पेश की है। नियमों के अनुसार डिवीजन और सबस्टेशन यार्ड में प्रवेश करने वाले प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी के लिए हेलमेट तथा आवश्यक सुरक्षा उपकरण पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी तरह कार में बिना सीट बेल्ट लगाये परिसर में आने की अनुमति नहीं दी जाती,चाहे कितनी भी बड़ी आपातकालीन स्थिति क्यों न हो, बिना सुरक्षा उपकरण किसी को भी परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाता है। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शहडोल डिवीजन परिसर में पॉलिथीन और प्लास्टिक की बोतलों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। यदि कोई कर्मचारी या आगंतुक इन नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसे तुरंत परिसर से बाहर कर दिया जाता है और पुनः प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाती।

## सूने घरों को निशाना बना रहे चोर

**जबलपुर।** शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब घरों के ताले तोड़कर दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दे रहे हैं। माढ़ोताल थाना क्षेत्र के विद्यासागर विहार कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब उज्जैन महाकाल के दर्शन करने गए परिवार के घर में चोरी हो गई। लौटने पर परिवार ने देखा कि आलमारी का ताला टूटा पड़ा है और कीमती जेवर-नगदी गायब हैं। पीड़ित फुल्लू लाल राय ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह 14 सितम्बर की रात पत्नी के साथ उज्जैन महाकाल दर्शन करने गए थे। घर का गेट बंद कर ताला लगाकर वे रवाना हुए थे। गेट की चाबी उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से पड़ोसी गुप्ता जी को दी थी ताकि जरूरत पड़ने पर घर की लाइट जलाई जा सके। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे गुप्ता जी ने फोन कर सूचना दी कि गेट का ताला टूटा पड़ा है और अंदर का दरवाजा भी खुला हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर जब फुल्लू लाल राय घर लौटे तो देखा कि आलमारी का ताला टूटा हुआ था। चोर उसमें रखी सोने की पंचाली, दो कान के टाप्स, एक अंगूठी, चांदी की दो जोड़ी पायल, 12 चूड़ियां, 15 सिक्के और करीब 5 हजार रुपये नगदी ले गए थे। माढ़ोताल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। आशंका जताई जा रही है कि चोर पहले से इलाके की रेकी कर चुके थे और घर खाली मिलने पर वारदात को अंजाम दिया।

## मायके पक्ष का आरोप आत्महत्या नहीं हत्या की गई

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

हरिभूमि, जबलपुर।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चरगवां में शनिवार को 24 वर्षीय नवविवाहिता सुधा सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने परिजनों को फोन कर बताया कि सुधा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, लेकिन मायके पक्ष ने इसे दहेज प्रताड़ना और हत्या का मामला बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। मृतका के बड़े पापा रोहन सिंह, निवासी पाटन ने बताया कि फरवरी 2025 में सुधा की शादी सामाजिक रीति-रिवाज से ग्राम चरगवां निवासी बीरेंद्र लोधी के साथ की गई थी। रक्षा बंधन पर सुधा मायके आई थी और करीब चार दिन पहले ही वह ससुराल लौटी थी। शनिवार दोपहर ससुराल पक्ष ने मायके वालों को फोन पर जानकारी दी कि सुधा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे। शव को देखकर उन्होंने गंभीर आरोप लगाए। परिजनों के अनुसार, सुधा के हाथ-पैर और गले पर चोटों के स्पष्ट निशान दिखाई दे रहे थे। उनका कहना है कि बेटी के साथ मारपीट की गई और मौत आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या की ओर इशारा कर रही है।

### दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप

पाटन अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान बाहर बैठे मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि सुधा को शादी के बाद से ही ससुराल वाले रुपये और अन्य सामान की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ति कर रहे थे। सुधा ने कई बार मायके में अपनी पीड़ा जाहिर की थी। मायकेवालों का संदेह है कि या तो सुधा ने प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाई, या फिर ससुरालवालों ने उसकी हत्या कर शव को फंदे में लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। अस्पताल परिसर में हंगामे की स्थिति बनने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के प्रारंभिक बयान दर्ज किए। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पाटन भेजा गया है। मायके पक्ष ने साफ कहा है कि जब तक ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की जाती, तब तक वे बेटी का शव अंतिम संस्कार के लिए नहीं ले जाएंगे।

## दो सूने घरों का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर।** रांझी और विजय नगर थाना क्षेत्र में सूने मकानों के ताले तोड़कर अज्ञात चोर साने चांदी के जेवर और अन्य घरेलू साम्रगी चोरी कर ले गये। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

घटना के संबंध में रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानेगांव निवासी महिला जेनिफर स्वरूप विगत दिवस घर में ताला लगाकर अपनी सास के यहां रांझी गई थी, इस दौरान उसके सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर एवं बर्तन, इंडेन कम्पनी का गैस सिलेंडर चोरी कर ले गये। इसी तरह विजन नगर थाना अंतर्गत शैल्बी हास्पिटल के सामने एक टाइल्स व्यापारी रवि चौधरी के निर्माणाधीन भवन से अज्ञात चोर इलेक्ट्रिक वायरिंग चोरी कर ले गये. जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240